पारा आपडेट

मैक्सिमम 32.00 | मिनीमम 17.00

सूर्यास्त (आज) 17.52

सूर्योदय (कल) 06.11

बोकारो से प्रकाशित

सेंसेक्स 73,198.10 ● निफ्टी 22,124.70 ● डॉलर 87.47 ₹ ● सोना 85,260 ₹ ● चांदी 1,05,000 ₹



पेज 06 हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय...

पेज 08 मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सक्षमता...



हिन्दी दैनिक

# झारखंड दर्शन

हर खबर पर नजर

फाल्गुन शुक्ल पक्ष तृतीया संवत 2082



पेज 12





RNI No. : JHAHIN/2018/76658 | बोकारो, रविवार 02 मार्च 2025 ● पृष्ठ : 12 मूल्य : 3/- रुपया ● वर्ष : 07 अंक : 238 | Email : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com


## उत्तराखंड के माणा क्षेत्र में हिमस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 46 श्रमिकों का हुआ सुरक्षित रेस्क्यू

# 50 श्रमिकों को निकाला गया, चार श्रमिकों की मौत, पांच की तलाश जारी

एजेंसी

**देहरादून।** उत्तराखंड के चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में रेस्क्यू अभियान अभी भी जारी है। सेना के आधिकारिक बयान में कहा गया है कि इस हिमस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 को निकाला गया है, जिसमें चार की मौत हो गयी, जबकि पांच श्रमिकों की तलाश अभी जारी है।

चमोली जिले के माणा क्षेत्र में हाई-वे चौड़ीकरण के दौरान 55 श्रमिक शुक्रवार को हिस्खलन की चपेट में आ गए थे। हादसे के बाद से ही रेस्क्यू अभियान जारी है और शनिवार सुबह हिस्खलन में फंसे 55 श्रमिकों में से 50 का रेस्क्यू किया गया। इसमें से चार श्रमिकों ने दम तोड़ दिया। सेना ने चार श्रमिकों की मौत की पुष्टि की है।

मध्य कमान के जीओसी-इन-सी लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेन गुप्ता और जीओसी उत्तर भारत क्षेत्र लेफ्टिनेंट जनरल डीजी मिश्रा हिमस्खलन क्षेत्र में चल रहे खोज और बचाव कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सभी टीमों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।



लेफ्टिनेंट जनरल गुप्ता ने बताया कि शेष पांच श्रमिकों की खोज के लिए विशेष रेको राडार, यूएवी, क्वाडकॉप्टर, हिमस्खलन बचाव कुत्ते आदि को तैनात किया गया है। इसके अलावा हेलिकॉप्टर से भी लगातार सर्च किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि अत्यधिक बर्फबारी से सड़कें अवरुद्ध होने से छह हेलिकॉप्टर तैनात किए गए हैं। हेलिकॉप्टरों में भारतीय सेना के तीन चीता हेलीकॉप्टर, भारतीय वायु सेना के दो चीता हेलीकॉप्टर और एक सिविल हेलीकॉप्टर शामिल हैं। बचाव कार्यों में तेजी लाने के लिए सेना और अन्य एजेंसियां लगातार प्रयासरत हैं।

### घायल मजदूरों से धामी ने की मुलाकात, जाना हालचाल

### मुख्यमंत्री ने किया माणा पास स्थित घटना स्थल का हवाई निरीक्षण, हरसंभव मदद के दिए निर्देश



गोपेश्वर। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी शनिवार को चमोली जिले के ज्योर्तिमठ पहुंचे। जहां उन्होंने बदरीनाथ धाम के माणा क्षेत्र में हुए हिमस्खलन में घायल हुए मजदूरों से सेना के अस्पताल में मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इन घायल मजदूरों को रेस्क्यू करने के बाद ज्योतिर्मठ स्थित अस्पताल लाया गया था। इसके बाद मुख्यमंत्री ने घटना स्थल का हवाई निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि जो लोग रेस्क्यू किए गए हैं उनको ज्योतिर्मठ लाया जा रहा है। सभी का उपचार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने घायलों को हरसंभव सहायता देने की बात कही है। मुख्यमंत्री ने आर्मी हास्पिटल में उपचारधीन मजदूरों से मुलाकात कर हालचाल जाना। उन्होंने जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि खोज बचाव कार्य में किसी प्रकार आवश्यक संसाधनों की कमी न रहे जो भी आवश्यकताएं हैं उनको समय से चिन्हित किया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### मुंबई में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई में चिंचपोकली इलाके में स्थित एक घर पर पुलिस ने छापा मारकर यहां अवैध रूप से रहने बांग्लादेश के पांच नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनमें चार पुरुष और एक महिला हैं। इस मामले की छानबीन काला चौकी पुलिस कर रही है। पुलिस अधिकारी ने शनिवार को मीडिया को बताया कि पुलिस को चिंचपोकली इलाके में स्थित एक घर में बांग्लादेश के नागरिकों के अवैध रूप से रहने गोपनीय जानकारी मिली थी। इसी आधार पर शुक्रवार को देर रात उस घर में छापा मारा गया।पुलिस ने यहां से बांग्लादेश के पांच नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में गिरफ्तार महिला का नाम आशूरा खातून है और वह चार अन्य बांग्लादेशी नागरिकों के साथ रह रही थी। पुलिस को पूछताछ के दौर इन लोगों के पास भारत में रहने का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला था। प्रशासन ने इन पांचों लोगों को वापस बांग्लादेश भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।

### आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ को राजस्व विभाग का अतिरिक्त प्रभार

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शनिवार को आर्थिक मामलों के विभाग (डीईए) के सचिव अजय सेठ को राजस्व विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा है। यह कदम तुहिन कांत पांडे को सेबी का नया प्रमुख नियुक्त किए जाने के बाद उठाया गया है। सरकारी आदेश में कहा गया है कि सक्षम प्राधिकारी ने 1987 बैच के ओडिशा कैडर के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) के अधिकारी तुहिन कांत पांडे द्वारा पद का प्रभार छोड़ने पर डीईए के सचिव अजय सेठ को राजस्व विभाग के सचिव का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### मकोका मामले में नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच की अवधि बढ़ी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने आम आदमी पार्टी (आआपा) के नेता नरेश बाल्यान से जुड़े मकोका मामले की जांच की अवधि 60 दिनों के लिए बढ़ा दी है। स्पेशल जज कावेरी बावेजा ने ये आदेश दिया है। आआपा नेता नरेश बाल्यान के खिलाफ जांच अवधि 3 मार्च को खत्म हो रही थी। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में जांच की अवधि 90 दिन बढ़ाने की मांग की थी। कोर्ट ने 24 फरवरी को इस मामले के एक आरोपित रितिक पीटर के खिलाफ दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान ले लिया था। सुनवाई के दौरान दिल्ली पुलिस ने कहा था कि मकोका मामले में नरेश बाल्यान से जुड़े मामले में जांच अभी चल रही है, उसको जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

### डा. मयंक शर्मा ने संभाला रक्षा लेखा महानियंत्रक का कार्यभार

**नई दिल्ली।** डॉ. मयंक शर्मा ने शनिवार को रक्षा लेखा महानियंत्रक (सीजीडीए) का पदभार संभाला। वे भारतीय रक्षा लेखा सेवा (आईडीएएस) के 1989 बैच के अधिकारी हैं और सरकार में उनका तीन दशकों से अधिक का विशिष्ट करियर रहा है। डॉ. शर्मा ने रक्षा लेखा विभाग सहित भारत सरकार के भीतर विभिन्न पदों पर कार्य किया है। उन्होंने कैबिनेट सचिवालय में भी प्रमुख पदों पर कार्य किया है और संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ड्रग्स एंड क्राइम, संयुक्त राष्ट्र आयोग अपराध रोकथाम और आपराधिक न्याय और संयुक्त राष्ट्र आयोग अंतरराष्ट्रीय व्यापार कानून में वैकल्पिक स्थायी प्रतिनिधि के रूप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है।

## प्रधानमंत्री ने 'कृषि और ग्रामीण समृद्धि' पर बजट उपरांत वेबिनार को किया संबोधित

# हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हो : पीएम

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कृषि एवं ग्रामीण समृद्धि पर बजट पश्चात वेबिनार को संबोधित करते हुए कहा कि इस वर्ष के केन्द्रीय बजट का उद्देश्य कृषि क्षेत्र को अधिक लचीला और समृद्ध बनाना है। उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए तेजी से काम करने की जरूरत है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि इस वर्ष का बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट में हमारी नीतियों में निरंतरता और विकसित भारत के विजन में नया विस्तार भी दिखा है। बजट से पहले सभी हितधारकों द्वारा दिए गए इनपुट और सुझाव बजट तैयार करते समय बहुत उपयोगी रहे। अब इस बजट को और अधिक प्रभावी तरीके से लागू करने में इसके परिणाम जल्द से जल्द प्राप्त करने में और सभी नीतियों को प्रभावी बनाने में आपकी भूमिका और बढ़ गई है। हम सब मिलकर एक ऐसा भारत बनाने में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध हों।



उन्होंने बजट में पीएम धन धान्य योजना की घोषणा का उल्लेख करते हुए कहा कि हमने बजट में पीएम धन धान्य कृषि योजना का ऐलान किया है। इसके तहत देश के 100 सबसे कम कृषि उत्पादकता वाले जिलों के विकास पर फोकस किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आज लोगों में पोषण को लेकर काफी जागरूकता बढ़ी है। इसलिए बागवानी, डेयरी और फिशरी प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को देखते हुए इन क्षेत्रों में काफी निवेश किया गया है। फल और सब्जियों का उत्पादन बढ़ाने के लिए अनेक कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं। बिहार में मखाना बोर्ड के गठन की घोषणा भी की गई है।

### ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाना हमारी प्रतिबद्धता

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ग्रामीण अर्थव्यवस्था को समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। पीएम आवास योजना-ग्रामीण के तहत करोड़ों गरीबों को घर दिया जा रहा है, स्वामित्व योजना से संपत्ति मालिकों को 'अधिकारों का अभिलेख' मिला है। हमने सेल्फ हेल्प ग्रुप की आर्थिक ताकत बढ़ाई है। हमने 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य रखा है। हमारे प्रयासों से सवा करोड़ से ज्यादा बहनें लखपति दीदी बन चुकी हैं।

### हम कृषि को विकास का प्राथमिक इंजन मानते हैं

उन्होंने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे भारत के संकल्प बहुत स्पष्ट हैं। हम सभी मिलकर एक ऐसे भारत के निर्माण में जुटे हैं, जहां किसान समृद्ध और सशक्त हो। हमारा प्रयास है कि कोई किसान पीछे न छूटे। हम कृषि को विकास का प्राथमिक इंजन मानते हैं। हम दो प्रमुख लक्ष्यों की ओर काम कर रहे हैं, पहला, कृषि क्षेत्र का विकास और दूसरा गांवों की समृद्धि। पीएम-किसान सम्मान निधि 6 साल पहले शुरू की गई थी और लगभग 3.75 लाख करोड़ रुपये सीधे 11 करोड़ किसानों के बैंक खातों में स्थानांतरित किए गए हैं।

### हमने किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया

प्रधानमंत्री ने कहा कि हमने एक किसान केंद्रित डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया है, ताकि देशभर के किसानों तक इस योजना का लाभ पहुंच सके। आज भारत का कृषि उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर है। 10-11 साल पहले जो कृषि उत्पादन 265 मिलियन टन के करीब था, वो अब बढ़कर 330 मिलियन टन से ज्यादा हो गया है। ये हमारी सरकार के बीज से बाजार तक की अप्रोच का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमने 2019 में पीएम मत्स्य संपदा योजना शुरू की, जिससे उत्पादन, उत्पादकता और कटाई के बाद के प्रबंधन में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। इस क्षेत्र में निवेश बढ़ा है और आज मछली उत्पादन और निर्यात दोगुना हो गया है।

## गृहमंत्री ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की

# 8 मार्च से सभी सड़कों पर निर्विघ्न आवाजाही सुनिश्चित की जाए : शाह




एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज नई दिल्ली में मणिपुर की सुरक्षा स्थिति पर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में गृह मंत्री ने निर्देश दिया कि 8 मार्च से मणिपुर में सभी सड़कों पर जनता की स्वतंत्र आवाजाही सुनिश्चित की जाए और बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

गृह मंत्रालय के अनुसार नॉर्थ ब्लॉक में आयोजित बैठक में मणिपुर के राज्यपाल अजय कुमार भल्ला, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन, आसूचना ब्यूरो के निदेशक तपन कुमार डेका, सेना के उप प्रमुख, पूर्वी कमान के सेना कमांडर, सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ), केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) और असम राइफल्स के महानिदेशक, मणिपुर के सुरक्षा सलाहकार और गृह मंत्रालय (एमएचए), सेना और मणिपुर प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए।

बैठक के दौरान केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार मणिपुर में स्थायी शांति बहाल करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है तथा इस संबंध में सभी आवश्यक सहायता प्रदान कर रही है।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने निर्देश दिया कि 8 मार्च, 2025 से मणिपुर में सभी सड़कों पर लोगों के लिए निर्विघ्न आवाजाही सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि बाधा उत्पन्न करने का प्रयास करने वाले किसी भी व्यक्ति के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए।

# छत्तीसगढ़ के सुकमा में मुठभेड़, दो नक्सली ढेर

एजेंसी

**सुकमा।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार सुबह सुरक्षाबलों की नक्सलियों के साथ मुठभेड़ हुई। अभी दोनों ओर से रुक-रुककर फायरिंग हो रही है। इस मुठभेड़ में अब तक दो नक्सलियों के मारे जाने की खबर है, जिसकी अभी अधिकारी पुष्टि नहीं हुई है।

नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के किस्टाराम थाना क्षेत्र में बड़ी संख्या में नक्सलियों की मौजूदगी की सूचना के बाद डीआरजी और कोबरा बटालियन की एक संयुक्त टीम को मौके पर रवाना किया गया था। मौके पर पहुंचते ही पहले से घात लगाए बैठे नक्सलियों ने जवानों पर गोलियां चलाना शुरू कर दिया। हमला होते देख जवानों ने भी मोर्चा संभाल लिया है। बताया जा रहा है कि जवानों और नक्सलियों के बीच अभी भी मुठभेड़ जारी है। दोनों ओर से रुक रुककर फायरिंग हो रही है। इसके साथ ही जवान आसपास के इलाके में सर्च ऑपरेशन भी चला रहे हैं।

# विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है : मुख्यमंत्री

संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि विधानसभा भवन लोकतंत्र का सबसे बड़ा मंदिर है। यहां किसी धर्म, जाति या व्यक्ति के साथ भेदभाव नहीं होता है। इस सदन में भले हम पक्ष या विपक्ष के लोग व्यक्तिगत रूप से अलग-अलग विचार रखते हो, लेकिन इस लोकतांत्रिक व्यवस्था से एक ऐसी मार्ग प्रशस्त होती है, जहां सभी को सदन में स्वागत के भाव से आमंत्रित किया जाता है।

सोरेन शनिवार को झारखंड विधानसभा सभागार में विधायकों के लिए आयोजित प्रबोधन-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि सभी विधायक जनहित से जुड़े मुद्दों को सदन के समक्ष रखते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र के इस मंदिर की गरिमा और भव्यता किसी धर्म से अछूता नहीं है। यहां सभी धर्म समुदाय के हक अधिकार की आवाज गूंजती है।



मुख्यमंत्री ने कहा कि सीखने की कोई उम्र नहीं होती, जो भी इस सदन में आते हैं वे सीखते भी हैं, जन आकांक्षाओं को पटल पर रखते भी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हमारी सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रही है। सदन की कार्यवाही में सभी विधानसभा सदस्यों को साथ लेकर चलते हुए इस राज्य को समृद्ध तथा विकसित बनाने के संकल्प के साथ आगे बढ़ने की जरूरत है। सभी सदस्य राज्य के विकास के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन करेंगे ऐसा मुझे पूरा विश्वास है।

इस कार्यक्रम में उपसभापति, राज्यसभा हरिवंश, विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो, संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित मंत्रीगण, विधायकगण, झारखंड विधानसभा के प्रभारी सचिव मानिक लाल हेंब्रम, पी. आर. एस चक्षु राय समेत कई गणमान्य मौजूद रहे।

## अहमदाबाद › अश्विनी वैष्णव ने कालूपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की

# हेरिटेज शहर की पहचान वाला स्टेशन बनेगा कालूपुर : रेल मंत्री

एजेंसी

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद का कालूपुर रेलवे स्टेशन एक हेरिटेज लुक वाला रेलवे स्टेशन बनेगा जो शहर की पहचान को दर्शाता है। यह राज्य का सबसे बड़ा और विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनने जा रहा है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को अहमदाबाद में कालूपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्यों की समीक्षा की।

केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कालूपुर रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास के बारे में कहा कि इसे पूरा होने की समय सीमा चार वर्ष है लेकिन इसे मात्र साढ़े तीन वर्ष में पूरा करने के लिए तेजी से काम किया जा रहा है। गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा इसलिए काम में तेजी के साथ गुणवत्ता पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।



विश्वस्तरीय रेलवे स्टेशन बनाने के लिए आधुनिक एवं संरचनात्मक डिजाइन प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। रेलवे स्टेशन के बेसमेंट का काम चल रहा है, जिसमें एक के बाद एक मंजिलें बनाई जा रही हैं। रेलवे स्टेशन को जहां शहर की पहचान बनाना है, वहीं सड़कों को भी एलिवेटेड कॉरिडोर की तरह बनाया जाना है। जब कालूपुर रेलवे स्टेशन का निर्माण पूरा हो जाएगा तो एलिवेटेड रोड के कारण लोगों को बेहतर सड़कों तक दोगुनी पहुंच प्राप्त होगी।

उन्होंने बताया कि कालूपुर रेलवे स्टेशन में ही बुलेट ट्रेन को शामिल किया गया है, जिससे लोगों को आने-जाने में काफी आसानी होगी। इस रेलवे स्टेशन पर ट्रेनों के साथ-साथ मेट्रो ट्रेनें और अन्य परिवहन सेवाएं भी उपलब्ध होंगी, जिससे यात्री शहर में किसी भी स्थान पर जाना चाहे तो परिवहन के माध्यम से आसानी से पहुंच सकेंगे।

### रेलवे स्टेशन के वास्तुशिल्प डिजाइन में बदलाव किया गया



उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि जो रेलवे स्टेशन बनाया जाए, वह उस स्थान की पहचान वाला होना चाहिए, इसलिए अहमदाबाद के रेलवे स्टेशन में ऐसा डिजाइन तैयार किया गया है, जो गुजरात की संस्कृति की पहचान को दर्शाता है। गृह मंत्री अमित शाह द्वारा भी इसकी समीक्षा की गई। गहन विचार-विमर्श के बाद रेलवे स्टेशन के वास्तुशिल्प डिजाइन में बदलाव किया गया है। रेलवे स्टेशन के गेट को तोरण जैसा और हेरिटेज लुक देने के लिए डिजाइन किया गया है। कालूपुर रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म डिजाइन में भी कुछ बदलाव किए गए हैं। रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की समय-सीमा के बारे में उन्होंने कहा कि कई परियोजनाओं में सात से आठ साल लगते हैं, लेकिन कालूपुर रेलवे स्टेशन महज चार साल में बनकर तैयार हो जाएगा। इसे लेकर बहुत तेजी से काम चल रहा है। बुलेट ट्रेन को लेकर उन्होंने कहा कि बुलेट ट्रेन का 360 किलोमीटर का काम लगभग पूरा हो चुका है।

## गंगा जल बंटवारा संधि का मामला

# बांग्लादेश-भारत के अधिकारी कोलकाता में इस हफ्ते करेंगे नवीनीकरण पर बैठक

एजेंसी

**ढाका।** बांग्लादेश और भारत के अधिकारी इस हफ्ते कोलकाता में गंगा जल बंटवारा संधि जारी रखने के मसले पर चर्चा करेंगे। यह दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञों की संयुक्त समिति की 86वीं बैठक होगी। गंगा जल के बंटवारे पर 30 साल पुरानी संधि के नवीनीकरण के संबंध में यह टीम फरक्का का दौरा करेगी।

द डेली स्टार समाचार पत्र के अनुसार, संयुक्त नदी आयोग के सदस्य मोहम्मद अबुल हुसैन के नेतृत्व में 11 सदस्यीय बांग्लादेशी प्रतिनिधिमंडल तीन मार्च को कोलकाता पहुंचेगा। दोनों देशों के तकनीकी विशेषज्ञ पांच मार्च की सुबह फरक्का पहुचेंगे। वरिष्ठ संयुक्त आयुक्त आरआर सांभारिया के अनुसार, प्रतिनिधिमंडल 6-7 मार्च को हयात रीजेंसी होटल कोलकाता में भारत-बांग्लादेश संयुक्त नदी आयोग के तत्वावधान में दो दिवसीय बैठक में हिस्सा लेगा। अबुल हुसैन ने कहा कि वे सीमा पार नदी पर चर्चा करने के लिए साल में एक बार बैठते हैं। गंगा भारत और बांग्लादेश द्वारा साझा की जाने वाली 54 नदियों में से सबसे प्रमुख है। इसके जल-बंटवारे पर लंबे समय से चले आ रहे मतभेदों को खत्म करने के लिए दिसंबर 1996 में तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री एचडी देवगौड़ा और बांग्लादेशी समकक्ष शेख हसीना ने गंगा जल संधि पर हस्ताक्षर किए थे।

## संक्षिप्त खबरें

### झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनावः राहुल मुर्मू बने अध्यक्ष, संजीव कुमार महामंत्री



**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन के चुनाव के नतीजे शुक्रवार देर रात घोषित कर दिए गए। 28 फरवरी को हुए मतदान में कुल 1056 मतदाताओं में से 996 ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। गिनती के बाद घोषित परिणामों में राहुल कुमार मुर्मू को अध्यक्ष, रोहित रजक और महताब आलम को उपाध्यक्ष, संजीव कुमार को महामंत्री, राकेश कुमार पांडे और संतोष महतो को संयुक्त सचिव तथा मंटू कुमार को संगठन सचिव चुना गया।इस बार एसोसिएशन के सात पदों के लिए कुल 17 प्रत्याशी चुनावी मैदान में थे।

### जिला अनुकम्पा समिति की बैठक में 14 लोगों की नियुक्ति की बनी सहमति

**रांची।** रांची जिला अनुकम्पा समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित सभागार में अनुकम्पा समिति के आधार पर नियुक्ति सम्बंधित बैठक आयोजित की गई। जिला अनुकम्पा समिति सामान्य में कुल 10 की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। साथ ही अनुकम्पा के आधार पर चौकीदार की नियुक्ति में कुल चार की नियुक्ति की सहमति प्रदान की गई। बैठक में पंचायती राज पदाधिकारी राजेश कुमार साहू, डीएसपी जैप 2, जिला स्थापना उप-समाहर्ता ज्योति वंदना कुजूर एवं सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### आजसू पार्टी में कई बुद्धिजीवी हुए शामिल

**रांची।** आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो के समक्ष शनिवार को राजधानी रांची के कई बुद्धिजीवियों ने आजसू पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में आजसू के मिलन समारोह में पार्टी की सदस्यता ग्रहण करनेवालों में डॉ रोहित कुमार महतो (बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), विभोर नागद्वार (एमबीए, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय), इंजीनियर राकेश टुडू, इंजीनियर कृष्ण मुरारी बेदिया, पवन कुमार, बुलंद बेदिया, मनोज बेदिया तथा कई अन्य बुद्धिजीवियों के नाम शामिल हैं। मौके पर पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो सहित अन्य नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत किया और संगठन को और मजबूत करने की दिशा में उनके योगदान की सराहना की। मंच का संचालन राजकिशोर महतो ने किया। इस अवसर पर पार्टी के मुख्य प्रवक्ता डॉ देवशरण भगत, प्रवीण प्रभाकर, राजेंद्र मेहता, दीपक महतो, संजय मेहता, जिला परिषद अध्यक्ष निर्मला भगत, पार्वती देवी, परवाज खान,हरीश कुमार सहित अन्य उपस्थित थे। वहीं कार्यक्रम में पार्टी ने दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडल में संगठन को और अधिक सशक्त बनाने के लिए प्रखंड और पंचायत स्तर पर भी इसी तरह की संगठनात्मक कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया। ताकि पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाया जा सके।

# गैर-अनुशासित पुलिसकर्मियों पर गिरेगी गाज, डीजीपी ने मांगी सूची

संवाददाता



**रांची।** झारखंड के डीजीपी अनुराग गुप्ता ने राज्य के सभी जिलों और इकाइयों से गैर-अनुशासित पुलिस अफसरों और कर्मियों की सूची मांगी है। इस सूची के आधार पर डीजीपी स्तर से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शनिवार को पुलिस मुख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, डीजीपी द्वारा जारी आदेश में निर्देश दिया गया है कि सभी जिलों और इकाइयों में पदस्थापित अनुशासनहीन पुलिसकर्मियों की सूची मुख्यालय को भेजी जाए। इस आदेश की प्रति सभी रेंज आईजी और डीआईजी को भी भेजी गई है। आदेश में पुलिसकर्मियों के संबंध में सात बिंदुओं पर रिपोर्ट मांगी गई है।

**ये है सात बिंदु**

1. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके विरुद्ध आम नागरिकों, महिलाओं से दुर्व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कोई कार्रवाई की गई है। 2. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके संबंध जमीन माफिया और आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्तियों के साथ पाई गई है। 3. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो कर्तव्य से फरार रहते हैं। 4. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो ड्यूटी के दौरान आदतन शराब का सेवन करते हैं।

5. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जो बिना कारण अवकाश की समय सीमा को स्वतः बढ़ाकर देर से ड्यूटी पर लौटते हैं। 6. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनपर अपने वरीय पदाधिकारी के साथ गलत व्यवहार करने के आरोप में पूर्व में कार्रवाई की गई है। अथवा वे जो अब भी गलत व्यवहार करते हैं। 6. वैसे पुलिस अफसर और कर्मी जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार का आरोप हो या फिर जिनके खिलाफ भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं।

# झारखंड में तीन से चार डिग्री बढ़ेगा तापमान



संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश जिलों में आनेवाले चार पांच दिनों में तापमान में तीन से चार डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होने की सम्भावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने शनिवार को व्यक्त की है। विभाग के अनुसार राज्य भर में फिलहाल मौसम साफ रहेगा। इससे तापमान में वृद्धि होगी। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी विक्षोभ के चलते राज्य के लगभग 12 जिलों में मौसम में बदलाव हुआ था। इसके प्रभाव से रांची में भी शुक्रवार को हल्की बूंदाबांदी दर्ज की गई थी। हालांकि बाद में मौसम साफ हो गया। वहीं शनिवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.2 डिग्री, जमशेदपुर में 34.8, डालटेनगंज में 33.7 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

# बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का जन्मदिन मनाया गया

संवादादता



**रांची।** बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार का 74वां जन्मदिन एक मार्च 2025 को रांची में धूमधाम से मनाया गया। यह भव्य समारोह विधायक सरयू रॉय के सरकारी आवास, डोरंडा, रांची में आयोजित किया गया, जिसमें झारखंड प्रदेश जदयू के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। समारोह की शुरूआत में नीतीश कुमार के योगदान और उनके विकास और सामाजिक न्याय के दृष्टिकोण की सराहना की गई। मुख्यमंत्री के जन्मदिन पर केक काटकर सुशासन दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यकताओं और समर्थकों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व के प्रति अपनी प्रतिबद्धता जाहिर की और उनके कार्यों को सम्मानित किया। मौके पर समारोह के दौरान झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने कहा कि वह नए पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए अत्यधिक अभिभूत हैं। उन्होंने कहा, आज का दिन हमारे संगठन के लिए महत्वपूर्ण है और हम सभी नए पदाधिकारियों का सादर स्वागत करते हैं। इसके साथ ही उन्होंने एक बड़े सदस्य अभियान की शुरूआत की घोषणा की, जो झारखंड के विभिन्न हिस्सों में बड़े पैमाने पर चल रहा है।

उन्होंने विश्वास जताया कि यह अभियान पार्टी को मजबूत करेगा और जदयू झारखंड की राजनीति में एक महत्वपूर्ण और निर्णायक भूमिका निभाएगा। इस अवसर विधायक सरयू राय कहा कि ₹मैं नए पदाधिकारियों को दिल से शुभकामनाएं देता हूं । मुझे पूरा विश्वास है कि झारखंड में जदयू बहुत जल्द और तेजी से विकसित होगा।₹ उन्होंने पार्टी की शक्ति को बढ़ाने और संगठन को मजबूती देने के लिए सभी पदाधिकारियों से लगातार मेहनत करने की अपील की। इस अवसर पर धर्मेन्द्र तिवारी, पी.एन. सिंह, सौमेन दत्ता, आशीष शीतल मुंडा, मीर अशरार को झारखंड प्रदेश जदयू के प्रदेश अध्यक्ष खीरु महतो ने सम्मानित किया।

# लहराते देखें हैं हमने श्याम निशान हजारों, हारे का साथी यही है प्रेम से इनको पुकारो...



संवाददाता

**रांची।** रांची के 60 सदस्यों का दल आज राजस्थान स्थित खाटू धाम में अत्यन्त श्रद्धा सहित श्याम निशान ( ध्वजा ) श्री श्याम प्रभु को अर्पित किये । खाटू धाम से 20 किलोमीटर पहले रिंगस धाम में स्तिथ गौ शाला में सभी निशानों ( ध्वजा ) की श्रद्धा पूर्वक पूजन एवम आरती के पश्चात सभी श्याम भक्त श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच पावन निशानों को कन्धे पर उठाकर खाटू धाम के लिए चल पड़े। 20 किलोमीटर तक श्याम प्रभु की मस्ती में झूमते - नाचते , रंग गुलाल तथा श्याम प्रभु के भजनों का आनन्द लेते हुए भक्तों का दल करणी माता के यहां विश्राम कर खाटू स्थित श्री श्याम प्रभु के मुख्य मन्दिर पहुंचा ।

श्री श्याम दरबार पहुंच कर अत्यन्त श्रद्धा एवम भक्तिमय वातावरण में श्री श्याम प्रभु के जयकारों के बीच श्री श्याम प्रभु व बजरंगबली को निशान ( ध्वजा ) अर्पित कर सभी ने श्याम प्रभु के मनोहरी स्वरूप के दिव्य दर्शन कर मनोवांछित फल प्राप्ति की कामना की। खाटू धाम में निज निवास पर अखण्ड ज्योत प्रज्वलित कर संकीर्तन के पश्चात धाम में विश्राम कर कल दिनांक 3 मार्च 2025को श्री सालासर धाम के लिए प्रस्थान करेंगे। इस श्री श्याम निशान ( ध्वजा ) पद यात्रा को सफल बनाने में विवेक ढांढनीयां, कौशल अग्रवाल, प्रदीप अग्रवाल, प्रियांश पोद्दार, नितेश केजरीवाल , धीरज बंका , जीतेश अग्रवाल , अजय साबू, रतन मोर, अंकित मोदी का सहयोग रहा।

# पूर्ववर्ती छात्र सम्मान समारोह में मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की हुई सम्मानित

संवाददाता



**रांची।** बेंगलुरु स्थित क्राइस्ट विश्वविद्यालय में आयोजित पूर्ववर्ती छात्रों के सम्मान समारोह में झारखंड की कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में देशभर से कई सांसद, विधायक और मंत्री शामिल हुए। यह जानकारी मंत्री की ओर से दी गई। क्राइस्ट विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा प्राप्त करने के बाद समाज में अपने काम के दम पर अलग पहचान बनाने वाले सफल छात्रों को ये सम्मान दिया गया। सम्मान पाने वाले सभी आज अपने-अपने क्षेत्र में बेहतर मुकाम पर हैं। मंत्री के साथ सांसद सुधा मूर्ति, सांसद फ्रांसिस जॉर्ज, कर्नाटक सरकार में राजस्व मंत्री कृष्णा गौड़ा, सांसद मल्लेश बाबू , विधायक चांडी ओमन, विधायक दर्शन ध्रुवनरायणा , सांसद सागर ईश्वर खंड्रे को विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मानित किया गया। सम्मान पाने के बाद मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि अपनों के हाथ सम्मान पाना गर्व की बात है। बेंगलुरु के क्राइस्ट विश्वविद्यालय के द्वारा सम्मान पा कर जो सुखद अनुभूति हुई, उसके लिए मेरे पास शब्द नहीं है। विश्वविद्यालय के द्वारा पूर्वर्ती छात्रों के सम्मान में आयोजित समारोह में देश भर के कई सांसद, विधायक और मंत्रियों के साथ सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ। छात्रों के भविष्य को गढ़ने में शिक्षण संस्थान का हमेशा से महत्वपूर्ण योगदान रहा है। गुरुदेव हमेशा पथ प्रदर्शक की भूमिका में रहे है। क्राइस्ट विश्वविद्यालय देश के गिने चुने उन विश्वविद्यालयों में शामिल हैं, जहां शिक्षा प्राप्त करना हर एक मेधावी छात्र का सपना होता है। विश्वविद्यालय के प्रांगण में आ कर पुरानी यादें ताजा हो गईं और वो तमाम सपने भी जो भविष्य को लेकर अक्सर देखती थी।

## श्री श्याम भंडारा का किया गया आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 147वां श्री श्याम भंडारा का भव्य आयोजन किया गया । श्री श्याम मित्र मंडल के अध्यक्ष सुरेश सरावगी महामंत्री विश्वनाथ नारसरिया मंत्री श्याम सुंदर शर्मा उपमंत्री अनिल नारनौली किरण मोदी वीरेन्द्र मोदी नीता मोदी विवेक मोदी नेहा मोदी वैभव मोदी प्रिया मोदी आदि ने संयुक्त रूप से श्री श्याम भोग का भजन गायन किया। उपस्थित सैकड़ो भक्तों ने आओ आओ भोग लगाओ बाबा श्याम जी रुच रुच भोग लगाओ बाबा श्याम जी के स्वर में स्वर मिलाकर भक्ति भावना से ओत प्रोत होकर ठाकुर जी से भोग स्वीकार करने का अनुरोध किया। खाटूनरेश बजरंगबली शिव परिवार लड्डू गोपाल जी शालिग्राम जी गरुड़ जी गुरुजनों का भोग लगाकर महाप्रसाद को विशाल भंडारे में मिश्रित किया गया ।

# बच्चों को सभी प्रकार के भेदभाव से बचाएं : कविता कुमारी

संवाददाता



**रांची।** झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के मार्गदर्शन में 90 दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम के तहत नामकूम प्रखंड के चंदाघासी पंचायत भवन में डोर-टू-डोर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर एलएडीसी डिपुटी चीफ, श्रीमति कविता कुमारी खाती, पीएलवी लता कुमारी, रूही अग्रवाल, अनिता कुमारी, प्रीति कुमारी, बिनोद कच्छप, प्रहलाद उपाध्याय, मुखिया संदीप मुंडा, वार्ड सदस्य अंजली टोप्पो, अनिता टोप्पो एवं राजा वर्मा उपस्थित थे। श्रीमति खाती ने लोगों को आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाले राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वादकारी उक्त तिथि को आकर अपने वादों का निस्ताकरण करा सकते है। आगे उन्होंने जे. जे. एक्ट, पोक्सो एक्ट इत्यादि की जानकारी दी। नशा उन्मूलन पर फोकस किये और कहा कि नशा न करें, नशा से धन और स्वस्थ दोनों पर बुरा असर पड़ता है। आगे उन्होंने यह भी कहा कि बच्चों को सभी प्रकार के भेदभाव से बचाना चाहिए। पीएलवी लता कुमारी ने अंजली टोप्पो व अनिता टोप्पो के सहयोग से संयुक्त रूप से डायन बिसाही पर चर्चा की।

जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह का समस्या होने पर पीएलवी से सम्पर्क करें या जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची में सीधे तौर पर आवेदन दें। रूही अग्रवाल ने वृद्धा पेंशन और विधवा पेंशन पर फोकस की। अनिता कुमारी एवं प्रीति कुमारी के द्वारा जॉब कार्ड, मईंया सम्मान योजना पर फोकस किया गया।

बिनोद कच्छप एवं प्रहलाद उपाध्याय ने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं नशा पर फोकस किये। यह भी ज्ञात हो कि एलएडीएसएस डिपुटी चीफ एवं पीएलवी के द्वारा माननीय नालसा के स्कीम बच्चों के लिए कानूनी सेवाओं पर फोकस किया गया। इसके तहत बच्चों के अधिकार के बारे में जानकारी दी गयी। शिक्षा का अधिकार पर फोकस किया गया। श्रीमति खाती ने कहा कि बाल विवाह व बाल श्रम एक अपराध है। यह भी ज्ञात हो कि एलएडीसी डिपुटी चीफ एवं सभी पीएलवी ने आगामी 08 मार्च को आयोजित होनेवाली राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता के लिए अपने वादों का निस्तारण मध्यस्थता के माध्यम से कराने पर प्रकाश डाला। पीएलवी ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक सुलहनीय मामले, दीवानी से संबंधित मामले, श्रम से संबंधित वाद, वैवाहिक वाद, पारिवारिक वाद, उत्पाद से संबंधित मामले, चेक बाउंस के मामले, वन विभाग के मामले, बिजली से संबंधित मामले, ट्रैफिक चालान से संबंधित मामले साथ ही साथ भूमि अधिग्रहण, मोटरयान, माप-तौल से संबंधित वाद एवं वैवाहिक से संबंधित मामलों को चिन्हित कर-के पक्षकारों को नोटिस भेजा जा रहा है।

रांची ›वृन्दावन की होली कार्यक्रम से सजेगी रांची

# अलिसा डांस स्टूडियो कर रहा है कार्यक्रम का आयोजन

संवाददाता



**रांची।** होली रंगों का त्यौहार है , इस त्यौहार में वृंदावन कि होली न खेले तो क्या खेले।इसी को लेकर अलिसा डांस स्टूडियो रांची ने आगामी 09 मार्च 2025 दिन रविवार को चिल्ड्रन पार्क, कपिल देव मैदान न्यू ए जी कॉलोनी कडरू रांची में ₹वृंदावन कि होली₹ 2025 कार्यक्रम का आयोजन धूम धाम से आयोजित कर रहा है। इस कार्यक्रम में रांची की राजकुमारी अलिसा सिंह जी भी शामिल होंगी।

जैसा कि हम जानते हैं होली रंगों का त्यौहार के साथ साथ आपसी भाई चार्य का भी संदेश देता है। इसी को ध्यान में रखते हुए अलिसा डांस स्टूडियो ने वृंदावन वन होली कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है।अपनी संस्कृति एवं विरासत को संजोए रखने और आगे बढ़ने का मार्ग भी हमें होली का यह त्यौहार ही बताता है।

यह कार्यक्रम अलिसा सिंह और प्रियंका सिंह दोनों बहनों की सुंदर सोच से जुड़ी हैं। उन्होंने कहा कि आजकल होली के आयोजन इस तरह के होते जा रहे हैं कि हम अपने परिवार और बच्चों के साथ खुलकर आनंद भी नहीं ले पाते हैं।इसी को ध्यान में रखते हुए दोनों बहनों ने एक ऐसा उत्सव रचने का निर्णय लिया है।

जिसमें हर उम्र के लोग अपनी संस्कृति से जुड़ कर होली का असली आनंद ले सकेंगे।यह होली केवल रंगों का नहीं, भावनाओं का संगम होगी, जहां हर कोई परिवार सहित इस आयोजन का पूरा आनंद ले सकेंगे।तो आइए, इस अनूठे होली महोत्सव का हिस्सा बने और मिलकर मनाएं ₹वृंदावन की होली₹ साथ ही साथ अपनी संस्कृति को भी बचाने का संकल्प ले। इस वृंदावन होली कार्यक्रम में कई सांस्कृतिक कार्यक्रमों के अलावे लाइव डांस परफोर्मेंस राधा कृष्ण की जोड़ी अदभुत समा बांधेगी।साथ ही साथ लाइव डांस परफोर्मेंस के अलावे अलिसा डांस स्टूडियो के छात्र छात्राओं के द्वारा मनमोहक प्रस्तुति, डी जे सौनिक , डी जे तानिया और क्रीज क्वांटा अपने शानदार बिट्स से समा बांधेंगे। नासिक ढोल,रेन डांस, ऑर्गेनिक गुलाल, फ्री ठंडई, किड्स जॉन एवं फुड स्टॉल भी लोगों के लिए व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर आज कार्यक्रम के संबंधित अलिसा डांस स्टूडियो में पोस्टर का अनावरण किया गया। इस अवसर अलिसा डांस स्टूडियो कि निर्देशिका प्रियंका सिंह, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी, राहुल सोनी, मीनाक्षी सिंह, रोहित सिंह,अनिकेत राज, सुबू राजपूत, अमर सात्विक, निखिल तिवारी,आदि कई संस्थान के शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## झारखंड पुलिस एसोसिएशन चुनाव सम्पन्न

वरीय संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस एसोसिएशन का चुनाव शुक्रवार की देर संपन्न हुआ, इस चुनाव में कुल 1056 पुलिस मतदाताओं में से 996 ने वोटिंग किया। शनिवार को आए चुनाव के नतीजे में अध्यक्ष की कुर्सी पर राहुल मुर्मू काबिज हो गए,ये देश के पहले आदिवासी अध्यक्ष हुए।

उपाध्यक्ष पद पर रोहित रजक और महताब आलम, महामंत्री पद पर संजीव कुमार, संयुक्त सचिव पद पर राकेश कुमार पांडे और संतोष महतो तथा संगठन सचिव पद पर मंटू कुमार ने जीत हासिल की, नये चुने गए सभी ने शनिवार को एक कार्यक्रम के दौरान शपथ ग्रहण किया। झारखंड पुलिस एसोसिएशन का यह चुनाव दो वर्षों के बाद हुआ, पुलिस मुख्यालय से बार-बार रिमाइंडर भेजे जाने के बावजूद चुनाव प्रक्रिया में देरी हुई, यह एसोसिएशन झारखंड पुलिस के कनीय पदाधिकारियों का एक समूह है, जो अपने सदस्यों की समस्याओं के समाधान के लिए पुलिस मुख्यालय और सरकार के बीच कड़ी का काम करता है।

**किनको कितना वोट मिला:** राहुल मुर्मू (अध्यक्ष) को 567 वोट , मो महताब आलम (उपाध्यक्ष) को 516 वोट, रोहित कुमार रजक (उपाध्यक्ष) को 510 वोट मिला, संजीव कुमार (महामंत्री) को 500 वोट मिला, संतोष कुमार महतो (संयुक्त सचिव ) को 596 वोट , राकेश कुमार पाण्डेय (संयुक्त सचिव )को 427 वोट, मंटू कुमार (संगठन सचिव) को 530 वोट मिले।

## संक्षिप्त खबरें

### खनन विभाग की टीम ने अवैध खनन के सुरंग को किया बंद, प्राथमिकी दर्ज



**बोकारो।** उपायुक्त बोकारो श्रीमती विजया जाधव के निदेर्शानुसार एवं जिला खनन पदाधिकारी के मार्गदर्शन में शनिवार को जिले के जगेश्वर विहार थाना अंतर्गत मौजा दनिया के वन क्षेत्र में खनन विभाग की टीम ने छापामारी अभियान चलाया। इस दौरान उक्त स्थल पर अवैध रूप से रेट होल माइनिंग कर कोयला खनिज के उत्खनन का साक्ष्य पाया गया। उक्त स्थल पर अवैध रूप से कोयला खनन के लिए बनाये गए सुरंगों के मुहाने को जेसीबी के माध्यम से टीम ने बंद कराया। वहीं, उक्त अवैध कार्य में संलिप्त व्यक्तियों पर जगेश्वर विहार थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। छापेमारी अभियान टीम में खान निरीक्षक जितेंद्र कुमार महतो, खान निरीक्षक सीताराम टुडू, वनरक्षी अजीत कुमार मुर्मू, तेनुघाट वन प्रक्षेत्र, वनरक्षी विकास कुमार महतो, तेनुघाट वन प्रक्षेत्र, स.अ.नि विशाल कुमार, जगेश्वर विहार थाना, वन सुरक्षा बल एवं स्थानीय पुलिस बल मौजूद थे।

### झारखंड आंदोलनकारी के सपनों को साकार कर रही है हेमंत सरकार : अखिलेश



**दुग्दा/ बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक सदस्य सह डुमरी विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रहे शेरे शिवा महतो की तीसरी पुण्यतिथि शनिवार को शिवा महतो हाई स्कूल सिजुआ में मनाई गई। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डुमरी विधानसभा क्षेत्र के झामुमो प्रभारी अखिलेश महतो उर्फ राजू महतो, झामुमो के बोकारो जिला संयोजक जयनारायण महतो, पुत्र पुरन महतो, कार्तिक महतो, नारायण महतो, अशोक महतो, सत्यनारायण महतो, पुत्र वधू कौशल्या देवी, नियोती देवी, मंजू देवी, मो० जमाल कुरैशी, कालीचरण महतो, गुल्लू रविदास, सोनाराम हेंब्रम, श्यामलाल हांसदा, प्रीतम कुमार महतो, संजय महतो, विष्णु चरण महतो, विजय हांसदा, शंकर महतो, मोहन महतो सहित अनेकों कार्यकताओं ने पूर्व विधायक स्व० महतो की तस्वीर पर फूल माला चढ़ाकर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद विद्यालय परिसर में स्थापित शहीद सूदन महतो की तस्वीर पर भी श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्य अतिथि अखिलेश महतो ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारी और शहीदों के बलिदान के कारण झारखंड अलग राज्य मिला है। आज झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में महागठबंधन की सरकार चल रही है। यह सरकार शहीदों के सपनों को साकार करने और झारखंड के जन-जन तक विकास पहुंचाने में लगी हुई है।

# डीपीएस बोकारो के रूपेश के 'रक्षक' प्रोजेक्ट को अपनाएगी भारत सरकार, मिला पेटेंट

संवाददाता

**बोकारो।** गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अपने विद्यार्थियों के समग्र विकास दिशा में डीपीएस बोकारो की कटिबद्धता ने एक बार फिर अपना रंग दिखाया है। विद्यालय का छात्र रहे रूपेश कुमार के वैज्ञानिक नवाचार संबंधी प्रोजेक्ट रक्षक को अब भारत सरकार अपनाने जा रही है। सड़क हादसों में लोगों की जान बचाने में काफी महत्वपूर्ण उसके इस प्रोजेक्ट को भारत सरकार ने इंस्पायर मानक अवार्ड स्कीम के तहत पेटेंट प्रदान किया है। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार के अधीनस्थ राष्ट्रीय नवप्रवर्तन प्रतिष्ठान (नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन) की ओर से इससे संबंधित सारी प्रक्रियाएं पूरी की गईं। अब संभावना है कि आने वाले दिनों में कार बनाने वाली कंपनियां उसके इस प्रोजेक्ट को इस्तेमाल करेंगी और सड़क दुर्घटनाओं में समय रहते लोगों की जान बचाई जा सकेगी।

### अब एक्सीडेंट होते ही अस्पतालों को मिल जाएगी सूचना और समय पर पहुंच सकेगी एंबुलेंस

उल्लेखनीय है कि रूपेश ने एक खास डिवाइस और मोबाइल एप्लीकेशन - रक्षक तैयार किया है। इसकी मदद से दुर्घटना होने के साथ ही संबंधित घटनास्थल के एक किलोमीटर के दायरे में स्थित सभी अस्पतालों को कॉल और एसएमएस के जरिए वाहन के लोकेशन के साथ सूचना मिल जाएगी। इससे सही समय पर घायल व्यक्ति तक एंबुलेंस पहुंचाई जा सकेगी। इतना ही नहीं,



अस्पतालों के साथ-साथ वाहन में सवार लोगों के परिजनों और पुलिस को भी तत्काल सूचना मिल सकेगी। इसके अलावा उक्त एप में रजिस्टर्ड आसपास के कार चालकों को भी लोकेशन व सूचना मिल जाएगी। घर-परिवार के लोगों को भी अलर्ट मिल जाएगा।

**उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ गंगवार ने दी बधाई**

रूपेश की इस उपलब्धि से डीपीएस बोकारो परिवार में हर्ष है। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने इसके लिए उसे बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि विद्यालय अपने छात्र-छात्राओं की प्रतिभाओं को निखारने का हर अवसर प्रदान करता है। रूपेश प्रतिभाशाली छात्र रहा है। उसकी वैज्ञानिक कुशलता को विद्यालय ने पहचाना और तराशते हुए आज यह मुकाम दिलाया कि उसे सरकार से पेटेंट मिल सका। उसके द्वारा बनाया गया रोड सेफ्टी डिवाइस सड़क-सुरक्षा के दृष्टिकोण से काफी अहम है।

**जून में जापान टूर पर भेजेगी सरकार**

डीपीएस बोकारो से भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना इंस्पायर मानक अवार्ड योजना के लिए चयनित होने वाले रूपेश को तीन महीने बाद जून 2025 में जापान टूर का भी मौका मिला है। उक्त योजना के तहत अंतिम चरण में चयनित होने पर उसे पुरस्कार-स्वरूप लगभग आठ लाख रुपए की पुरस्कार-राशि भी मिलेगी और राष्ट्रपति भवन में चार दिनों तक आतिथ्य का अवसर भी मिलेगा। अपनी इस उपलब्धि पर प्रसन्नता तथा डीपीएस बोकारो परिवार के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए रूपेश ने कहा कि जिस तरह का सेफ्टी डिवाइस उसने बनाया है, अगर कार निमार्ता कंपनियां पहल करें, तो वह अपने आइडिया को व्यापक स्तर पर धरातल पर उतार सकता है। इससे दूसरा फायदा यह भी होगा कि सभी वाहन चालकों का डाटा एक जगह सुरक्षित रह पाएगा। साथ ही, सड़क हादसों के समय मिलने वाले लोकेशन के आधार पर संबंधित इलाके के एक्सीडेंट जोन की भी जानकारी मिल सकेगी।

**एंबुलेंस के अभाव में हर साल 45 हजार लोगों की होती है मौत**

फिलहाल सीबीएसई 12वीं बोर्ड की परीक्षा दे रहे रूपेश ने बताया कि भारत में सड़क दुर्घटना प्रमुख चुनौतियों में से एक है। भागम-भाग और रफ्तार की होड़ में हर साल अपने देश में लगभग डेढ़ लाख लोगों की मौत सड़क हादसे में होती है। इनमें लगभग 30 फीसदी यानी लगभग 45 हजार लोगों की मौत सही समय पर एंबुलेंस नहीं पहुंच पाने के कारण हो जाती है।

## नि:शुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के तीसरे दिन ढोरी जीएम ने बांटे जरूरतमंदों को उपकरण

संवाददाता

**बेरमो/ बोकारो।** कल्याण मंडप करगली में श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति झारखंड द्वारा बेरमो के पूर्व मंत्री स्व० राजेंद्र प्रसाद सिंह की स्मृति में चलाए जा रहे पांच दिवसीय निःशुल्क कृत्रिम अंग प्रत्यारोपण शिविर के तीसरे दिन शनिवार को भी दिव्यांगों के बीच उपकरण का वितरण किया गया। शिविर का उदघाटन मुख्य अतिथि सीसीएल ढ़ोरी जीएम रंजय सिन्हा, विशिष्ट अतिथि कार्मिक प्रबंधक सुरेश कुमार सिंह, विधायक प्रतिनिधि उत्तम सिंह ने दीप प्रज्वलित व पूर्व मंत्री स्व० सिंह के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया। साथ ही स्व० सिंह की याद में सभी लोगों ने एक मिनट का मौन रखा। इस दौरान अतिथियों द्वारा सैकड़ों दिव्यांगजनों के बीच ट्राई साइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी आदि उपकरण का वितरण किया गया। ढोरी जीएम श्री सिन्हा ने कहा कि श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति का यह कार्य काफी प्रशंसनीय है। कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है। जनसेवा करने से कमी नहीं होती है।



वहीं समिति के संयोजक हरीश दोषी ने ढोरी जीएम से एक भवन निर्माण की मांग की। कहा कि अपना एक भवन होने से प्रत्येक महीने स्वास्थ्य जांच शिविर, विकलांगता जांच शिविर, अंग प्रत्यारोपण, होम्योपैथी जांच शिविर आदि का आयोजन किया जा सकेगा। समिति के संयोजक ओमप्रकाश अग्रवाल ने कहा कि अभी दिव्यांग जनों को व्हीलचेयर, ट्राई साइकिल, वैशाखी, श्रवण यंत्र, कैलीपर्स आदि उपकरण आदि का वितरण किया जा रहा है।

### सामाजिक संस्था स्नेह द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित

**बोकारो।** भवानीपुर साइट सांजोरी में बिरसा कंपैनियन स्नेह कार्यक्रम के तहत निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का संचालन हेल्थ टीम की हेमंती देवी, पूनम सिन्हा और आरती देवी ने किया। कार्यक्रम का उद्घाटन के.एम. इंटर कॉलेज के प्राचार्य डॉ० परमेश्वर शर्मा और आर.एन.बी. हॉस्पिटल के डॉ० मंतोष कुमार ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में कुल 40 लोगों की निःशुल्क नेत्र जांच की गई, जिसमें 10 लोगों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। इस अवसर पर स्नेह टीम के सदस्यों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। कार्यक्रम में चिकित्सा क्षेत्र के महत्व और नेत्र स्वास्थ्य पर जागरूकता बढ़ाने पर जोर दिया गया। डॉक्टरों ने नेत्र रोगों की रोकथाम और नियमित जांच के महत्व पर प्रकाश डाला।

## राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन



संवाददाता

**दुग्दा/ बोकारो।** बोकारो जिले के चंद्रपुरा प्रखंड स्थित डीवीसी फुटबॉल ग्राउंड में शनिवार को झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार बोकारो एवं जिला प्रशासन बोकारो के द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए न्यायपालिका के द्वारा कानूनी सलाह दी गई। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड हाई कोर्ट के माननीय न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद तथा विशिष्ट अतिथि माननीय न्यायमूर्ति हाई कोर्ट प्रदीप कुमार श्रीवास्तव तथा झालसा के सदस्य सचिव कुमारी अंजना अस्थाना, पुलिस उप महानिदेशक सुरेंद्र कुमार झा, बोकारो उपायुक्त विजया जाधव नारायण राव ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभ आरंभ किया। मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने आदिम जनजातियों एवं समाज के कमजोर वर्गों के लिए झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

## बोकारो में 'चाय कैफे किंग रेस्टोरेंट' का भव्य उद्घाटन

संवाददाता

बोकारो। बोकारो के चास क्षेत्र में यमुना बिल होटल के समीप इंद्रासन भवन में एक नए और बेहतरीन चाय एवं फास्ट फूड रेस्टोरेंट ह्यचाय कैफे किंगह्न का भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर बोकारो की माननीय विधायक श्रीमती श्वेता सिंह ने फीता काटकर इस रेस्टोरेंट की शुरूआत की और इसके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि चास क्षेत्र में लंबे समय से एक अच्छी गुणवत्ता वाली चाय और फास्ट फूड रेस्टोरेंट की कमी महसूस की जा रही थी, जिसे अब यह रेस्टोरेंट पूरा करेगा।इस रेस्टोरेंट के मालिक सुरेंद्र तिवारी का सपना था कि वे बोकारो वासियों को बेहतरीन गुणवत्ता की चाय और फास्ट फूड उपलब्ध कराएं, ताकि लोगों को स्वादिष्ट और स्वच्छ खान-पान का अनुभव मिले। उन्होंने बताया कि आज के समय में अच्छी गुणवत्ता और उचित मूल्य पर चाय और फास्ट फूड मिलना मुश्किल होता जा रहा है, लेकिन उनका लक्ष्य है कि वे अपने ग्राहकों को बढ़िया स्वाद के साथ-साथ स्वास्थ्य का भी ध्यान रखें। उनके इस प्रयास को स्थानीय लोगों का भरपूर समर्थन मिला और उद्घाटन के अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित हुए। रेस्टोरेंट के उद्घाटन समारोह में उनके बेटे पंकज तिवारी और बेटी प्रियंका तिवारी भी मौजूद रहे। परिवार के अन्य सदस्यों और शुभचिंतकों ने भी इस अवसर को खास बनाने में पूरा योगदान दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय गणमान्य लोग उपस्थित हुए, जिन्होंने इस नई पहल की सराहना की। उपस्थित लोगों ने कहा कि यह रेस्टोरेंट चास और बोकारो के लोगों के लिए एक बेहतरीन विकल्प साबित होगा, क्योंकि अब उन्हें अच्छी गुणवत्ता की चाय और फास्ट फूड के लिए दूर-दराज नहीं जाना पड़ेगा। रेस्टोरेंट के मालिक सुरेंद्र तिवारी ने यह भी घोषणा की कि वे हर सप्ताह एक दिन ग्राहकों को विशेष छूट के साथ भोजन उपलब्ध कराएंगे, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग इस बेहतरीन सेवा का लाभ उठा सकें। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य सिर्फ व्यवसाय करना नहीं, बल्कि ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की सेवा देना और उनकी संतुष्टि सुनिश्चित करना है। इस आयोजन में मतीन खान, आदित्य कुमार, अशोक पांडेय, मिट्ठू चौबे और जावेद आलम सहित कई विशिष्ट अतिथियों ने भाग लिया और इस नए उद्यम की सराहना की। सभी ने सुरेंद्र तिवारी की इस पहल को सराहा और विश्वास जताया कि यह रेस्टोरेंट आने वाले समय में चास और बोकारो के लोगों के बीच बहुत लोकप्रिय होगा। उद्घाटन समारोह के दौरान लोगों ने चाय और फास्ट फूड का स्वाद चखा और इसकी गुणवत्ता की प्रशंसा की। चाय कैफे किंग रेस्टोरेंट के शुभारंभ के साथ ही बोकारो वासियों को एक ऐसा स्थान मिल गया है, जहां वे बेहतरीन चाय और स्वादिष्ट फास्ट फूड का आनंद ले सकते हैं। इस नए रेस्टोरेंट के माध्यम से सुरेंद्र तिवारी ने एक नया मील का पत्थर स्थापित किया है और यह रेस्टोरेंट आने वाले समय में निश्चित रूप से क्षेत्र का एक प्रमुख आकर्षण बनेगा।



### झामुमो उलगुलान ने फुसरो में मनाई पूर्व विधायक शिवा महतो की पुण्यतिथि

**बेरमो/ बोकारो।** झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के पदाधिकारी और कार्यकताओं ने शनिवार को डुमरी के पूर्व विधायक शेरे शिवा महतो की तीसरी पुण्यतिथि चंद्रपुरा मोड फुसरो स्थित अपने कार्यालय में मनाई। इस मौके पर उपस्थित झामुमो उलगुलान के केंद्रीय नेता कृष्णा थापा, केंद्रीय कार्यालय सचिव शंभूनाथ महतो, छोटेलाल गुप्ता, फिरोज खान जयकुमार टुडू, महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष सहोदरी देवी, जिला सचिव अलिया देवी, लक्ष्मण रवानी, राजेश कमार, वीरेंद्र चौहान, जगदीश महतो, बसंत सोनी, नीलकंठ महतो, अशोक महतो, विनोद महतो गिरधारी महतो, पुनीत गिरी, रामकृत महतो, गणेश महतो, संतोष रजक, बद्री महतो, हरेंद्र ठाकुर, रमेश कमार, महेंद्र मंडल, लक्ष्मण हांसदा, छोटू सोरेन, संजय कुमार आदि ने उनकी तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।

## बोकारो में 36 नाई कारीगरों का पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत नामांकन

संवाददाता

**बोकारो।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत नाई ट्रेड के शिल्पकारों को रोजगार और विकास के नए अवसर प्रदान करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को बोकारो जिला उद्योग केंद्र द्वारा सहयोगिनी कार्यालय, बहादुरपुर में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में जिले के 36 नाई कारीगरों का ऑनलाइन पंजीकरण कर उन्हें इस महत्वाकांक्षी योजना से जोड़ा गया। कार्यक्रम के दौरान सहयोगिनी के निदेशक गौतम सागर ने बताया कि झारखंड सरकार के मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड के तहत नाई ट्रेड के शिल्पकारों को योजनाबद्ध तरीके से पीएम विश्वकर्मा योजना से जोड़ा जा रहा है। इससे न केवल उनके व्यवसाय को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि उन्हें सरकार की ओर से कई तरह की सुविधाएं और सहायता भी प्राप्त होगी। उन्होंने कहा कि यह योजना पारंपरिक व्यवसायों को सशक्त बनाने और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बोकारो के डीईसी किशोर रजक ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना के तहत लाभार्थियों को उनके कौशल को और अधिक निखारने के लिए 5 से 7 दिनों की बेसिक ट्रेनिंग दी जाएगी, जिसमें प्रत्येक दिन के लिए 500 का स्टाइपेंड मिलेगा। इसके अलावा, टूलकिट इंसेंटिव के तहत लाभार्थियों को 15,000 तक के औद्योगिक उपकरण खरीदने की सुविधा दी जाएगी, जिससे वे अपने काम को और बेहतर बना सकें। साथ ही, इस योजना के तहत योग्य आवेदकों को बिना किसी गारंटी के ऋण की सुविधा भी दी जाएगी, जिससे वे अपने व्यवसाय को और आगे बढ़ा सकें। इसके अलावा, इस योजना के तहत शिल्पकारों को उनके उत्पादों और सेवाओं के ऑनलाइन मार्केटिंग का भी अवसर मिलेगा, जिससे वे देशभर में अपने ग्राहकों तक पहुंच बना सकते हैं। इतना ही नहीं, लाभार्थियों को ट्रेड फेयर में भाग लेने का भी अवसर प्रदान किया जाएगा, जिससे उन्हें अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाने में मदद मिलेगी।



बोकारो

राजराजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ में उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## वेदमूर्ति डॉ. अनिल पांडेय ने यज्ञदान के महत्व पर सुनाया प्रेरक प्रसंग

संवाददाता

**बोकारो।** राजराजेश्वरी महालक्ष्मी यज्ञ के नवनिर्मित भव्य मंडप में यज्ञ कुंडों के निर्माण का कार्य पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ वैदिक आचार्यों के निर्देशन में युद्धस्तर पर जारी है। श्रद्धालुओं में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। यज्ञ स्थल पर बोकारो से आए श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या ने यज्ञ मंडप का अवलोकन किया और स्वयं को इस महायज्ञ का साक्षी मानकर अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त की। यज्ञ में दान और पुण्य के महत्व को लेकर श्रद्धालुओं के मन में जिज्ञासा उत्पन्न हुई, जिसे दूर करने के लिए उन्होंने वेदमूर्ति डॉ. अनिल पांडे जी से प्रश्न किया। इस अवसर पर उन्होंने यम संहिता से एक प्रेरणादायक प्रसंग सुनाया, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि यज्ञों में दान और सत्संग का कितना महत्व है और कैसे यह जीवन के पापों का नाश कर सकता है। उन्होंने बताया कि प्राचीनकाल में विश्वजीत नामक एक राजा हुआ करते थे, जो बहुत ही धर्मपरायण और यज्ञों में आस्था रखने वाले थे। उनके दरबार में एक अत्यंत बुद्धिमान मंत्री था, जिसकी चतुराई इतनी प्रभावशाली थी कि वह अपनी बातों से सत्य को झूठ और झूठ को सत्य सिद्ध कर देता था। लेकिन उसके अंदर कई बुराइयां भी थीं। वह घूसखोरी करता था, जनता के धन का हड़प कर उसे अपने स्वार्थ में लगाता था, और अनैतिक कार्यों में संलिप्त था। बावजूद इसके, लोग उसकी



चालाकी से प्रभावित होकर उसे सम्मान देते थे और उसके वास्तविक स्वरूप को पहचान नहीं पाते थे। दैवयोग से एक दिन उसकी मृत्यु हो गई। यमदूत उसे पकड़कर यमलोक ले गए, जहां यमराज के समक्ष उसके पाप और पुण्य का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया गया। जब उसके पापों की जांच की गई, तो 14 साक्षियों ने, जिसमें दिशाएं, दिन, रात्रि, सूर्य, चंद्र, पृथ्वी, वरुण आदि शामिल थे। उसके सारे पापों का खुलासा किया। धर्मराज ने यह देखकर घोषणा की कि यह व्यक्ति अपने कुकर्मों के कारण नरक में जाने योग्य है। लेकिन इसके बाद जब चित्रगुप्त ने उसके पुण्य कर्मों का विवरण प्रस्तुत किया, तो एक चौंकाने वाली बात सामने आई। वह व्यक्ति बड़े-बड़े यज्ञों में दान करता था, प्रतिदिन 100 ब्राह्मणों को भोजन कराता था और उन्हें उचित दक्षिणा प्रदान करता था। वह स्वयं भी यज्ञ स्थल पर भेष बदलकर सफाई करता था, सत्संग में भाग लेता था और कथा श्रवण में गहरी रुचि रखता था। इसके अलावा, यज्ञ समाप्ति के पश्चात वह गोदान, वस्त्रदान और अन्य धर्म कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग लेता था। इन पुण्य कर्मों को देखकर धर्मराज अत्यंत प्रसन्न हुए। उन्होंने ₹धन्य-धन्य₹ कहकर उसकी प्रशंसा की और चित्रगुप्त से कहा कि उसके दान और सत्कर्मों के प्रभाव से उसके पापों का तीन-चौथाई भाग समाप्त हो गया है। अब केवल एक चौथाई पाप शेष है, जिसके कारण उसे नरक के द्वार तक ले जाया जाए, परंतु नरक में दंड न देकर स्वर्ग होते हुए वैकुंठ लोक पहुंचा दिया जाए। वेदमूर्ति डॉ० अनिल पांडेय ने इस प्रसंग के माध्यम से स्पष्ट किया कि हम सभी गृहस्थ जीवन में रहते हुए जाने-अनजाने कई गलतियां कर बैठते हैं, लेकिन यदि हम यज्ञ, सत्संग और दान-पुण्य में तन-मन-धन से समर्पित रहते हैं, तो यह हमारे जीवन को पवित्र और शुभ बना सकता है। उन्होंने कहा कि यज्ञों में सहभागिता करने से न केवल आत्मिक शांति प्राप्त होती है, बल्कि जीवन में सुख-समृद्धि भी आती है। डॉ० अनिल पांडेय के इस प्रेरणादायक प्रवचन के पश्चात पूरे यज्ञ मंडप में धर्मराज की जय, यज्ञ भगवान की जय, छिन्नमस्ता माता की जय के उद्घोष गूंज उठे। श्रद्धालुओं में विशेष रूप से बोकारो से आए भक्तों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही, जिन्होंने इस यज्ञ का दर्शन कर स्वयं को सौभाग्यशाली माना। यज्ञ स्थल पर भक्तों की आस्था और उत्साह देखते ही बन रहा था, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा।

### चिन्मय विद्यालय में प्री नर्सरी, द्वितीय एवं तृतीय के नव नामांकित छात्रों का हुआ स्वागत



संवाददाता

**बोकारो।** चिन्मय विद्यालय बोकारो में वर्ष 2025-26 के प्री नर्सरी द्वितीय एवं तृतीय के नवीन नामांकित छात्रों के लिए आयोजित सम्मान समारोह सोल्लास संपन्न हुआ। इसमें सभी छात्र-छात्राओं के अभिभावकों ने भाग लिया, जहां उन्हें विद्यालय की उपलब्धि, उद्देश्य, सेवा कार्य एवं संस्थागत ढांचे के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सहित गणमान्य उपस्थित अतिथियों विद्यालय के अध्यक्ष विश्वरूप मुखोपाध्याय, विद्यालय के सचिव महेश त्रिपाठी, प्राचार्य सूरज शर्मा, उप प्राचार्य नरमेंन्द्र कुमार, रश्मि सिंह, रश्मि शुक्ला एवं सोमा झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात विद्यालय के संगीत नाटक विभाग द्वारा सुंदर स्वागत गान एवं नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी विशिष्ट अतिथियों, छात्रों एवं अभिभावकों का स्वागत करते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि मुख्य अतिथियों का विद्यालय उनके सहयोग एवं दिव्य उपस्थिति के लिए हमेशा आभारी रहेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राजस्व उपनिरीक्षक को दी भावभीनी विदाई



**बोकारो।** गोमिया प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित हुआ। मौके पर बीडीओ महादेव कुमार महतो, सीओ आफताब आलम, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी डॉ सुरेश कुमार, प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राज किशोर मिश्रा मौजूद थे। वहीं गोमिया प्रखंड कार्यालय में पदस्थापित प्रभारी प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी गजेन्द्र प्रसाद वर्मा एवं गोमिया अंचल कार्यालय में पदस्थापित राजस्व उप निरीक्षक अरुण कुमार राम को शॉल ओढ़ाकर तथा पुष्पगुच्छ देकर भावभीनी विदाई दी गई। बीडीओ महादेव कुमार महतो एवं अंचल अधिकारी आफताब आलम ने संबोधित कर उनके कार्यकाल की काफी सराहना की तथा कार्यक्रम का संचालन रोजगार सेवक विनय गुरु ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन प्रभारी कल्याण पदाधिकारी राजकिशोर मिश्रा ने किया। मौके पर पंचायत सचिव राजू मल्लाह, संजय कुमार, उदय कुमार, रितु कुमारी, राधा कुमारी, आशीष कुमार,चंदन, नितेश कुमार, मोहसिना परवीन, प्रीति कुमारी रोजगार सेवक एकराम शम्सी, कपिलदेव रविदास सहित काफी संख्या में प्रखंड कर्मी एवं अंचल कर्मी मौजूद थे।

### ज्ञानरंजन ने दूसरी बार यूनिवर्सिटी टॉप कर बढ़ाया जिले का मान




**चतरा।** चतरा जिले के ज्ञानरंजन ने झारखंड राय यूनिवर्सिटी के पांचवें दीक्षांत समारोह में बी. टेक माइनिंग में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर यूनिवर्सिटी टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। उनकी इस सफलता पर राज्यपाल संतोष गंगवार, पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा और कुलपति डॉ० सविता सेंगर ने उन्हें एपीजे अब्दुल कलाम स्वर्ण पदक से सम्मानित किया। ज्ञानरंजन का परिवार साधारण है। उनके पिता विनोद साव किसान हैं और मां उर्मिला देवी गृहिणी हैं। लेकिन उनकी पढ़ाई का पूरा खर्च उनके दादा स्व. दामोदर साहू ने अपने पेंशन के पैसे से उठाया। ज्ञानरंजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने दादा को दिया और कहा कि आज जो भी उपलब्धि उन्होंने हासिल की है, वह उनके दादा के मार्गदर्शन और समर्थन के बिना संभव नहीं थी।

### 16 वां स्व. शिवनारायण कुमार महतो मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू



**बोकारो।** नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के गोनियाटो स्थित ग्रामीण स्टेडियम में युवा विकास क्लब एवं ग्राम विकास समिति गोनियाटो के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय 16वां स्व शिवनारायण कुमार महतो मेमोरियल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार को किया गया। मैच का उद्घाटन युवा आजसू के राज्य संयोजक टिकैत कुमार महतो, मुखिया प्रतिनिधि रामकुमार मरांडी, झामुमो नेता गंगाराम महतो, समाजसेवी सीताराम सोरेन, राजेश तुरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। उद्घाटन मैच जेएमडी क्लब पेंक बनाम युवा विकास क्लब गोनियाटो के बीच खेला गया। उद्घाटन मैच में पहले टॉस जीतकर पेंक की टीम ने फील्डिंग का निर्णय लिया। बल्लेबाजी करते हुए गोनियाटो की टीम ने 8 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 78 रन बनाए। जवाबी पारी खेलते हुए पेंक की टीम ने 9 विकेट खोकर 79 रन बनाकर मैच को जीत लिया। मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष काजल उर्फ तुलसी कुमार महतो, उपाध्यक्ष शैलेश कुमार, सचिव बीरेंद्र कुमार महतो, कोषाध्यक्ष अशोक तुरी, उपसचिव होरिल महतो, टिंकू कुमार, अजय नायक, मैच संचालक दिनेश कुमार महतो, दिलीप मरांडी, संजीत कुमार, विजय कुमार दास, कृष्णा कुमार, गणपत महतो, जितेंद्र मुर्मू, दशरथ मुर्मू, मिथुन कुमार, महेंद्र महतो, कपिल तुरी, जितेंद्र महतो, राजाबाबू आदि लोग उपस्थित थे।

### रमजान शुरू से, पहला रोजा आज

**बोकारो।** मुस्लिम समुदाय का सबसे पाक महीन रमजान भारत में 2 मार्च (रविवार) से शुरू होने वाला ।गोमिया आईईएल जामा मस्जिद इमाम मुफ्ती काशिफ रजा ने बताया कि 28 फरवरी यानी 29 शाबान 1446 हिजरी को रमजान का चांद नजर नहीं आया, इसलिए रमजान का पहला 2 मार्च 2025 को पहला रोजा रखा जाएगा। रमजान का महीना चांद दिखने के साथ शुरू होता है। रमजान इस्लामिक कैलेंडर का नौवां महीना है। यह महीना खैरो-ए-बरकत और नेक -अमल करने का है। इस माह में नेक काम का सवाब (पुण्य) बढ़ा दिया जाता है।

### आम्रपाली परियोजना विस्तार पर ग्रामीणों का आक्रोश

# अनापत्ति पत्र को लेकर मचा हंगामा

संवाददाता




**चतरा।** चतरा जिले के टंडवा स्थित आम्रपाली कोल परियोजना के विस्तार को लेकर प्रबंधन द्वारा किए जा रहे प्रयासों से ग्रामीणों में गहरी नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पहले भी फर्जी तरीके से एनओसी ली गई थी, जिस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई, और अब पांच और गांवों से अनापत्ति पत्र लेने के लिए नया पत्र जारी कर दिया गया है। इस फैसले से ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया है।परियोजना प्रबंधन 619.87 हेक्टेयर में कोयला उत्खनन कर 28 मिलियन मीट्रिक टन उत्पादन का लक्ष्य लेकर चल रहा है, जिसे बढ़ाकर 1298.98 हेक्टेयर किया जा रहा है। इसके लिए होन्हे, कुमारंग कला, कुमारंग खुर्द, उड़सू और बिंगलात गांवों के ग्रामीणों से अनापत्ति पत्र लेने के उद्देश्य से 7 मार्च को उड़सू गांव में जन सुनवाई का आयोजन किया गया है। लेकिन ग्रामीणों का कहना है कि परियोजना के 11 वर्षों बाद भी उन्हें उचित लाभ नहीं मिला है। विस्थापन नीति, शिक्षा, मुआवजा, नौकरी, बिजली और पानी जैसी बुनियादी जरूरतों की पूर्ति नहीं की गई, जबकि प्रबंधन करोड़ों रुपये का मुनाफा कमा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनके हिस्से में सिर्फ प्रदूषण, बीमारियां और कोल वाहनों से होने वाली दुर्घटनाएं आई हैं। जब भी उन्होंने अपने अधिकारों की मांग की, उन्हें झूठे मुकदमों में फंसाकर दबाने की कोशिश की गई। कई पीड़ित वर्षों से अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।

स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि परियोजना से जुड़े कुछ बिचौलिये इस जन सुनवाई को सफल बनाने के लिए अवैध रूप से धन और संसाधन झोंक रहे हैं। समाजसेवी सुनील भारती और अमर यादव ने प्रबंधन की दोहरी नीतियों की कड़ी आलोचना की है और निष्पक्ष जांच की मांग की है। ग्रामीणों ने इस बार संगठित होकर विरोध करने का फैसला किया है और किसी भी तरह की जबरदस्ती का कड़ा जवाब देने की चेतावनी दी है।

### बोकारो स्टील प्लांट के एसएमएस - 2 एंड सीसीएस विभाग ने मासिक उत्पादन का बनाया नया रिकॉर्ड

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो स्टील प्लांट के एस एम एस - 2 एवं सीसीएस विभाग ने फरवरी 2025 माह में 3,00,460 टन क्रूड स्टील का उत्पादन किया। यह फरवरी महीने में सेल में किसी भी एसएमएस द्वारा अब तक का सबसे अधिक क्रूड स्टील का उत्पादन है। फरवरी माह में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का पिछला सर्वश्रेष्ठ भिलाई स्टील प्लांट के एसएमएस-3 के द्वारा 2,94,375 टन किया गया था। उल्लेखनीय है कि बोकारो स्टील प्लांट का एस एम एस -2 एंड सी सी एस विभाग अपने प्रदर्शन के स्तर में लगातार बेहतरी लाते हुए नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। इस कड़ी में एस एम एस - 2 एंड सीसीएस विभाग ने विगत दिनांक 16 फरवरी को एक दिन में 47 हीट के साथ 13,281 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर दैनिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था। इसके पूर्व दिनांक 20 अक्टूबर 2022 को एस एम एस - 2 एंड सीसीएस विभाग द्वारा 46 हीट के साथ 12,880 टन क्रूड स्टील का रिकॉर्ड दैनिक उत्पादन किया गया था। बोकारो स्टील प्लांट के एस एम एस - 2 एवं सीसीएस विभाग ने वर्ष 2025 के जनवरी माह में भी 3,37,500 टन क्रूड स्टील का उत्पादन कर पूरे सेल में क्रूड स्टील के मासिक उत्पादन का नया रिकॉर्ड बनाया था।

## एनटीपीसी प्लांट में लगी भीषण आग, इलाके में दहशत का माहौल

संवाददाता



**टंडवा।** तड़वा स्थित एनटीपीसी उत्तरी कर्णपुरा मेगा विद्युत ताप परियोजना में एक बार फिर आग लगने की घटना सामने आई है। शनिवार दोपहर करीब 1 बजे लेबर कॉलोनी के पास स्थित स्टॉक यार्ड में आग भड़क उठी, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। आग की सूचना मिलते ही दमकल की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू किया गया। हालांकि, आग लगने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आग से निकलने वाले धुएं के कारण आसपास के इलाकों में सांस लेने में दिक्कत होने लगी। यह पहली बार नहीं है जब एनटीपीसी प्लांट में आग लगी हो। पिछले वर्षों में भी कई बार ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं। स्थानीय समाजसेवी रामदेव पासवान ने आरोप लगाया है कि हर साल लगने वाली आग के पीछे कोई साजिश हो सकती है। उन्होंने मांग की है कि इस घटना की सीबीआई जांच करवाई जाए ताकि यह पता चल सके कि यह महज एक हादसा है या इसके पीछे कोई षड्यंत्र है। फिलहाल एनटीपीसी प्रबंधन इस घटना को लेकर चुप्पी साधे हुए है। जांच के बाद ही यह स्पष्ट हो पाएगा कि आग लगने की असली वजह क्या थी और क्या किसी की लापरवाही इसमें शामिल है।

## हादसे में मृत हाइवा चालक का शव ऐश पौंड में रखकर मुआवजा की मांग, ट्रांसपोर्टिंग ठप

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल के नूरीनगर स्थित डीवीसी के ऐश पौंड में छाई उठाने वाली कंपनी लॉर्ड्स के अंतर्गत चलने वाले हाईवा नंबर-जेएच05डीयू-9986 के चालक गांधीनगर थाना अंतर्गत राइसा फाइल निवासी 40 वर्षीय मनोज नायक की मौत हाईवा और टेलर के बीच टक्कर में जैनामोड़ के कोचागोड़ा के समीप शुक्रवार की शाम को हो गई। घटना के बाद जरीडीह थाना की पुलिस ने दोनों वाहनों को जब्त कर लिया है। शनिवार को अपराहन चार बजे कांग्रेस नेत्री पम्मी सिंह, गोविंदपुर सी पंचायत के मुखिया विकास सिंह के नेतृत्व में कुरपनिया के लोगों एवं अन्य हाईवा चालकों ने मृत चालक का शव डीवीसी के ऐश पौंड में लाकर रख दिया और 50 लाख रुपये मुआवजा, मृतक के आश्रित को नौकरी तथा बच्चों की पढ़ाई का खर्च की मांग करने लगे। सभी आंदोलनकारियों ने ऐश पौंड को बंद करवा दिया, जिससे पौंड से छाई ट्रांसपोर्टिंग का कार्य भी बंद हो गया। आंदोलनकारियों का कहना था कि जब तक कार्यरत कंपनी और डीवीसी के द्वारा मृतक के आश्रित को मुआवजा नहीं मिलता है तब तक आंदोलन जारी रहेगा। मृतक हाईवा चालक ढाई माह पूर्व ही उक्त हाईवा में चालक के पद पर कार्य संभाला था। मृतक को दो पुत्र 17 वर्षीय छोटू नायक, 6 वर्षीय जय कुमार नायक एवं एक पुत्री 11 वर्षीय सांवली कुमारी सहित पत्नी सुमन देवी है। आंदोलन को सफल बनाने में गोविंदपुर ए पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि महबूब आलम, बी पंचायत के मुखिया चंद्रदेव घांसी, मंजूर आलम, भाजपा नेत्री सीमा देवी, रिजवान अहमद, सुनील महतो सहित कई लोग थे। मामले को लेकर बेरमो एसडीएम मुकेश मछुआ से पूछा गया तो उनका कहना था कि मुआवजा की मांग को लेकर छाई का उठाव करने वाली कंपनी लॉर्ड्स के साथ आंदोलनकारियों की वार्ता को लेकर बेरमो सीओ संजीत कुमार को बोकारो थर्मल भेजा गया है।

## 13 दिनों से लापता युवक का शव बंद खदान में मिला, हत्या का अंदेशा

संवाददाता



**बोकारो।** बोकारो थर्मल के सीसीएल गोविंदपुर के कर्मी राजकुमार भुइंया के लापता 21 वर्षीय पुत्र राहुल कुमार का शव शनिवार को 14वें दिन परियोजना के बंद खदान के पानी में उपलता हुआ पाया गया। शनिवार की सुबह उक्त खदान के पानी में लोग स्नान तथा मछली मारने के लिए पहुंचे तो देखा कि पानी में एक शव तैर रहा है। सूचना स्थानीय पुलिस सहित कॉलोनी के लोगों को दी गई। सूचना के आधार पर थाना के इंस्पेक्टर शैलेंद्र कुमार सिंह, एनि धनंजय कुमार सिंह, अजीत कुमार, दीपक कुमार पासवान सुरक्षाबलों के साथ सीसीएल के उक्त खदान के पास पहुंचे। इसी बीच गोविंदपुर कॉलोनी से भी काफी संख्या में लोग तथा राजकुमार भुईंया भी पहुंचे। इंस्पेक्टर ने मुर्गी फार्म कॉलोनी निवासी आनंद राम सहित अन्य लोगों की मदद से पानी से शव निकाला। शव निकालने के बाद उसकी शिनाख्त पिछले 14 दिन से लापता सीसीएल कर्मी राजकुमार भुइंया के पुत्र राहुल कुमार के रूप में की गई। शव पानी में काफी दिनों से रहने के कारण क्षत-विक्षत हो गया था तथा उससे काफी दुर्गंध भी आ रही थी। बाद में पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भिजवाया, तथा पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। बताया जाता है कि राहुल विगत 16 फरवरी की शाम को घर से यह कहकर निकला कि वह सामान लाने के लिए बाजार जा रहा है और फिर वापस नहीं लौटा। काफी खोजबीन के बाद भी जब वह घर नहीं लौटा तो उसके पिता ने 17 फरवरी को स्थानीय थाना में लिखित सूचना दी। शनिवार को उसका शव उक्त खदान से बरामद किया गया। उक्त खदान से ही सीसीएल की स्थानीय कॉलोनी में कामगारों एवं अधिकारियों के लिए पेयजलापूर्ति की जाती है। खदान से शव बरामद होने के बाद राहुल के मित्र एवं कॉलोनी के लोगों का कहना था कि राहुल खुद बहुत अच्छा तैराक था और वह बराबर उक्त खदान के पानी में तैरने को आता था। कहा कि वह कभी पानी में डूबकर नहीं मर सकता है, उसकी हत्या की गई है।

## युवक का पेड़ से लटकता शव बरामद

**बोकारो।** गोमिया थाना के अंतर्गत डुमरी बिहार ओवरब्रिज के समीप शनिवार सुबह करीब सात बजे एक युवक का पेड़ पर गमछा से बंधा शव लटकता बरामद किया गया। आने-जाने के क्रम में ग्रामीणों ने यह देख मुखिया को सूचित किया और फौरन ही गोमिया थाने को सूचित किया। सूचना मिलते ही पुलिस ने सदल-बल घटनास्थल पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा। मृतक ने जीन्स-शर्ट पहन रखी थी। पुलिस की जांच -पड़ताल के दौरान मृतक की जेब से उसका मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, एक बैग मिला। बैग में मृतक के पुराने कपड़े थे। मोबाइल फोन से ज्ञात हुआ कि मृतक ललपनिया थाना अन्तर्गत केरी गांव महतो टोला का निवासी सूरज बेसरा (36) स्व. नीका मांझी का पुत्र था। पुलिस ने इसकी जानकारी मृतक के परिजनों को दी। मृतक के परिजनों ने बताया कि मृतक उसका भाई था, जिसकी काफी दिनों से मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। पुलिस ने कागजी कार्रवाई कर शव को उसके परिजनों के साथ पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।

## खूंटीकेवाल में जमीन विवाद ने पकड़ा तूल, ग्रामीणों का प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन

संवाददाता



**हंटरगंज।** हंटरगंज अंचल के खूंटीकेवाल गांव में 0.29 एकड़ गैरमजरूआ जमीन को लेकर विवाद गहराता जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि वर्षों से सामुदायिक उपयोग में रही इस भूमि पर कुछ बाहरी लोग अवैध कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं। इसी मुद्दे को लेकर गांव में विरोध प्रदर्शन हुआ, जिसमें सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और प्रशासन से निष्पक्ष जांच की मांग की। ग्रामीणों के अनुसार, खाता संख्या 44, प्लॉट संख्या 52 की यह भूमि गैरमजरूआ खास खाते की है, जिसमें कभी जमींदारों का अनाज गोदाम हुआ करता था। जमींदारों के चले जाने के बाद इस भूमि का उपयोग सार्वजनिक कार्यों के लिए किया जाता रहा। हाल ही में ग्रामीणों ने इस स्थान पर सामुदायिक भवन का निर्माण कार्य शुरू किया था, लेकिन तभी अनूप कुमार नामक एक व्यक्ति ने इसे अपनी जमीन बताकर ऑनलाइन जमाबंदी करा दी और 33 ग्रामीणों पर प्राथमिकी दर्ज करवा दी। ग्रामीणों का आरोप है कि बिना किसी ठोस आधार के चेतना भारती सह गांव गणराज्य संस्थापक विनय सेंगर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया, जो नियम के विरुद्ध है। इसके अलावा, कई निर्दोष ग्रामीणों को भी इस मामले में फंसाया गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन को सात दिनों का अल्टीमेटम देते हुए चेतावनी दी है कि अगर निष्पक्ष जांच नहीं हुई तो वे जिला मुख्यालय में बड़ा धरना देंगे। इस पूरे विवाद पर जब अंचल अधिकारी अरुण मुंडा से सवाल किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया।

## मनरेगा आवास योजना और 15 वीं वित्त आयोग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दी चेतावनी

**चतरा।** चतरा जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट सह प्रशिक्षण भवन हॉल में आयोजित समीक्षा बैठक में मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना और 15 वीं वित्त आयोग की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक की अध्यक्षता उप विकास आयुक्त अमरेंद्र कुमार सिन्हा ने की। इसमें सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, पंचायत सचिव और ग्राम रोजगार सेवकों की उपस्थिति रही। बैठक में पाया गया कि कई पंचायतों और प्रखंडों में योजनाओं का क्रियान्वयन बेहद धीमा है। इस पर उप विकास आयुक्त ने सख्त रुख अपनाते हुए सभी संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को एक सप्ताह के भीतर सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर समय सीमा के भीतर प्रदर्शन में सुधार नहीं हुआ तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने यह भी कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ हर पात्र लाभुक तक पहुंचना अनिवार्य है।

# गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग करना संस्था का मुख्य उद्देश्य : अमल दास

संवाददाता



**बोकारो।** महिलाओं को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाने के साथ ही शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रही सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी ने विश्व एनजीओ दिवस के अवसर पर बोकारो जिले के विभिन्न क्षेत्रों की पांच गरीब कन्याओं के विवाह में आर्थिक सहयोग प्रदान किया।

इस अवसर पर संस्था के संस्थापक सह सचिव अमल दास के निदेर्शानुसार चास प्रखंड के जयतारा गांव के जगदीश बाउरी की पुत्री तुलसी कुमारी, बालीडीह गांव के रणजीत रजवार की पुत्री कशिश कुमारी, बांधडीह गांव के रविंद्र करमाली की पुत्री लाडली कुमारी, गोपीनाथपुर गांव के सुहाग चंद्र गोस्वामी की पुत्री किरण कुमारी और गंझुडीह गांव के देवकी प्रसाद साव की पुत्री काजल कुमारी को पांच-पांच हजार रुपये के चेक उनके माता-पिता को सौंपे गए। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्रभारी ने बताया कि यह संस्था वर्ष 2019 से चंदनकियारी के एक सुदूर गांव पोलकिरी से कार्य प्रारंभ कर चुकी है और वर्तमान में झारखंड के लगभग सभी जिलों में गरीबों के कल्याण के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य जरूरतमंद लोगों को मदद पहुंचाना है, चाहे वह शिक्षा का क्षेत्र हो या स्वास्थ्य का। संस्था अब स्वास्थ्य मिशन परियोजना के तहत हर पंचायत के प्रत्येक घर में सर्वे कराकर निःशुल्क दवा वितरण करने की योजना बना रही है। उन्होंने कहा कि आज के समय में गरीब लोगों के लिए इलाज कराना बहुत कठिन हो गया है, इसी को ध्यान में रखते हुए संस्था ने निःशुल्क दवा वितरण की जिम्मेदारी उठाई है ताकि हर घर तक स्वास्थ्य सेवा पहुंचाई जा सके। संस्था के संस्थापक अमल दास ने कहा कि गरीब बच्चों को शिक्षा की रोशनी से जोड़ना संस्था का मुख्य उद्देश्य है, ताकि आर्थिक तंगी के कारण कोई भी बच्चा पढ़ाई से वंचित न रहे। इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए संस्था प्रत्येक वार्ड में बाल शिक्षा केंद्र खोल रही है, जिससे गरीब बच्चों को उचित और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिल सके। संस्था महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए भी लगातार प्रयासरत है। इसके तहत महिलाओं को पापड़, मोमबत्ती, अगरबत्ती, सिलाई-कढ़ाई, ब्यूटीशियन, नेपकिन पैड, अचार, मेहंदी डिजाइन, सर्फ-साबुन निर्माण आदि का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि वे स्वावलंबी बन सकें और अपनी आजीविका चला सकें। इसके अलावा संस्था नारी मिशन परियोजना, फोटो परियोजना और स्वस्थ भारत परियोजना जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं पर भी काम कर रही है। इस कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक अमल दास के साथ जिला प्रभारी अशोक दास, उप जिला प्रभारी श्रीकांत दास, सुमित्रा देवी, रेणुका बाउरी, ममता बाउरी सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे। संस्था द्वारा किए जा रहे इस पुनीत कार्य की सभी लोगों ने सराहना की और इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया।

## राजभाषा नीति के अनुपालन को ले बोकारो जनरल अस्पताल प्रतिबद्ध : डॉ. करुणामय



**बोकारो।** बीजीएच के प्रभारी डॉ० बी बी करुणामय की अध्यक्षता में अस्पताल में एक हिंदी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में बीजीएच के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आनंद कुमार एवं डॉ. अनिन्दा मंडल के साथ वरीय चिकित्सक तथा चिकित्साकर्मी उपस्थित थे। कार्यशाला का संचालन बी एस एल के राजभाषा अधिकारी उप महाप्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) आलोक कुमार तथा सहायक प्रबंधक (संपर्क एवं प्रशासन) मानस चंद्र रजवार द्वारा किया गया। कार्यशाला में राजभाषा विभाग की तरफ से डॉ. एन के राय, प्रधानाचार्य (शिक्षा विभाग) उपस्थित थे। सर्वप्रथम मंचासीन अतिथियों और कार्यशाला में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों का स्वागत करते हुए विभागीय हिंदी अधिकारी डॉ. कुमारी अल्पना ने विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में प्रगति से संबंधित संक्षिप्त प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## संक्षिप्त खबरें

### मोबाइल फोन की जिद में किशोरी ने जहर खाकर आत्महत्या कर ली

**धनबाद।** धनबाद में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक किशोरी ने मोबाइल फोन न मिलने पर जहर खाकर आत्महत्या कर ली। मृतका 17 वर्षीय गीता कुमारी इंटर की छात्रा थी और अपनी परीक्षा की तैयारी कर रही थी। परिजनों ने बताया कि गीता ने अपने घरवालों से मोबाइल फोन की मांग की थी। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं थी, इसलिए पिता अनिल गोप ने उसे दो महीने के भीतर फोन खरीदकर देने का आश्वासन दिया था। लेकिन गीता पर मोबाइल फोन का इतना अधिक जुनून सवार था कि वह दो महीने भी इंतजार नहीं कर सकी और गुस्से में आकर जहर खा ली। 22 फरवरी को उसने अपनी परीक्षा दी थी, लेकिन इसके बाद उसकी तबीयत खराब होने लगी। जब घरवालों को उसकी हालत गंभीर लगी, तो उसे एस एन एम एम सी एच अस्पताल में भर्ती कराया गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। गीता के भाई बिजेंद्र गोप ने बताया कि उनके पिता राजमिस्त्री का काम करते हैं और परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद कमजोर है। गीता की अचानक मोबाइल की मांग को पूरा करना उनके लिए संभव नहीं था, लेकिन फिर भी उन्होंने भरोसा दिया था कि कुछ समय में फोन खरीद देंगे। लेकिन गीता इस बात को नहीं मान सकी और घरवालों को बिना बताए जहर खा लिया। परिवार के सदस्यों को पहले तो कुछ समझ नहीं आया, लेकिन जब उसकी तबीयत बिगड़ने लगी, तो उसे तुरंत डॉक्टर के पास ले जाया गया। अस्पताल में भर्ती कराने के बाद उसकी स्थिति कुछ ठीक हुई और 22 फरवरी को उसने परीक्षा भी दी। लेकिन 23 फरवरी से फिर उसकी तबीयत बिगड़ने लगी और आखिरकार इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया। इस घटना ने पूरे परिवार को झकझोर कर रख दिया है। घरवाले अब तक यकीन नहीं कर पा रहे हैं कि मोबाइल फोन जैसी मामूली चीज के लिए गीता ने अपनी जान दे दी।

### झारखंड में इस बार भीषण गर्मी, मार्च में ही हीटवेव की दस्तक, 50 डिग्री तक जा सकता है तापमान

**धनबाद।** फरवरी की गर्मी ने इस बार नया रिकॉर्ड बना दिया है। 1952 से अब तक यह सातवीं बार हुआ है जब फरवरी में रातें इतनी गर्म रही हैं। बीते 28 फरवरी को लखनऊ का न्यूनतम तापमान 18.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से कहीं अधिक है। इस बार जनवरी में सामान्य से 88 प्रतिशत कम बारिश हुई, जिसके चलते फरवरी में ही गर्मी अपने चरम पर पहुंच गई। मौसम विज्ञानियों के अनुसार, मार्च में हीटवेव की दस्तक होने की पूरी संभावना है। यह गर्मी सामान्य से अधिक दिनों तक बनी रह सकती है, जिससे लोगों को झुलसाने वाली स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। मई में तो तापमान 50 डिग्री सेल्सियस तक पार कर सकता है, जो बेहद चिंताजनक है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, हालांकि शनिवार को लखनऊ में हल्की बूंदाबांदी होने की संभावना है, जिससे थोड़ी राहत मिल सकती है, लेकिन यह प्रभाव लंबे समय तक नहीं रहेगा और तापमान फिर से बढ़ने की संभावना है। भीषण गर्मी से बचने के लिए लोगों को अधिक मात्रा में पानी पीना चाहिए और शरीर को हाइड्रेटेड रखना चाहिए। मौसमी फलों, सब्जियों, नींबू पानी और लस्सी जैसी ठंडी चीजों का सेवन करने की सलाह दी जा रही है। जरूरत पड़ने पर ओआरएस का घोल भी लिया जा सकता है, ताकि शरीर में पानी की कमी न हो।

### लव जिहाद का मामला, मुस्लिम युवक ने छात्रा को अपने प्रेम जाल में फंसाया

**धनबाद।** धनबाद के जोड़ापोखर के डिगवाडीह इलाके का 20 वर्षीय मुस्लिम युवक राजा अंसारी ने एक नाबालिग छात्रा को प्रेम जाल में फंसा लिया। उसने छात्रा को अपने धर्म की सच्चाई छिपाकर हिंदू होने का झांसा दिया और उसे बहलाकर अपने साथ भगा ले गया। लड़की की मां ने जब बेटी को घर पर नहीं पाया तो उसकी खोजबीन शुरू की। जब कोई सुराग नहीं मिला, तो शुक्रवार को जोड़ापोखर थाने में बेटी के अपहरण की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने छानबीन के दौरान छात्रा की सहेली से पूछताछ की, जिससे यह खुलासा हुआ कि युवक मुस्लिम है और उसने जानबूझकर अपना धर्म छिपाया था। पुलिस ने मोबाइल लोकेशन के आधार पर छानबीन की और आखिरकार रेलवे पुलिस ने दोनों को बोकारो से बरामद कर लिया। आरोपी को हिरासत में ले लिया गया है और इस मामले को लेकर विश्व हिंदू परिषद के जिला सह मंत्री लल्लू झा ने नाराजगी जताते हुए प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### चिरकुंडा में अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म

**धनबाद।** धनबाद जिले के चिरकुंडा थाना क्षेत्र में एक अधेड़ महिला के साथ दुष्कर्म का मामला सामने आया है। आरोपी शेरू खान, जो पीड़िता का पड़ोसी है, घटना को अंजाम देकर फरार हो गया है। स्थानीय लोगों के अनुसार, शेरू खान पहले भी क्षेत्र की एक महिला के साथ छेड़खानी कर चुका था। उसकी हरकतों को लेकर पहले भी थाने में शिकायत दर्ज कराई गई थी, लेकिन समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई, जिससे उसका मनोबल बढ़ता गया।आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। क्षेत्र के लोगों में इस घटना को लेकर गुस्सा है, क्योंकि आरोपी पहले से ही महिलाओं के साथ गंदी हरकतें करता रहा है और अब उसने दुष्कर्म जैसी गंभीर वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस प्रशासन पर दबाव बढ़ गया है कि जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दी जाय।

# बोरागढ़ में सीआईएसएफ की छापेमारी, 100 टन कोयला जब्त



संवाददाता

**झरिया।** झरिया में अवैध कोयले के कारोबार पर शिकंजा कसते हुए सीआईएसएफ और बीसीसीएल अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है। बोरागढ़ ओपी क्षेत्र के सुरेंद्र कॉलोनी स्थित सेंटर ग्राउंड में सीआईएसएफ ने छापा मारकर 100 टन अवैध कोयला जब्त किया। यह कोयला पेलोडर से लोड कर चार हाईवा में भरा जा रहा था। सूत्रों के अनुसार, कपुरगढ़ा बस्ती के पास स्थित एक अवैध मुहाने से कोयला निकाला जा रहा था और ट्रैक्टरों के माध्यम से इसे डंप किया जा रहा था। जैसे ही इस गतिविधि की जानकारी मिली, बोरागढ़ पुलिस और सीआईएसएफ के जवानों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई की और मौके पर पहुंचकर इस अवैध कोयले को जब्त कर लिया। बताया जा रहा है कि इस पूरे अवैध कारोबार को एक व्यक्ति, अवधेश के इशारे पर अंजाम दिया जा रहा था। कोयलांचल झरिया में कोयले का काला कारोबार लगातार जारी है। बीसीसीएल की बंद खदानों और आउटसोर्सिंग क्षेत्रों में कोयले की खुली लूट हो रही है। कोल माफिया बिना किसी डर के अवैध खनन में लिप्त हैं। प्रशासन और सुरक्षा बलों की सख्ती के बावजूद यह व्यापार रुकने का नाम नहीं ले रहा है।

## सफेद बालू का काला कारोबार, प्रति हाईवा कीमत 40 से 45 हजार रुपये तक पहुंची

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद जिले में बालू माफिया खुलेआम बालू का अवैध उत्खनन कर रहे हैं। पांड्रा-बेजरा को छोड़कर जिले में एक भी वैध बालू घाट नहीं है, फिर भी यहां के शहरी और ग्रामीण इलाकों में सैकड़ों हाईवा, ट्रैक्टर और 407 वाहन बिना रोक-टोक बालू ढोते नजर आते हैं। बालू माफिया जिले की नदियों और घाटों से अवैध रूप से बालू निकालकर ऊंचे दामों पर बेच रहे हैं। टुंडी, पूर्वी टुंडी और निरसा क्षेत्र के बेजरा, पोलकेरा, घुरनीबेड़ा, सिजुआ, सररा, मैथन, पंचेत नदी घाट और महुदा के तेलमच्चो घाट से प्रतिदिन भारी मात्रा में बालू की निकासी की जा रही है।राज्य सरकार को इस अवैध व्यापार के कारण हर महीने लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। धनबाद में पहले 24 रुपये प्रति सीएफटी मिलने वाला बालू अब 45 रुपये प्रति सीएफटी तक पहुंच गया है। रियल एस्टेट से जुड़े कारोबारियों का कहना है कि बंगाल से भी बालू धनबाद लाया जा रहा है, लेकिन थाना क्षेत्रों में टोकन मनी चुकाने की वजह से इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है। इस काले कारोबार में खनन विभाग, परिवहन कार्यालय और स्थानीय पुलिस-प्रशासन की मिलीभगत से इनकार नहीं किया जा सकता। धंधे से जुड़े लोगों का कहना है कि सभी का हिस्सा तय होता है, जो हर महीने बालू तस्करों के सिंडिकेट द्वारा पहुंचा दिया जाता है। यही कारण है कि बालू तस्करों के खिलाफ कोई सख्त कार्रवाई नहीं होती। जब भी प्रशासन हरकत में आता है, तो सिर्फ खानापूर्ति कर मामला रफा-दफा कर दिया जाता है।

## सेवानिवृत्त मुख्य कार्यालय अधीक्षक देबयेंदु चौबे की विदाई व सम्मान समारोह पूर्वक संपन्न



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल कार्यालय के पर्सनल विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक देबयेंदु चौबे राजू के सेवानिवृत्ति सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन धनबाद रेलवे ग्राउंड के गैलरी हॉल में किया गया। इस अवसर पर रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों, सहकर्मियों, परिवारजनों और शुभचिंतकों ने उपस्थित होकर उनके सम्मान में कार्यक्रम को यादगार बना दिया। श्री चौबे वर्ष 1988 में धनबाद मंडल रेल कार्यालय में नियुक्त हुए थे और 37 वर्षों तक अपनी सेवाएं देने के बाद अब सेवानिवृत्त हो रहे हैं। अपने लंबे कार्यकाल में उन्होंने न केवल अपने विभागीय कार्यों में दक्षता और निष्ठा से अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया, बल्कि खेलकूद गतिविधियों में भी गहरी रुचि दिखाई। विशेष रूप से क्रिकेट के प्रति उनका झुकाव अधिक था, जिसके कारण वे धनबाद रेल मंडल की क्रिकेट टीम के सक्रिय खिलाड़ी भी रहे। इसके अलावा, वे समिति से भी जुड़े रहे और ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन धनबाद शाखा-2 के कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दीं। विदाई समारोह के दौरान उपस्थित सभी अतिथियों ने श्री चौबे के कार्यकाल की सराहना की और उनके समर्पण तथा अनुशासन की प्रशंसा की। कार्यक्रम में केक काटा गया, उपहार भेंट किए गए और साल ओढ़ाकर उन्हें सम्मानित किया गया। माहौल भावुक भी हुआ जब उनके साथियों और अधिकारियों ने उनके योगदान और व्यक्तित्व को याद करते हुए अपने अनुभव साझा किए। अंत में सभी को स्नेह भोज कराया गया, जहां उपस्थित जनों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस विशेष अवसर पर वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी अजीत कुमार, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी आर.के. सिंह, अमरेंद्र कुमार, राकेश राव, एन.के. खवास, अमिताभ बनर्जी, नितिन प्रधान, अमीर हासमी, महादेव सिंह, राकेश कुमार सिंह, राजीव कुमार, तपन भट्टाचार्य, संकु सरकार, गौतम ओझा, आशीष मुखर्जी, मंजरी पांडेय, अनीता, लिपिका चौबे, सुदर्शना पांडेय सहित कई अन्य रेल अधिकारी, कर्मचारी, क्रिकेट खिलाड़ी, परिवार के सदस्य और शुभचिंतक उपस्थित रहे।

## कुंभ में दिवंगत श्रद्धालुओं की आत्मा की शांति के लिए श्रद्धांजलि सभा आयोजित



संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर आम आदमी पार्टी एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के संयुक्त तत्वावधान में कुंभ मेले में आकस्मिक मृत्यु को प्राप्त श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक भावपूर्ण सभा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, राजनीतिक प्रतिनिधि एवं आम नागरिक शामिल हुए और दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने इस दुखद घटना पर गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए कहा कि कुंभ मेले में मारे गए सभी श्रद्धालुओं को शहीद का दर्जा दिया जाना चाहिए। उन्होंने इस दुर्घटना के पीछे प्रशासनिक लापरवाही को जिम्मेदार ठहराते हुए दोषियों पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की। वक्ताओं ने कहा कि सरकार को इस घटना की निष्पक्ष जांच करवानी चाहिए और यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में इस तरह की त्रासदी दोबारा न हो। सभा के दौरान दिवंगत श्रद्धालुओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए पुष्प चढ़ाए गए और दीप जलाए गए। उपस्थित सभी लोगों ने एक मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं के लिए प्रार्थना की और उनके परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के नेता, विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए। कार्यक्रम में महेंद्र सिंह, राजेश कुमार, मदन राम, समरेंद्र पासवान, भास्कर सुमन, संजय सिन्हा, नीतीश कुमार गुप्ता, रॉकी मंडल, नंदलाल ताती, जावेद खान, डब्लू अंसारी, मोहम्मद इमरान और बबलू अंसारी सहित कई प्रमुख लोग शामिल हुए। सभी ने एक स्वर में यह मांग उठाई कि सरकार पीड़ित परिवारों को उचित मुआवजा दे और इस घटना से सबक लेते हुए भविष्य में कुंभ जैसे बड़े आयोजनों में बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करे। श्रद्धांजलि सभा के दौरान माहौल भावुक था, लोग नम आंखों से दिवंगत श्रद्धालुओं को याद कर रहे थे।

## सप्तचंडी महायज्ञ को लेकर नर्मदेश्वर महादेव मंदिर भेलाटांड से निकली भव्य कलश यात्रा



संवाददाता

**कतरास।** सप्तचंडी महायज्ञ को लेकर शनिवार को नर्मदेश्वर महादेव मंदिर भेलाटांड परिसर से भव्य कलश यात्रा निकाली गई। सर पर कलश लिए 101 महिला व कन्याएं भेलाटांड, कपुरिया, रूदी, ओलीडीह होते हुए बारकी स्थित दामोदर नदी के तट पर पहुंची। यहां आचार्य रवींद्र नाथ शास्त्री, उप आचार्य बालमुकुंद पांडेय, अशोक उपाध्याय व उमा पंडित ने वेद मंत्रोच्चारण के बीच कलशों में जलभरण करवाया। जल लेकर श्रद्धालु वापस उसी रास्ते से मंदिर परिसर पहुंचे। बैंड बाजा के साथ निकली इस कलश यात्रा के दौरान जयकारे लगाते श्रद्धालु नाचते झूमते चल रहे थे। 11 दिनों तक चलने वाले धार्मिक अनुष्ठान से माहौल भक्तिमय हो उठा है। रविवार को ब्राह्मण वरण, अग्नि मंथन, मंडप प्रवेश के साथ पूजन प्रारंभ होगी। प्रतिदिन रात को श्रद्धालु प्रवचन का रसपान करेंगे। यजमान दयालु पांडेय व उनकी पत्नी थे। कलश यात्रा में विधायक शत्रुघ्न महतो शामिल हुए। निवर्तमान पार्षद धर्मेंद्र महतो, विधायक प्रतिनिधि सोनू श्रीवास्तव, यज्ञ कमेटी के हीरा प्रसाद श्रीवास्तव, दुर्गा चरण मरांडी, वीर बहादुर, कृष्णा मंडल, विष्णु चौहान, हीरा कुमार, रमेश महतो, तरुण चौहान, छोटू चौहान, गुड़िया रवानी, भोला चौहान, रवि मोदक, जीतन रजक, सोनू सिंह, अजीत कपरदार, राहुल यादव, गौतम पासी आदि उपस्थित थे।

## धनबाद की उपेक्षा जारी, हाईपरलूप के सपने के बीच सुविधाओं से वंचित शहर

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद का दुर्भाग्य ही कहा जाएगा कि यह जिला हर आवश्यक सुविधा से वंचित होता जा रहा है। एम्स और हवाई अड्डे की सौगात मिलने के बावजूद इसे खोना पड़ा और अब तक शहर को इसकी कोई भरपाई नहीं मिल सकी है। हद तो तब हो गई जब झारखंड के अन्य जिलों को वंदे भारत ट्रेन की सेवा मिल रही है, लेकिन धनबाद को इससे भी वंचित रखा गया है। हाल ही में चल रहे विधानसभा सत्र में भी धनबाद के लिए एयरपोर्ट की जमीन को लेकर किसी भी विधायक ने आवाज नहीं उठाई। यह साफ दर्शाता है कि यह जिला राजनीतिक उपेक्षा का शिकार होता जा रहा है। ऐसा लग रहा है कि धनबाद के विकास को लेकर छलावा किया जा रहा है और इसकी बुनियादी जरूरतों की अनदेखी हो रही है। इसी बीच, एक राहत भरी खबर यह आई है कि आई आई टी मद्रास के सफल परीक्षण के बाद टाटा से रांची के बीच हाइपरलूप का सपना साकार होने के आसार बढ़ गए हैं। यह परियोजना झारखंड के लिए क्रांतिकारी बदलाव ला सकती है और इस क्षेत्र में यातायात का नया अध्याय जोड़ सकती है।

**आई आई टी मद्रास के सफल परीक्षण के बाद टाटा से रांची के बीच हाइपरलूप का सपना साकार होने की उम्मीद बढ़ी**

भारतीय रेलवे के सहयोग से आई आई टी मद्रास द्वारा हाइपरलूप तकनीक का सफल परीक्षण किया गया है। इस परीक्षण में 422 मीटर लंबे ट्रैक पर 700 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पॉड्स को दौड़ाने की संभावना का अध्ययन किया गया। यह परीक्षण हाइपरलूप तकनीक को वास्तविकता में बदलने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।इस परियोजना में टाटा स्टील भी सक्रिय भूमिका निभा रही है। 29 दिसंबर 2022 को टाटा स्टील और ट्यूटर हाइपरलूप ने आई आई टी मद्रास के साथ एक समझौता किया था, जिसके तहत हाइपरलूप टेक्नोलॉजी को बड़े पैमाने पर विकसित करने की योजना बनाई गई थी। टाटा स्टील इस परियोजना में अपने विशेषज्ञता का उपयोग कर रहा है ताकि हाइपरलूप को वास्तविकता में बदला जा सके।पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने 2017 में टाटा से रांची के बीच हाइपरलूप परियोजना की घोषणा की थी। उनका लक्ष्य इसे 2019 तक पूरा करने का था, लेकिन सरकार बदलने के बाद इस योजना पर काम धीमा पड़ गया। अब, रेलवे मंत्रालय और टाटा स्टील की सक्रिय भागीदारी से इस परियोजना के फिर से पटरी पर लौटने की उम्मीद बढ़ गई है। यदि यह परियोजना सफल होती है, तो झारखंड में यातायात के क्षेत्र में क्रांतिकारी परिवर्तन आएगा और इससे उद्योगों व व्यापार को नई गति मिलेगी।

### सारुबेरा पुराना हनुमान मंदिर में मासिक खिचड़ी प्रसाद का वितरण

**कुजू ।** कुजू कोईलांचल क्षेत्र के सर्किट हाउस के पास स्थित पुराना हनुमान मंदिर में मासिक खिचड़ी भोग का आयोजन संध्या के समय किया गया। सर्वप्रथम पुरोहित मृत्युंजय कुमार पांडे ने मंत्र उच्चारण के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की, उसके बाद आरती हुई। खिचड़ी भोग प्रसाद में मंत्र उच्चारण से किया हुआ प्रसाद को मिलाया गया और उसके बाद श्रद्धालुओं के बीच खिचड़ी भोग का प्रसाद का वितरण किया गया। सैकड़ो की संख्या में लोग मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया और अपने-अपने घर भी ले गए। हनुमान मंदिर संचालक समिति के सदस्य प्रसाद वितरण में अपना सहयोग दिए, जिसमें प्रमुख रूप से तेज प्रताप सिंह, संजय कुमार, मनोज श्रीवास्तव, जगदीश चौहान, रतन सिंह, अशोक प्रसाद, मनोज उरांव, राज शर्मा, राजन कुमार, प्रियांशु कुमार, हिमांशु कुमार, प्रकाश महतो, सोनू कुमार सिंह मैं अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सैकड़ो श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोग प्रसाद वितरण को ग्रहण किया। इसके संरक्षक प्रसिद्ध समाजसेवी एवं नेता महेश कुमार सिंह है।

# शिल्पे अनन्या त्रैमासिक पत्रिका द्वारा लघु पत्रिका मेला आयोजित



संवाददाता

**हीरापुर।** लिंडसे क्लब, हीरापुर में शिल्पे अनन्या त्रैमासिक बंगला पत्रिका द्वारा आयोजित तीन दिवसीय चतुर्थ लघु पत्रिका मेला सह सम्मेलन के दूसरे दिन का आयोजन विविध साहित्यिक चचाओं और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर निरसा विधानसभा के विधायक अरूप चटर्जी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत प्रभात फेरी से हुई, जिसके बाद विभिन्न सत्रों में देशभर से आए साहित्यकारों, लेखकों और कवियों ने साहित्यिक विषयों पर अपने विचार साझा किए। मुख्य अतिथि विधायक अरूप चटर्जी का आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रो० डॉ० दीपक कुमार सेन और सचिव डॉ० काशी नाथ चटर्जी द्वारा पुष्पगुच्छ, अंगवस्त्र और मोमेंटो देकर सम्मान किया गया। विधायक ने इस अवसर पर कहा कि धनबाद जिले में इस तरह का साहित्यिक समागम एक ऐतिहासिक पहल है। उन्होंने कहा कि एक समय था जब लोग पढ़ने-लिखने में गहरी रुचि रखते थे, लेकिन आज मोबाइल फोन और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के प्रभाव के कारण पठन-पाठन की संस्कृति धीरे-धीरे समाप्त होती जा रही है। उन्होंने इस तरह के आयोजनों को साहित्य और अध्ययन के प्रति रुचि जगाने का महत्वपूर्ण प्रयास बताते हुए आश्वासन दिया कि साहित्यिक विकास के इस सफर में वे हर संभव सहयोग प्रदान करेंगे। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में लघु पत्रिकाओं पर परिचर्चा एवं पुस्तक परिचय का आयोजन किया गया, जिसका संचालन प्रो० वरुण सरकार ने किया। इस दौरान राज नारायण तिवारी ने एक भावपूर्ण कविता प्रस्तुत की। इस सत्र में प्रो० बी० जी० मजूमदार ने लघु पत्रिकाओं की महत्ता पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूर्व में विज्ञान के क्षेत्र से जुड़े थे, लेकिन साक्षरता आंदोलन की शुरूआत के साथ वे साहित्य की ओर आकर्षित हुए। उन्होंने यह भी कहा कि आज के समय में लोगों की साहित्य के प्रति रुचि कम हो रही है, जिसे लघु पत्रिकाओं के माध्यम से फिर से जीवंत किया जा सकता है। उत्तराखंड से आए साहित्यकार उदय किरोला ने अपनी बात रखते हुए कहा कि हमें निराश होने की आवश्यकता नहीं है, क्योंकि साहित्य और संस्कृति के माध्यम से सामाजिक परिवर्तन अवश्य होगा। इसी क्रम में डॉ० मृणाल जनवादी लेखक संघ ने कहा कि लघु पत्रिकाओं ने हमेशा से प्रतिरोध, आंदोलन, कार्पोरेट और सांप्रदायिकता के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद की है और यह सिलसिला भविष्य में भी जारी रहेगा। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि आने वाली पीढ़ी को लघु पत्रिका आंदोलन को और आगे बढ़ाना होगा।

पश्चिम बंगाल के अजय सान्याल, प्रदीप बनर्जी, अभिजीत मान, दिलीप कुमार मिस्त्री, रीता दास गुप्ता, दिलीप वैराग्य, राम चंद्र सिंह, उज्ज्वल दत्ता और अपूर्व राय ने भी अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में हिंदी गीतों की भी प्रस्तुति की गई। संतोष कुमार महतो और राज नारायण तिवारी ने जनवादी गीत हम मेहनत करके जीने वाले - जागो मजदूर किसान प्रस्तुत कर दर्शकों को भावविभोर कर दिया। इसके बाद एक चिंगारी नामक जनवादी गीत का विमोचन किया गया। दूसरे सत्र में वर्तमान समय में महिला लेखकों की चुनौतिया विषय पर गहन चर्चा हुई। इस सत्र की अध्यक्षता उर्मिला मोगा पंजाब निवासी ने की और संचालन गायत्री आचार्जी द्वारा किया गया। उर्मिला मोगा ने कहा कि लघु पत्रिका मेला में गहन चिंतन हो रहा है, जो साहित्यिक दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि हमें अलग-अलग भाषाएं सीखनी चाहिए, जिससे हम देश के विभिन्न हिस्सों में होने वाले साहित्यिक सम्मेलनों में प्रभावी रूप से भाग ले सकें।

## धनबाद में व्यवसायी से 30 लाख रुपये की ठगी, मामला दर्ज

संवाददाता

**धनबाद।** धनबाद के सरायढेला थाना क्षेत्र में 30 लाख रुपये की ठगी का मामला सामने आया है। कोचाकुल्ही निवासी व्यवसायी उपेंद्र कुमार ने दो लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। पुलिस ने इस मामले में राजेश अग्रवाल और विकास अग्रवाल के खिलाफ केस दर्ज किया है। व्यवसायी उपेंद्र कुमार की गोसाईंडीह सबलपुर में वायोफिना नामक प्रोपराइटरशिप रजिस्टर्ड फर्म है। ये दोनों कंपनी से माल उठाकर दुकानों से ऑर्डर लेते थे और फिर डिलीवरी के बाद नकद पैसा लेकर कंपनी के खाते में जमा कराते थे। 2019 में उपेंद्र कुमार अपने पिता के इलाज के लिए दिल्ली चले गए थे। उन्होंने राजेश और विकास को कंपनी का काम सौंप दिया था। जब वे 2023 में लौटे और जुलाई 2024 में कंपनी के आय-व्यय का हिसाब मांगने लगे, तो दोनों टालमटोल करने लगे। जब विस्तार से हिसाब किया गया, तो पता चला कि 30 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई है। राजेश अग्रवाल ने अपने बेटे के नाम से नया जीएसटी नंबर लिया और उसी के जरिए कंपनी का घपला किया। उसने कंपनी के पैसे को अपने निजी खाते में डालकर व्यवसाय शुरू कर दिया। जब उपेंद्र कुमार ने इस धोखाधड़ी की जानकारी दी, तो सात फरवरी को राजेश और विकास उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। उन्होंने खुलेआम धमकी दी कि वे अब कोई पैसा वापस नहीं देंगे और जो करना हो, कर लो।

हिन्दी दैनिक
झारखंड दर्शन
बोकारो, रविवार 02 मार्च 2025



E-mail : jharkhanddarshan405@gmail.com ● Website: jharkhand-darshan.com

## सुभाषितम्

**आप सफल होना चाहते है, तो आपको सफलता के घिसे-पिटे रास्तों पर चलने की बजाएं नए रास्ते बनाने चाहिए - जॉन डी. राकेफेलर**

## विज्ञान साहित्य समाज का दर्पण है

विज्ञान साहित्य समाज का दर्पण है ऐसा बहुधा कहा जाता है। यह समय की सीमा में सभी प्रचलित और अप्रचलित विचारों और अवधारणाओं को प्रभावित करता है और इनमें सन्तुलन बनाए रखने की कोशिश करता है । इसके विपरीत विज्ञान सत्य को पाने के लिए कुछ लक्ष्य प्रस्थापित करता है। इसके तरीके बहुत ही सुव्यवस्थित रीति से एक-दूसरे से सन्तुलन बनाए रखते हैं। विज्ञान उन सभी मनोवृत्ति के तरीकों को जुटाता है जो कि सारभूत रूप में संवेदनाओं और मनोभावों के विपरीति है और जिन्हें हमारे जीवन को आकार रूप देने में एक लंबी दूरी को तय करना पड़ा है और जिन्हें वे साहित्य से जुटा पाए है। इसलिए विज्ञान साहित्य युग की मानसिक प्रवृति का वर्णन करता है । इसमें विज्ञान और मनोविज्ञान की उपलब्धियाँ और उनका स्वरूप अभी भी विचारधीन है। भावों, स्वप्नों और आत्मा के कार्य-कलापों के बाद हम उस समय को ले सकते हैं जब आवश्यकता को मद्देनजर रखते हुए अभिप्रायों को काल्पनिक रूप में लिया जाने लगा है और शैली बहुत ही सूक्ष्म बन गई। इस प्रकार नैतिक मान्यताएं अवरूद्ध सी हो गई हैं। इस वैज्ञानिक युग में विज्ञान का साहित्यिक प्रेरणाओं पर काफी प्रभाव पड़ा है ।सामान्य व्यक्ति हमेशा अपने भैतिक सुखों की प्राप्ति में लिप्त व उनसे संबंधित मात्र दिखता है। व्यक्ति की खुशियों और दुःखों पर साहित्य का भी प्रभाव पड़ता है।

विज्ञान साहित्य का ऐसा मिला-जुला ढंग उस साहित्य के सृजन में सहायक होता है जो पूर्णतः भौतिकवादी होता है तथा शुद्ध कला का निर्माण नहीं करता ।जैसा कि सर्वविदित है कि 16वीं शताब्दी से धर्म और कला के साथ-साथ विज्ञान प्रतिस्पर्धा शक्ति के रूप में विकसित हुआ। 18वीं शताब्दी के मध्य में प्रत्येक शिक्षित व्यक्ति के मस्तिष्क में इसने विशेषाधिकार की इच्छा जागृत की। अनुमानतः 19वीं शताब्दी के मध्य बौद्धिक व्यक्तियों में मौलिक स्थान प्राप्ति की दृष्टि से औसत व्यक्तियों के पूर्व व्यवसाय के रूप में यह दृष्टिगोचर हुआ ।इसने अपनी उपस्थिति का मान भौतिक विश्व में अपने प्रयोगों द्वारा दिखाया, उस एकीय विचार से दिखाया जिसको इसने शिक्षा की विभिन्न शाखाओं के ससंख्य अन्वेषकों को प्रदान किया और भविष्य में और सुदृढ रूपों में प्रदान करने का वायदा किया। तर्कसंगत चिंतन की शक्ति और सन्तुष्टि इसी ने प्रदान की। यह सर्वोच्च शासन को इस नए युग में अधिकार में किए हुए है। उत्पादन को उन्नति में इसने सहायता प्रदान की और इस सहायता के आयामों को आगे बढ़ाया है ।यह अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष रूप से प्रवृतियों की सीमाओं में रखते हुए युग साहित्य को एक नए सांचे में ढालता है । लेकिन इसका आशय यह नहीं समझ लेना चाहिए कि सिर्फ यही विचारधारा युग साहित्य का वर्णन कर सकती है । इससे बहुत दूर वर्तमान खंड परिरक्षा के सिद्धांत पर इसका बहुत विशाल प्रभाव पड़ा है और काफी शक्तिशाली रूप में ग्रहण किया गया है ।विज्ञान का साहित्य की भाषा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है, जिससे वह सुस्पष्ट, सीधी, आसान और संक्षिप्त हो गई है । भाषा की इस सरलता और सादगी से प्रत्येक व्यक्ति खुश है । घुमा-फिरा कर कही बातों तथा विवरणात्मक भाषा को कोई स्वीकार नहीं करता। लंबे-चौड़े विवरण लोगों के लिए असहनीय होते हैं। इस तरह साहित्य में वैज्ञानिकता का समावेश हुआ और साहित्य का विकास वैज्ञानिक तकनीक की प्रगति और साहित्य में इसके पदार्पण संभव हो पाया है। अतः राष्ट्रीय अस्तर पर हिंदी विज्ञान साहित्य परिषद ही एक मात्र ऐसी संस्था बची है जो इन उद्देश्यों को पूर्ण कर सकती 23 फरबरी 25 को 10:30बजे रविवार, को नई कार्यकारिणी का गठबंधन हेतु आम सभा भाभा 23जनवरी 25 को परिषद की आम सुबह प्रातः 10:30 बजे शुरू हुई जिसकी अध्यक्षता श्री बी एन मिश्र ने की बाद में सभा में उपस्थित सभी लोगों को आम सभा में सभी एजेंडा को सचिव सत्य प्रभात प्रभाकर व राजेश कुमार सह सचिव ने परिषद के प्रगति व आगे आने वाले कार्यक्रम के बारे में बताया, बाद में व्यवस्थापन मंडल के सदस्य व कार्यकारिणी के सदस्यों ने वर्तमान कार्यकारिणी के समय को 6महीने बढ़ाने का प्रस्ताव दिया जो सभा में उपस्थित सभी लोगों ने स्वीकार किया सभी उपस्थित आजीवन सदस्यों का सह सचिव ने आभार व्यक़्त किया अब पुनः वैज्ञानिक के आगामी अंको का प्रकाशन हो पायेगी।

हिन्दी विज्ञान की लोकप्रिय पत्रिका, से जुड़े सभी विज्ञान लेखकों पाठकों और सृजनशील व्यक्तियों के निरंतर सहयोग, स्नेह, विश्वास और वैज्ञानिक से लगाव है। इसके मुख्य संपादक श्री राजेश कुमार मिश्र हैं व संपादकीय बोर्ड के सदस्य सर्वश्री, राजेश कुमार, केके वर्मा, डॉ संजय कुमार पाठक व वैज्ञानिक के व्यवस्थापक ,सर्वश्री श्री नवीन त्रिपाठी, बी.एन. मिश्र,अनिल अहिरवार, प्रकाश कश्यप, बधाई के पात्र हैं.विज्ञान साहित्य का ऐसा मिला-जुला ढंग उस साहित्य के सृजन में सहायक होता है जो पूर्णतः भौतिकवादी होता है तथा शुद्ध कला का निर्माण नहीं करता है । हिंदी है भारत की बिंदी है रामायण से लेकर सभी ग्रन्थ हिंदी में पढ़ना रुचिकर है, आओ हिंदी को गले लगाएं और बंदे मातरम का अलख जगायेंगे.माधुर्य और शौकीन मिजाजी की प्रस्तावनाओं को बहुतायत से छोड़ा जा रहा है । इस प्रकार साहित्यिक गतिविधियों पर विज्ञान का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ा है ।

# हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास जुड़ा है


हृदयनारायण दीक्षित

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन ने केन्द्र पर हिन्दी थोपने का आरोप दोहराया है। इस बयान से राष्ट्रभाषा प्रेमी आहत हैं। हिन्दी हमारा जीवनरस है। प्राण और आत्म भी। मां के गर्भ से संसार में आए तो रोये हिन्दी में। सोए हिन्दी के आंचल में। जागे तो हिन्दी सुने। उठे, बैठे, चले, लुढ़के, गिरे, रोए हिन्दी में। मां ने उठाया और मनाया भी हिन्दी में। गुस्साए और रूठे भी हिन्दी में। बालक से तरुण हुए, गांव, क्षेत्र, नगर जाना हिन्दी में। प्रीति, रीति, नीति हिन्दी की। हमारी प्रकृति हिन्दी है। स्वाभाविक ही हमारी संस्कृति भी हिन्दी में ही खिलती है। उल्लास और उत्साह का रस हिन्दी है। हम हिन्दी में सोचते हैं, हिन्दी में प्रकट होते हैं। हिन्दी हमारी मां है। अंग्रेजी हमारे परिवार की भाषा नहीं है। हमें बताया जाता है कि अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा है। हम यह उपदेश मान भी लेते लेकिन क्या करें? एशिया महाद्वीप के 48 देशों में से भारत छोड़ किसी भी देश की मुख्य भाषा अंग्रेजी नहीं है। अजरबैजान की भाषा अजेरी, अर्मेनिया की अर्मेनियन, इजराइल की हिब्रू, ईरान की फारसी, उज्बेकिस्तान की उज्बेक, ओमान, सऊदी अरब, सीरिया, ईराक, जार्डन, यमन, बहरीन, कतर व कुवैत की भाषा अरबी है। चीन, ताईवान, सिंगापुर की मंदारिन, इण्डोनेशिया की डच, दोनों कोरिया की कोरियायी, श्रीलंका की सिंहली व तमिल, कम्बोडिया की खमेर, अफगानिस्तान की पश्तो, पाकिस्तान की उर्दू और तुर्किए की तुर्की है।

यूरोप को अंग्रेजी भाषी क्षेत्र माना जाता है लेकिन यूरोप के 43 देशों में से 40 की भाषा अंग्रेजी नहीं है। यहां डेनमार्क की डेनिस, चेक गणराज्य की चेक, रूस की रूसी, स्वीडन की स्वीडिस, जर्मनी की जर्मन, स्विटजरलैण्ड व पोलैण्ड की पोलिस, इटली की इटैलियन, ग्रीस की ग्रीक, बुल्गारिया की बल्गेरियन, मोल्दोवा की रोमानियन, यूक्रेन की यूक्रेनियन, फ्रांस की फ्रेंच, स्पेन की स्पेनिस है। सिर्फ ब्रिटेन की ही भाषा अंग्रेजी है। आयरलैण्ड की आयरिश व अंग्रेजी है। अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के क्षेत्रों में भी अंग्रेजी मूल भाषा नहीं है। बावजूद इसके अंग्रेजी अंतरराष्ट्रीय भाषा क्यों है? लार्ड मैकाले ने




ब्रिटिश संसद में कहा था उच्चतर जीवन मूल्य और क्षमताओं को देखते हुए भारतीयों पर तब तक विजय प्राप्त नहीं की जा सकती, जब तक वहां की आध्यात्मिक, सांस्कृतिक परम्परा की सशक्त रीढ़ नहीं तोड़ी जाती। इसलिए मेरा प्रस्ताव है कि भारत की प्राचीन शिक्षा पद्धति, संस्कृति को विस्थापित करें कि भारतवासी अंग्रेजी को श्रेष्ठ समझते हुए स्वसंस्कृति और स्वाभिमान खोकर हमारी इच्छानुरूप शासित हो जाएं। महात्मा गांधी ने आहत मन कहा था, पृथ्वी पर हिन्दुस्तान ही ऐसा देश है जहां मां-बाप बच्चों को मातृभाषा के बजाय अंग्रेजी पढ़ाना-लिखाना पसंद करेंगे।

भारत की संविधान सभा में राजभाषा पर तीन दिन बहस हुई। एनजी आयंगर ने सभा (12.9.1949) में हिन्दी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव रखा, हम अंग्रेजी को एकदम नहीं छोड़ सकते। यद्यपि सरकारी प्रयोजनों के लिए हमने हिन्दी को अभिज्ञात किया फिर भी हमें यह मानना चाहिए कि आज वह सम्मुनत भाषा नहीं है। डॉ. धुलेकर ने बहस (13.9.1949) में कहा अंग्रेजी वीरों की भाषा नहीं है। वह वैज्ञानिकों की भी भाषा नहीं है। विज्ञान का एक शब्द भी अंग्रेजी भाषा का नहीं कहा जा सकता और न अंग्रेजी भाषा में प्रयुक्त अंक उस भाषा के अंक हैं। आप कहते हैं अगले 15 वर्षो तक अंग्रेजी भाषा को देश की राजभाषा के रूप में रहने दिया जाये। स्वराज्य के पश्चात भी हमारे स्कूल, विश्वविद्यालय तथा वैज्ञानिक अंग्रेजी में ही काम करते रहेंगे तो यह सुनकर मैं कांप उठता हूं। सेठ गोविंददास ने कहा हमने सेक्युलर स्टेट मान लिया है। मगर इसका यह अर्थ कभी नहीं समझा कि सेक्युलर स्टेट मानना अनेक संस्कृतियां मानना हैं। यह एक प्राचीन देश है और इसका पुराना इतिहास है। इस देश में हजारों वर्षों से एक ही संस्कृति चली आई है। इस परम्परा को रखने के लिए और इस बात का खण्डन करने के लिए कि हमारी दो संस्कृतियां हैं, हम एक भाषा और एक लिपि रखना चाहते हैं। सभा की बहस रोमांचकारी है। पं. नेहरू ने कहा हमने अंग्रेजी इस कारण स्वीकार की, कि वह विजेता की भाषा थी, अंग्रेजी कितनी ही अच्छी हो किन्तु इसे हम सहन नहीं कर सकते। पं. नेहरू अंग्रेजी सहन करने को तैयार नहीं थे। राजभाषा प्राविधान के प्रस्तावक हिन्दी को कमतर बता रहे थे। सभा ने 14 सितम्बर 1949 को हिन्दी को राजभाषा बनाया। 15 वर्ष तक अंग्रेजी में राजकाज चलाने का 'परन्तुक' जोड़ा। संविधान के अनु0 343 (1) में हिन्दी राजभाषा बनी, किन्तु अनु0 343 (2) में अंग्रेजी जारी रखने का प्राविधान हुआ। हिन्दी के लिए आयोग/समिति बनाने की व्यवस्था हुई। हिन्दी के विकास की जिम्मेदारी (अनु0 351) केन्द्र पर डाली गयी। मूल प्रश्न यह है कि क्या अंग्रेजी ज्यादा ज्ञानबोधक है? अमेरिकी भाषा विज्ञानी ब्लूम फील्ड ने अंग्रेजी की बाबत (लैंगुएज, पृष्ठ 52) लिखा यार्कशायर (इंग्लैंड) के व्यक्ति की अंग्रेजी को अमेरिकी नहीं समझ पाते। तो फिर अंग्रेजी विश्व भाषा क्यों है?

प्रख्यात भाषाविद् चिंतक डॉ. रामबिलास शर्मा ने भाषा और समाज(पृष्ठ 401) में लिखा अंग्रेजी के भारतीय प्रोफेसरों को हॉलीवुड की फिल्म दिखाइए, पूछिए, वे कितना समझे? इसके विपरीत हिन्दी की सुबोधता को हर किसी ने माना है। हिन्दी अपनी बोलियों के क्षेत्र में तो समझी ही जाती है गुजरात, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में भी उसे समझने वाले करोड़ों है। यूरोप में जर्मन और फ्रांसीसी अंग्रेजी से ज्यादा सहायक है। जर्मनी और अस्ट्रिया की भाषा जर्मन है। स्विट्जरलैण्ड के 70 फीसदी लोगों की मातृभाषा भी जर्मन है। चेकोस्लोवाकिया, हंगरी, युगोस्लाविया और पोलैण्ड के लोग जर्मन समझते हैं। हिन्दी भाषी बढ़े हैं। हिन्दी वाले ज्यादा हैं बावजूद इसके वह अपने ही देश में परिपूर्ण राष्ट्रभाषा भी नहीं है। भाषा संस्कृति की संवाहक होती है। ब्रिटिश व्यापार और सत्ता के साथ अंग्रेजी लाये थे। अमेरिकी बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ पूंजी के साथ भाषा लाती है। भाषा के साथ संस्कृति आती है। अमेरिकी भाषा विज्ञानी नोमचोम्सकी ने कहा था, ह्लकरोड़ों डॉलर के जनसंपर्क उद्योग के जरिए बताया जाता है कि जिन चीजों की जरूरत उन्हें नहीं है, वे विश्वास करें कि उनकी जरूरत उन्हें ही है।

भाषा का विकास सामाजिक विकास से जुड़कर होता है। सामाजिक विकास में संस्कृति और आर्थिक उत्पादन के कारक प्रभाव डालते हैं। भारत की नई पीढ़ी मूल स्त्रोत भाषा और संस्कृति से कट रही है। भारत में हिन्दी जानने वालों की संख्या सौ करोड़ से ज्यादा है। अमेरिका, पाकिस्तान, नेपाल, इंडोनेशिया, इराक, बांग्लादेश, इजरायल, ओमान, इक्वाडोर, फिजी, फ्रांस, जर्मनी, ग्रीस, ग्वाटेमाला, म्यांमार, यमन, त्रिनिडाड, सऊदी अरब, पेरू, रूस, कतर आदि देशों में लाखों हिन्दी भाषी हैं। सबसे बड़ी प्रसार संख्या वाले अखबार हिन्दी के हैं। हिन्दी फिल्मों/सीरियलों का व्यापार करोड़ों में है। हिन्दी में लिखे गए इतिहास, संस्कृति व दर्शन ग्रंथ विश्व की किसी भी भाषा से उत्कृष्ट हैं। लेकिन हिन्दी राजभाषा के असली सिंहासन से दूर है। हिन्दी पंख फैलाकर उड़ी है। अपनी सरलता और लोक आच्छादन की क्षमता के कारण। हिन्दी की स्वीकार्यता में सभी भारतीय भाषाओं का विकास भी जुड़ा हुआ है। स्टालिन पुनर्विचार करें। तमिल और हिन्दी साथ-साथ चलें। राष्ट्र भाषा को वास्तविक सम्मान मिलना ही चाहिए।

# अरुणाचल पर चीन के दावे बेबुनियाद, विभिन्न पहलुओं को दरकिनार कर रहा ड्रैगन

**ओम प्रकाश सिंह**

भारत के सबसे खूबसूरत राज्यों में से एक अरुणाचल प्रदेश को लेकर चीन ने एक बार फिर बड़े-बड़े दावे किए हैं, लेकिन उसके सारे दावे ऐतिहासिक, भौगोलिक और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के आधार पर बेबुनियाद हैं। अरुणाचल सदियों से भारतीय संस्कृति से जुड़ा रहा है। ऐतिहासिक तथ्यों देखा जाए तो अरुणाचल प्रदेश का भारत से संबंध हजारों साल पुराना है। प्राचीन भारतीय ग्रंथों में उल्लेख इसका उल्लेख मिलता है। अरुणाचल प्रदेश का उल्लेख महाभारत और रामायण में है। माना जाता है कि भगवान परशुराम ने यहां तपस्या की थी और यह स्थान भारतीय संस्कृति का हिस्सा रहा है। तवांग मठ का ऐतिहासिक महत्व भी रहा है। तवांग मठ, जो दुनिया के सबसे बड़े बौद्ध मठों में से एक है, भारत से सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से जुड़ा है। यह दलाई लामा के भारत आगमन से पहले ही बौद्ध धर्म के पवित्र केंद्रों में गिना जाता था। अहोम साम्राज्य और भारतीय प्रशासन भी एतिहासिक तथ्य के रूप में उभर कर आता है। मध्यकाल में अरुणाचल प्रदेश अहोम साम्राज्य के प्रभाव में था, जो भारत का प्रमुख शक्ति केंद्र था। अहोम शासकों ने इस क्षेत्र को कभी चीन के अधीन नहीं माना। ब्रिटिश शासन में दौरान भी यही वास्तविकता थी। 19वीं शताब्दी में ब्रिटिश शासन के दौरान अरुणाचल प्रदेश को भारत के पूर्वी क्षेत्र



का हिस्सा माना गया। साल 1914 में ब्रिटिश भारत और तिब्बत के बीच हुए शिमला समझौते में मैकमोहन रेखा को भारत और तिब्बत की सीमा के रूप में मान्यता दी गई थी। भौगोलिक तर्कों को अगर देखा जाय तो अरुणाचल, भारत की प्राकृतिक सीमा में आता है। 1914 में तय की गई मैकमोहन रेखा भारत और तिब्बत की सीमा को स्पष्ट रूप से निर्धारित करती है। चीन कभी इस समझौते का हिस्सा नहीं था इसलिए उसका दावा पूरी तरह से बेबुनियाद है। अरुणाचल की प्राकृतिक स्थिति पर नजर डालने पर भी यही स्थिति सामने आती है। अरुणाचल प्रदेश की भौगोलिक स्थिति और भारत की भौगोलिक संरचना से जुड़ाव इसे भारत का अभिन्न हिस्सा साबित करते हैं। खास बात यह है कि चीन इस मुद्दे पर एक लंबे कालखंड तक चुप्पी साधे रहा। 1962 के भारत-चीन युद्ध से पहले चीन ने कभी अरुणाचल प्रदेश पर दावा नहीं किया। यह दिखाता है कि चीन का दावा पूरी तरह से राजनीतिक है, न कि ऐतिहासिक या भौगोलिक आधार पर सही। लिहाजा, चीन का दावा कानूनी तर्कों पर भी नहीं ठहरता। चीन का दावा अंतरराष्ट्रीय कानूनों के खिलाफ है। चीन का यह दावा संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय संधियों के खिलाफ है।

यह भारत की संसद द्वारा स्वीकृत राज्य है। 1987 में अरुणाचल प्रदेश को भारतीय संसद द्वारा आधिकारिक रूप से पूर्ण राज्य का दर्जा दिया गया। यह दशार्ता है कि अरुणाचल प्रदेश भारत का संवैधानिक हिस्सा है। भारत अरुणाचल प्रदेश पर प्रशासनिक नियंत्रण रखता है, वहां लोकतांत्रिक रूप से चुनी हुई सरकार है और वहां की जनता स्वयं को भारतीय मानती है। चीन की दोहरी नीति है।चीन, ताइवान और तिब्बत पर ऐतिहासिक आधार पर दावा करता है लेकिन जब भारत अपने ऐतिहासिक तर्क प्रस्तुत करता है, तो वह उन्हें नजरअंदाज करता है। चीन ने तिब्बत का जबरन विलय कराया। चीन ने 1950 में तिब्बत पर कब्जा किया लेकिन भारत ने कभी भी तिब्बत की स्वतंत्रता को चुनौती नहीं दी। अब चीन अरुणाचल प्रदेश पर दावा करके अपनी विस्तारवादी नीति को आगे बढ़ा रहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट किया है कि ₹अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न अंग था, है और रहेगा। चीन के झूठे दावों से यह सच्चाई नहीं बदलेगी।

भारत में सभी राजनीतिक दल चीन के इस दावे का विरोध कर रहे हैं। संसद में भी इस मुद्दे पर चर्चा हुई और सभी सांसदों ने चीन की विस्तारवादी नीति की आलोचना की। सीमा पर भारत की कड़ी चौकसी है। भारतीय सेना अरुणाचल प्रदेश में पूरी तरह सतर्क है और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए तैयार है। भारत सरकार ने हाल के वर्षों में सड़कों, पुलों और सैन्य सुविधाओं का तेजी से विस्तार किया है। भारत पहले ही चीन की घुसपैठ की कोशिशों को नाकाम कर चुका है, और यह जता दिया है कि भविष्य में भी ऐसी किसी हरकत को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भारत ने संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक मंचों पर चीन के झूठे दावों का विरोध किया है।

भारत ने क्वाड (दर्ं) और अन्य सुरक्षा संगठनों में अपनी भूमिका मजबूत की है, जिससे चीन पर रणनीतिक दबाव बढ़ेगा। भारत ने चीनी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाकर और आत्मनिर्भर भारत अभियान को बढ़ावा देकर चीन को कड़ा आर्थिक संदेश दिया है। भारत ने स्पष्ट कर दिया है कि अरुणाचल प्रदेश पर कोई समझौता नहीं होगा।

# रमजान : क्या मस्जिदों पर भी फूल बरसायेंगे योगी?

**राकेश अचल**

देश के 22 करोड़ मुसलमानों का पवित्र त्यौहार रमजान रविवार से शुरू हो रहा है। प्रयागराज में समाप्त हुए महाकुम्भ के बाद का ये एक बड़ा त्यौहार है। अब सवाल ये है कि क्या उत्तर पदेश की सरकार सूबे की मस्जिदों में सरकारी हैलीकाप्टर से नमाजियों पर पुष्पवृष्टि करेगी? पढ़ने वाले कहेंगे कि -क्या मूर्खतापूर्ण सवाल किया है? मस्जिदों पर भी कोई फूल बरसता है। वहां तो केवल पुलिस की लाठियां बरसाई जाती हैं। रमजान का महीना महाकुम्भ की तरह हालाँकि पाप धोने का मौका नहीं है लेकिन इस महीने में लोग पूरे एक महीने उपवास कर लोककल्याण के लिए दुआएं करते हैं। पवित्र कुरआन का परायण करते हैं, तरावीह की नमाज पढ़ते हैं और अपनी औकात के हिसाब से जकात [ दान ] भी देते हैं। एतेकाफ करते हैं और माह के अंत में मिलजुलकर ईद मनाते हैं।

यानि ये आत्मशोधन और लोककल्याण की उपासना का महीना है, लेकिन दुर्भाग्य ये है कि किसी भी सरकार के पास इस त्यौहार को मनाने की न इच्छाशक्ति है और न खजाने में पैसा है, न नमाजियों पर फूल बरसाने के लिए कोई हैलीकाप्टर। आम धारणा है कि रमजान महीने की 23 वीं तारीख शबे कद्र है, यानि इसी दिन कुरआन का अवतरण हुआ। इसलिए इस महीने में कुरान का पारायण किया जाता है, जो अनपढ़ हैं वे कुरान सुनते हैं। रमजान के महीने में उपवास को अरबी में सौम और फारसी में रोजा कहा जाता है जाता है। लोग फज्र की नमाज पढ़ते हैं, सेहरी करते हैं। सूर्यास्त के बाद रोजा खोला जाता है यानि इफ्तारी की जाती है। एक जमाना था जब प्रधानमंत्री से लेकर राष्ट्रपति के यहां भी रोजेदारों के



लिए इफ्तार की दावतें होतीं थीं, लेकिन अब सरकार रोजा इफ्तार को पाप और तुष्टिअकरण मानती है इसलिए इस रिवायत को समाप्त कर दिया गया है। मौजूदा सरकार में तो एक भी मुसलमान मंत्री भी नहीं है जो बेचारे रोजदारों को इफ्तार की दावत दे दे।

महाकुम्भ में जैसे सनातनियों के पाप धुल जाते हैं वैसे ही माहे रमजान में रोजदारों के गुनाह माफ हो जाते हैं। रोजा इफ्तार के लिए पकवानों की जरूरत नहीं होती,ये शृद्धा का मामला है। अगर आपके पास कुछ नहीं है तो आप रोजेदार को एक खजूर और और एक गिलास पानी देकर भी इफ्तारी करा सकते हैं। ये महीना मुस्तहिक लोगों की इमदाद करने का है। इस इमदाद को आप जकात कहें या फित्रा कहें या सदका कहें कोई फर्क नहीं पड़ता। रोजा मुसलमानों को जब्ती नफ़्स यानि आत्म नियंत्रण करना सिखाता है। परहेजगारी सिखाता है यानि ये एक तरह की हठ साधना है।

रमजान का आगाज चंद्र दर्शन से होता है और समापन भी चंद्र दर्शन से होता है। ठीक उसी तरह मुसलमान चण्द्रमा की प्रतीक्षा करते हैं जैसे करवा चौथ पर सनातनी विवाहिताएं चन्द्रमा की प्रतीक्षा करती हैं। यानि चाँद सियासित नहीं करता । चाँद दोनों को क्या सभी को दर्शन देता है। चन्दा सबका है। चाँद मियां का भी और चंद्रशेखर का भी। सनातनियों का भी और गैर सनातनियों का भी । आप कह सकते हैं कि काफिरों का भी होता है चाँद। वैसे रमजान इस्?लाम कैलेंडर का नौवां महीना होता है।। माना जाता है कि सन 610 में लेयलत उल-कद्र के मौके पर मुहम्?मद साहब को कुरान शरीफ के बारे में पता चला था। यूं रंजन का मतलब प्रखर होता है।

रोजा हिन्दुओं के अनेक कठिन व्रतों जैसा ही है। हमारे इशाक मियाँ के अब्बू बताया करते थे कि रोजे का मतलब यह नहीं है कि आप खाएं तो कुछ न, लेकिन खाने के बारे में सोचते रहें. रोजे के दौरान खाने के बारे में सोचना भी नहीं चाहिए। इस्लाम के अनुसार पांच बातें करने पर रोजा टूटा हुआ माना जाता है. ये पांच बातें हैं- बदनामी करना, लालच करना, पीठ पीछे बुराई करना, झूठ बोलना और झूठी कसम खाना। अब्बू कि मुताबिक रोजे का मतलब बस उस अल्लाह के नाम पर भूखे-प्यासे रहना ही नहीं है। इस दौरान आंख, कान और जीभ का भी रोजा रखा जाता है। इस बात का मतलब यह है कि न ही तो इस दौरान कुछ बुरा देखें, न बुरा सुनें और न ही बुरा बोलें। रोजे का मुख्य नियम यह है कि रोजा रखने वाला मुसलमान सूर्योदय से लेकर सूर्यास्त के दौरान कुछ भी न खाए। रोजा मन सा वाचा,कर्मणा आत्मनियंत्रण का अवसर है। काम,क्रोध,मोह और लोभ से मुक्ति का संकल्प लेकर रोजा रहा जाता है। मै अ-स्नानी सनातनी हूँ, लेकिन जब -तब अपने मुस्लिम मित्रों को इफ्तार की छोटी-मोती दावत देकर थोड़ा-बहुत पुण्य हासिल करने की कोशिश करता हूँ। ऐसी कोशिशें ही सामाजिक सद्भाव कि लिए जरूरी हैं। ऐसी कोशिशें सरकारों को भी करना चाहिए, लेकिन सरकारें तो सनातनियों की हैं और उन्हीं के लिए काम करतीं हैं। उनका तुष्टिकरण में नहीं सन्तुष्टिकरण में यकीन बढ़ता जा रहा है। सभी रोजेदारों को बहुत-बहुत मुबारकवाद।

## आज का राशिफल

**मेष** : व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी।

**वृष** : सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह रहेगा। स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहयोगियों का सहयोग प्राप्त होगा। यात्रा का योग हैं।

**मिथुन** : प्रसन्नता के साथ सभी जरूरी कार्य बनते नजर आएंगे। मनोरथ सिद्धि का योग है। सम्मान मिलेगा। प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा।

**कर्क** : शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा।

**सिंह** : शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में बाधा दूर होगी।

**कन्या** : परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं।

**तुला** : स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृश्चिक** : लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। कारोबारी काम में बाधा बनी रहेगी। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी।

**धनु** : सुख आरोग्य प्रभावित होगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है। अपनी गतिविधियों पर पुनर्विचार करें। वैचारिक द्वन्द्व और असंतोष बना रहेगा। अपव्यय के कारण बनेंगे।

**मकर** : स्वविवेक से कार्य करें। किसी से कहा सुनी न हो यह ध्यान रहें। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा।

**कुंभ** : प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। धर्म-कर्म में रुचि जागृत होगी।

**मीन** : श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

## संक्षिप्त खबरें

### पुलिस ने गौकशी के लिए ले जाए जा रहे नौ मवेशियों को बचाया

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिले के कटकमसांडी के पेलावल ओपी थाना क्षेत्र में लगातार गोवंश की तस्करी के मामले सामने आ रहे हैं। इसी कड़ी में पुलिस ने एक तस्करी वाहन को पकड़ा, जिसमें गौकशी के लिए ले जाए जा रहे नौ मवेशियों को बरामद किया गया। इस दौरान मुख्य आरोपी मो. चौधरी कुरैशी को गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि अन्य आरोपी भागने में सफल रहे। गुरुवार सुबह पेलावल ओपी थाना प्रभारी वेद प्रकाश के नेतृत्व में यह छापेमारी की गई। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खुटरा पंचायत के पास कुछ लोग अवैध रूप से मवेशियों को ले जा रहे हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने वाहन को रोका, लेकिन तस्कर भागने की कोशिश करने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर वाहन को जब्त कर लिया और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। सभी मवेशियों को हजारीबाग गौशाला भेज दिया गया, जहां उनकी देखभाल की जा रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेलावल क्षेत्र में लगातार गोवंश की तस्करी हो रही है और पुलिस को इस पर सख्त कार्रवाई करनी चाहिए। हर गुरुवार को चतरा जिले से बड़ी संख्या में मवेशियों को लाया जाता है और रात के अंधेरे में उन्हें गोकशी के लिए भेज दिया जाता है। पुलिस ने इस मामले में अन्य आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

### विवेकानंद सेवा आश्रम में धूमधाम से मनाई गई रामकृष्ण परमहंस की 189 वीं जयंती

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के हॉस्पिटल चौक स्थित विवेकानंद सेवा आश्रम में श्री रामकृष्ण परमहंस की 189 वीं जयंती बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर आश्रम परिसर स्थित मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की गई, जिसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूजा-अर्चना के उपरांत जनकल्याण के लिए हवन का आयोजन भी किया गया, जिसमें उपस्थित भक्तों ने पूर्ण श्रद्धा के साथ आहुति दी। इस अवसर पर रामकृष्ण वचनामृत का पाठ किया गया, जिससे उपस्थित जनसमुदाय को आध्यात्मिक प्रेरणा मिली। संध्या समय विशेष आरती एवं भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसमें भक्ति संगीत की मधुर स्वर लहरियों ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। आश्रम के सचिव यशवंत मिश्रा ने अपने उद्बोधन में कहा कि द्वापर युग में भगवान श्रीराम, त्रेता युग में भगवान श्रीकृष्ण और कलियुग में श्रीरामकृष्ण परमहंस का अवतार हुआ, जो सभी भगवान विष्णु के अवतार माने जाते हैं। उन्होंने बताया कि इस मंदिर की स्थापना वर्ष 2000 में स्वर्गीय गजानन मिश्र द्वारा की गई थी। स्वर्गीय गजानन मिश्र न केवल इस मंदिर के संस्थापक थे, बल्कि उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके प्रयासों से विष्णुगढ़ उच्च विद्यालय की स्थापना हुई, जो आज पूरे प्रखंड में शिक्षा के प्रसार में अपनी महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका उमा सोनी, देवेश कुमार, आयुष कुमार, पीयूष कुमार, ममता मिस, डॉ० थानेश्वर महतो, भाजपा कार्यकर्ता सुनील कुमार अकेला, निरंजन मिश्रा सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, शिक्षकगण एवं अभिभावकगण उपस्थित रहे।

### भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने मां अष्टभुजी मंदिर में की पूजा-अर्चना

**हजारीबाग।** केरेडारी प्रखंड के ग्राम कंडाबेर स्थित प्रसिद्ध सिद्धपीठ एवं आदिशक्ति मां अष्टभुजी मंदिर में शनिवार को भाजपा नेत्री शेफाली गुप्ता ने माता रानी की विधिवत पूजा-अर्चना कर लोककल्याण एवं जनकल्याण की मंगलकामना की। उन्होंने माता रानी के दरबार में माथा टेककर सभी के सुख, समृद्धि और खुशहाली के लिए प्रार्थना की। पूजा-अर्चना के दौरान शेफाली गुप्ता ने कहा कि मां अष्टभुजी शक्ति और ऊर्जा का प्रतीक हैं। जो भी भक्त सच्चे मन से माता की अराधना करता है, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। माता रानी की कृपा से भक्तों को शक्ति, साहस और सुरक्षा प्राप्त होती है। उन्होंने कहा कि समाजसेवा के प्रति समर्पण और लोककल्याण की भावना को लेकर वे आगे भी इसी तरह प्रयासरत रहेंगी। मंदिर में पूजा-अर्चना के दौरान भक्तों में विशेष उत्साह देखा गया। भक्तजनों ने भजन-कीर्तन के माध्यम से माता रानी की स्तुति की और दिव्य वातावरण का अनुभव किया। इस पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं, जहां हर कोई माता के दर्शन कर खुद को धन्य महसूस कर रहा था।

### राजकीय मध्य विद्यालय विष्णुगढ़ में शिक्षक लालधन महतो को दी गई भावभीनी विदाई

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय में सेवानिवृत्त शिक्षक लालधन महतो के सम्मान में एक भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन विद्यालय परिवार और शिक्षकों के सामूहिक प्रयास से संपन्न हुआ, जिसमें विद्यालय के शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।लालधन महतो शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रतिष्ठित नाम रहे हैं। वे करीब 30 वर्षों तक शिक्षण कार्य से जुड़े रहे और विष्णुगढ़ प्रखंड के कई विद्यालयों में अपनी सेवाएं दीं। उन्होंने अपने शिक्षण कार्यकाल में न सिर्फ बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी, बल्कि उनके नैतिक और चारित्रिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। समारोह के दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक अशोक कुशवाहा ने कहा कि श्री महतो का शिक्षण कार्य अनुशासन और समर्पण का प्रतीक रहा है। उन्होंने अपने सेवाकाल में छात्रों को न केवल विषयगत ज्ञान दिया, बल्कि उन्हें नैतिक मूल्यों का भी पाठ पढ़ाया। उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन

# युवाओं को ऐसा प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वे अपने गांव में ही स्वरोजगार कर सकें: उपायुक्त



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग में चतुर्थ जनजातीय गौरव दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय रोजगार सृजन मेला 2025 का आयोजन किया गया। इस मेले का आयोजन ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार और जेएसएलपीएस के सहयोग से किया गया। स्थानीय पैराडाइज रिजॉर्ट में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद और जेएसएलपीएस पलाश के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परिदा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर उपायुक्त नैंसी सहाय ने कहा कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से 18 से 35 वर्ष तक के युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने युवाओं को अपने कौशल के अनुसार ही रोजगार चुनने की सलाह दी और जेएसएलपीएस के अधिकारियों से आग्रह किया कि युवाओं को ऐसा प्रशिक्षण दिया जाए जिससे वे अपने गांव में ही स्वरोजगार कर सकें। इस मेले में कुल 1820 युवक-युवतियों ने पंजीकरण कराया, जिसमें से 719 आवेदकों को शॉर्टलिस्ट किया गया और 369 को रोजगार प्रदान किया गया। मौके पर ही सुजीत यादव, आकाश कुमार यादव और निशांत कुमार पासवान को ऑफर लेटर दिया गया। उत्कृष्ट कार्य के लिए रिंकी कुमारी, गायत्री देवी और पूनम देवी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए। इस कार्यक्रम में उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, जेएसएलपीएस के मुख्य परिचालन पदाधिकारी विष्णु परीदा, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा सहित कई अधिकारी, कॉलेजों के छात्र-छात्राएं, सखी मंडल की महिलाएं एवं बेरोजगार युवा शामिल हुए।

## हजारीबाग में क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया फेयर 2025 का भव्य आयोजन



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के ऐतिहासिक गांधी मैदान, मटवारी में क्राफ्ट्स ऑफ इंडिया फेयर 2025 का आयोजन किया जा रहा है। यह मेला 28 फरवरी से 10 मार्च 2025 तक चलेगा, जिसमें सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय, नई दिल्ली के तहत देशभर के उद्यमी भाग ले रहे हैं। इस मेले का शुभारंभ 28 फरवरी को भव्य उद्घाटन समारोह के साथ किया गया, जिसमें आनंद साही, सुनील कुमार साव, प्रकाश कुमार, घनश्याम मेहता, अनिकेत मेहता, सुनील साव सहित शहर के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। उद्घाटन समारोह में दीप प्रज्वलन के साथ मेले की शुरूआत हुई, जिसके बाद विभिन्न स्टॉलों पर आगंतुकों की भीड़ उमड़ पड़ी। इस मेले में 100 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जिनमें हस्तशिल्प, हथकरघा, कुटीर उद्योग और विभिन्न राज्यों के पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित किए गए हैं। कश्मीर से लेकर तमिलनाडु तक, भारत के कोने-कोने से आए कारीगरों ने अपने उत्कृष्ट उत्पादों को प्रदर्शित किया है। मेले में कश्मीरी ड्राई फ्रूट्स, बनारसी साड़ियां, लखनवी चिकन, गुजरात का बंधेज, कश्मीरी शॉल, बंगाल की जामदानी साड़ी, सहारनपुर का फर्नीचर, भागलपुरी सिल्क साड़ी, कानपुर की लेदर चप्पलें और बैग, राजस्थानी जूती, टेराकोटा, क्रॉकरी सहित कई आकर्षक उत्पाद मौजूद हैं। इसके अलावा, यहां इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पाद और हेल्थ केयर प्रोडक्ट्स भी उपलब्ध हैं। मेले में खानपान के लिए विशेष व्यवस्था की गई है, जहां विभिन्न राज्यों के पारंपरिक व्यंजनों का स्वाद चखने का अवसर मिलेगा। मेले का मुख्य उद्देश्य लघु और कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देना है, जिससे उत्पादक और उपभोक्ता के बीच सीधा संपर्क स्थापित हो सके। यह मेला रोजाना सुबह 11 बजे से रात 10 बजे तक खुला रहेगा, जहां विभिन्न राज्यों के कारीगर अपने उत्कृष्ट उत्पादों को प्रदर्शित कर रहे हैं।

### विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत के श्मशान घाट की स्थिति बेहद दयनीय

## गैरमजरुआ जमीन की अवैध रूप से बिक्री एवं अवैध कब्जा बना मुख्य कारण



संवाददाता

**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत निवासियों के पास शवों को जलाने के लिए उन्हें श्मशान घाट जाने का कोई स्थायी रास्ता नहीं है। जिसका मुख्य कारण गैर मजरूआ जमीन की अवैध रूप से बिक्री एवं अवैध रूप से उस पर कब्जा करना है। चेडरा पंचायत के लोग जैसे तैसे शव को श्मशान घाट ले जाने को विवश हैं। बता दें कि विष्णुगढ़ के चेडरा पंचायत अंतर्गत ढंगरटोली के पीछे से नदी तट पर स्थित श्मशान घाट की स्थिति बहुत हीं दयनीय अवस्था में है। स्थानीय लोग शवों को लेकर अस्थाई रास्ते से गुजरते हुए श्मशान घाट तक पहुंचते हैं। शवों को अपने कंधे पर ले जाने के दौरान अनियंत्रित होकर गिर कर जख्मी हो जाने का खतरा हमेशा बना रहता है। जिसकी मुख्य वजह चेडरा मौजा के गैर मजरूआ जमीन की भू-माफियों के द्वारा उसकी अवैध रूप से बिक्री एवं कुछ दबंगों द्वारा उस पर अवैध करना है। यह इतने तक सीमित नहीं है उक्त जमीन पर अवैध तरीके से उसे घेर कर खेती भी धड़ल्ले से की जा रही है। श्मशान घाट में निर्मित शेड भी भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है। श्मशान शेड भी उचित देखभाल एवं साफ सफाई के अभाव में उसके हालात भी कुछ ठीक नहीं हैं। श्मशान शेड की पिलरों में भी दरारें पड़ जाने की वजह से पिलरों में लगाई गई छड़ें भी साफ दिखाई देतीं हैं। इससे श्मशान शेड की गुणवत्ता देखी जा सकती है। शेड निर्माण के बाद केवल उसमें हल्के प्लास्टर चढ़ा कर उस पर बिना वालॅ पुट्टी किए हुए यूं हीं उसे छोड़ दिया गया है। इतना हीं नहीं श्मशान शेड के आसपास कूड़ा कर्कट का अंबार लगा हुआ है। दूसरी ओर शव को जलाने वाले स्थल पर जाने के लिए ढलान भरे हुए रास्तों से होकर गुजरना पड़ता है।शव को जलाने वाला स्थान भी सिमट कर रह गया है जिसकी मुख्य वजह है उस पर भी अवैध रूप से कब्जा करना है। इस जटिल समस्या की ओर न हीं किसी जनप्रतिनिधि की आवाज उठती है और न हीं उनकी नजरे इस ओर जातीं हैं। आखिर कब तक चेडरा पंचायत के लोगों को इस समस्या से मुक्ति मिलेगी जो एक बहुत हीं बड़ा सवाल है। इससे संबंधित विभाग के पदाधिकारियों को इस मामले में उचित एवं निष्पक्ष जांच कर स्थानीय लोगों को इस समस्या से निजात दिलाने की जरूरत है।

## स्व. अहसान खान मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में बलिया की जीत



संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव के ऐतिहासिक बीएमसी मैदान बादम में स्व० अहसान खान मेमोरियल नॉकआउट क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला खेला गया, जिसमें बलिया की टीम ने सिरमा को एकतरफा मुकाबले में हराकर विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। फाइनल मैच में सिरमा ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया, लेकिन यह निर्णय उसके लिए गलत साबित हुआ। सिरमा की टीम निर्धारित 10 ओवर में 7 विकेट खोकर मात्र 66 रन ही बना सकी। बलिया की ओर से निलेश कुमार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 3 ओवर में 11 रन देकर 4 विकेट लिए। जवाब में बलिया की टीम ने शानदार प्रदर्शन किया और बिना विकेट गंवाए 4.1 ओवर में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। बलिया के सलमान ने 16 गेंदों में 2 छक्के और 6 चौकों की मदद से 42 रन बनाए, जबकि कृष्णा ने 9 गेंदों में 2 छक्के और 2 चौकों की मदद से 23 रन बनाए। टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार बलिया के शाहरुख को दिया गया, जबकि सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का पुरस्कार हजारीबाग के शेरू को और सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का पुरस्कार बलिया के सलमान को मिला। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार निलेश कुमार को दिया गया। विजेता टीम बलिया को 20 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी प्रदान की गई, जबकि उपविजेता सिरमा की टीम को 13 हजार रुपये नकद और ट्रॉफी से सम्मानित किया गया।इस अवसर पर गोंदलपुरा पंचायत के मुखिया बासुदेव यादव, बादम पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि दीपक दास, पंचायत समिति सदस्य राजा खान सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद थे।

## हजारीबाग यूथ विंग ने निकाला रक्तदान जागरूकता रथ, सांसद ने दिखाई हरी झंडी



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग यूथ विंग के तत्वावधान में आयोजित 3 मार्च को लक्ष्मी सिनेमा हॉल परिसर में रक्तदान शिविर से पहले शनिवार को शहर में रक्तदान जागरूकता रथ का भव्य शुभारंभ किया गया। सांसद मनीष जायसवाल ने नारियल फोड़कर एवं हरी झंडी दिखाकर इस रथ को रवाना किया। इस दौरान संस्था के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन ने अंगवस्त्र भेंट कर सांसद का स्वागत किया, सांसद ने इस दौरान उन्होंने युवाओं से रक्तदान महादान अभियान से जुड़ने की अपील की और कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा पुण्य कार्य है। रथ के माध्यम से शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थलों पर जाकर लोगों को रक्तदान के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। इस दौरान रक्तदान से जुड़े लाभ, भ्रांतियों के निवारण एवं थैलेसीमिया से ग्रसित बच्चों की रक्त आवश्यकताओं को उजागर किया गया। यह रक्तदान शिविर लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित किया जाएगा, जहां शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवी, चिकित्सा विशेषज्ञ एवं यूथ विंग के कार्यकर्ता सक्रिय रूप से भाग लेंगे। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों की देखरेख में रक्तदान की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि रक्तदाताओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। रथ को हरी झंडी दिखाते हुए सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि रक्तदान से किसी जरूरतमंद को नया जीवन मिल सकता है। हर स्वस्थ व्यक्ति को नियमित रूप से रक्तदान करना चाहिए ताकि कोई भी मरीज रक्त की कमी के कारण अपनी जान न गंवाए। हजारीबाग यूथ विंग की यह पहल अत्यंत सराहनीय है। मैं सभी युवाओं और नागरिकों से आग्रह करता हूं कि अधिक से अधिक संख्या में इस अभियान से जुड़ें और 3 मार्च को रक्तदान कर मानवता की सेवा में योगदान दें।

### एनटीपीसी केडी परियोजना के प्रदूषण से परेशान बेंगवरी के रैयतों ने बंद कराया खनन वा परिवहन

हजारीबाग । केरेडारी एनटीपीसी परियोजना से उड़ने वाले धूल से परेशान बेंगवरी के रैयतों ने एनटीपीसी प्रबंधन का विरोध जताया। बेंगवरी, कुम्हरा बेंगवरी के महिला रैयतों ने माइंस में पहुंच कर कोल ट्रांसपोर्टिंग वा खनन का कार्य बंद कर दिया। कार्य बंद होने से माइंस में खनन वा परिवहन का कार्य पूर्ण रूप से ठप हो गया। महिला रैयतो ने उड़ते हुवे धुल का विरोध जताया। कहा कि कोयला के प्रदूषण से घर में भी रहना मुश्किल हो गया हैं। पेड़ पौधें के पत्तों में कोयला का मोटा परत जम गया हैं। खेती में समस्या उत्पन्न हो गई हैं। रैयतों ने आगे कहा कि एनटीपीसी प्रबंधन परियोजना क्षेत्र के विस्थापित प्रभावित क्षेत्र के रैयतों को छलने का काम कर रही हैं। प्रबन्धन के द्वारा किसानों वा मजदूरों के हित में कोई काम नहीं किया गया। सिर्फ विकास के नाम पर खाना पूर्ति करने का काम करती हैं। विस्थापित प्रभावित महिलाओं को रोजगार से जोड़ने, हर घर से एक महिला वा पुरुष को रोजगार से जोड़ने, बिना गलती के कार्यरत काम गारो को रोजगार से नहीं हटाने, पेय जल के लिए जगह जगह बोरिंग लगान।

**जमानत** | मंजीत यादव हत्याकांड में हाई कोर्ट से रामा सोनी को जमानत

## पूरे मामले में उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, अब न्याय की जीत हुई



संवाददाता

**हजारीबाग।** चर्चित मंजीत यादव हत्याकांड में रेकी करने के आरोप में गिरफ्तार रामा सोनी को झारखंड हाई कोर्ट से जमानत मिल गई है। कोर्ट के आदेश के बाद जेल से रिहा हुए रामा सोनी ने प्रेस वार्ता कर अपनी सफाई पेश की और खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने कहा कि उन्हें एक गहरी साजिश के तहत फंसाया गया था और अदालत से न्याय मिलने पर वे आभारी हैं। रामा सोनी ने कहा कि उन पर मंजीत यादव की रेकी करने और फतहा में हेमंत यादव के घर पर हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया गया था। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे पिछले 11 वर्षों से फतहा नहीं गए हैं और न ही वे किसी हेमंत यादव को जानते हैं। बावजूद इसके, पुलिस ने उन्हें इन आरोपों के आधार पर गिरफ्तार किया था। लेकिन हाई कोर्ट ने उनके खिलाफ ठोस सबूतों के अभाव में जमानत मंजूर कर ली। प्रेस वार्ता के दौरान रामा सोनी ने कहा कि वे जल्द ही कानूनी कार्रवाई कर अपने ऊपर लगे झूठे आरोपों को पूरी तरह खत्म करेंगे। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में उन्हें मानसिक प्रताड़ना झेलनी पड़ी, लेकिन अब न्याय की जीत हुई है। उन्होंने इस केस की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए कहा कि असली दोषियों को सजा मिलनी चाहिए, न कि बेगुनाहों को फंसाया जाना चाहिए। इस मामले में पुलिस जांच अभी भी जारी है। हत्याकांड को लेकर पुलिस नए सिरे से साक्ष्य जुटाने में लगी है ताकि असली अपराधियों को सलाखों के पीछे पहुंचाया जा सके। पुलिस का कहना है कि वह हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही पूरी सच्चाई सामने लाई जाएगी। गौरतलब है कि 29 अक्टूबर की सुबह करीब 8 बजे बड़ा बाजार थाना क्षेत्र के सिरका में मंजीत यादव की उनके घर के पास ही गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस घटना के बाद उनकी पत्नी सुनीता देवी ने बड़ा बाजार थाना में एफआईआर दर्ज कराई थी, जिसमें पांच लोगों को नामजद आरोपी बनाया गया था। इनमें विवेक सोनी, गंगा साव, राजकुमार गुप्ता, हेमंत महतो और रामा सोनी का नाम शामिल था। इस हत्याकांड में पुलिस ने गंगा साव, राजकुमार गुप्ता और रामा सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। हालांकि, अब हाई कोर्ट से रामा सोनी को राहत मिली है और उन्होंने खुद को निर्दोष बताते हुए कानूनी लड़ाई जारी रखने का संकल्प लिया है। वहीं, पुलिस इस हत्याकांड से जुड़े सभी पहलुओं की जांच कर रही है ताकि हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जा सके।

## समाजसेवी अभिषेक कुमार ने प्रेमी जोड़े को मिलाया



संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग के कुम्हार टोली की रहने वाली कुमकुम कुमारी और बोगा निवासी सौरभ कुमार रविदास पिछले सात वर्षों से एक-दूसरे से प्रेम करते थे, लेकिन जातिगत भेदभाव के कारण उनके परिवार इस रिश्ते के लिए तैयार नहीं थे। प्रेमिका अपने परिवार के विरोध के कारण दर-दर भटक रही थी और उसने सोशल मीडिया के माध्यम से समाजसेवी अभिषेक कुमार से संपर्क किया। यह मामला इतना बढ़ गया था कि दोनों पक्षों के बीच विवाद थाने तक पहुंच गया था। अभिषेक कुमार ने दोनों परिवारों को समझाया कि यदि यह मामला अदालत में गया, तो सभी को परेशानी झेलनी पड़ेगी और दोनों युवाओं का जीवन बर्बाद हो सकता है। समाजसेवी अभिषेक कुमार की पहल पर दोनों परिवारों ने आपसी सहमति से इस विवाह को स्वीकार किया। हजारीबाग महिला थाना में दोनों पक्षों का समझौता हुआ और फिर काली मंदिर में विधिवत रूप से दोनों का विवाह संपन्न कराया गया। शादी के दौरान वर-वधु दोनों बेहद खुश नजर आए और समाजसेवी अभिषेक कुमार के प्रयासों की सभी ने सराहना की।

## संक्षिप्त खबरें

### पंजाब से मंगायी गयी 3500 लीटर विदेशी शराब बरामद, टैंकर लॉरी और पिकअप वाहन जब्त



**पूर्वी चंपारण।** जिले के मेहसी थाना क्षेत्र में पुलिस ने शुक्रवार की रात्रि ढाई बजे गुप्त सूचना के आधार पर कारवाई करते हुए 3500 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। जानकारी के अनुसार बरामद शराब पंजाब से टैंकर लारी के चैबर में छुपाकर लाया जा रहा था। पुलिस ने मौके से एक टैंकर लॉरी और पिकअप वाहन भी जब्त किया है। हालांकि तस्कर अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि होली पर्व को लेकर पंजाब से मंगाई गई शराब की बड़ी खेप मेहसी के सुलसाबाद मार्ग स्थित पुराने कोल्ड स्टोर के समीप आने वाली है। जिसके बाद चकिया डीएसपी सत्येन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में मेहसी थानाध्यक्ष रंणधीर कुमार भट्ट, एसआई, राहुल कुमार, कृष्ण मोहन कुमार, कन्हैया कुमार दफादर पवन कुमार, चौकीदार बच्चा राय व मेहसी थाना के सशस्त्र बल के जवानो ने घेराबंदी करते हुए टैकलॉरी ट्रक नंबर BR09H 8032 व बेलोरो पिकप गाड़ी नंबर BR06GF 2142 पर 394 कार्टून में लदी कुल 3,533 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया। बरामद सभी शराब पंजाब निर्मित है। एसपी स्वर्ण प्रभात ने कहा सभी फरार तस्करो की पहचान कर ली गई है। जिनके विरूद्ध छापेमारी की जा रही है।

### सड़क हादसे में एक ही परिवार के तीन की मौत

**कोलकाता।** इलाज के लिए कोलकाता आते समय रास्ते में बाधा उत्पन्न हुई। एक मारुति वैन के गैस टैंकर से टकराने से तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। उन्हें तमलुक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पता चला है कि मृतक एक ही परिवार के हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, परिवार शनिवार सुबह इलाज के लिए कोलकाता रवाना हुए थे। मारुति वैन तमलुक पुलिस स्टेशन के अंतर्गत कुमोरगंज के पास राष्ट्रीय राजमार्ग 116 पर जा रही थी। कार सड़क के किनारे खड़े एक गैस टैंकर के पिछले हिस्से से टकरा गई। दुर्घटना संभवतः मारुति का अगला टायर फटने के कारण हुई। एक महिला समेत तीन लोगों की मौत हो गई। इस दुर्घटना में एक अन्य व्यक्ति घायल हो गए। घायलों को ताम्रलिप्ता मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मृतक और घायल पूर्व मेदिनीपुर के भगवानपुर, गुड़गांव इलाके के निवासी हैं। बताया जा रहा है कि वे एक ही परिवार के सदस्य हैं। तमलुक थाना की पुलिस जांच कर रहा है। इस घटना के बाद पुलिस ने गैस टैंकर और मारुति वैन को जब्त कर लिया। दुर्घटना के कारण भारी यातायात जाम हो गया। हालाँकि, दुर्घटना सुबह के समय हुई थी, इसलिए किसी को कोई खतरा नहीं हुआ है।

### बस हादसा, ड्राइवर की मौत, कई यात्री घायल



**कोलकाता।** सिउडी में भयानक बस दुर्घटना। बस चालक की मृत्यु हो गई। कम से कम 14 यात्री घायल हो गये। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह दुर्घटना शुक्रवार देर रात करीब एक बजे सिउडी-खटंगा मार्ग पर लम्बाधरपुर चौराहे के पास हुई। बताया जा रहा है कि भागलपुर से कोलकाता के बाबूघाट जा रही एक यात्री बस अनियंत्रित होकर एक मकान से टकरा गई। बस में लगभग 50 यात्री सवार थे। दुर्घटना में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। इसके अलावा, लगभग 14 यात्री घायल हो गए। जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। घायलों को सिउड़ी सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घर के अंदर मौजूद एक बुजुर्ग व्यक्ति भी बस की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें भी अस्पताल ले जाया गया है। घटना की सूचना मिलने पर सिउडी थाने की पुलिस और दमकल विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। प्रारंभिक जांच में दुर्घटना का संभावित कारण अत्यधिक गति या चालक की असावधानी को माना जा रहा है। हालांकि, पुलिस ने वास्तविक कारण जानने के लिए जांच शुरू कर दी है।

### सीवान के प्रकाश ने रचा इतिहास, यूट्यूब ने किया सम्मानित




**सीवान।** सीवान जिले के युवा प्रतिभाशाली यूट्यूबर प्रकाश कुमार ने अपनी कड़ी मेहनत और बेहतरीन कंटेंट के दम पर इतिहास रच दिया है। हाल ही में यूट्यूब की ओर से नोएडा के होटल रैडिसन ब्लू एमबीडी में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में उन्हें सम्मानित किया गया। प्रकाश को इस इवेंट के लिए यूट्यूब ने व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित किया था। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए उन्हें यूट्यूब की तरफ से फोन कॉल और ईमेल के जरिए सूचना दी गई थी। यूट्यूब ने इस मौके पर उन्हें बहुत सारे उपहार देकर सम्मानित किया और उनके बेहतरीन काम की सराहना की। प्रकाश कुमार सीवान जिले के कोड़र गांव के निवासी हैं और उनके पिता का नाम जीवन पासवान है। प्रकाश पिछले कई सालों से यूट्यूब पर सक्रिय हैं और उन्होंने अपने बेहतरीन कंटेंट की बदौलत न केवल जिले में बल्कि पूरे बिहार में अपनी एक अलग पहचान बना ली है। यह इवेंट यूट्यूब का 2025 का पहला बड़ा कार्यक्रम था, जिसमें पूरे भारत से मात्र 100 यूट्यूब क्रिएटर्स को आमंत्रित किया गया था। इनमें से बिहार से सिर्फ 3-4 लोगों को ही मौका मिला था और प्रकाश कुमार भी उनमें से एक थे। इस सम्मान के बाद प्रकाश ने अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा कि यह उनके लिए बहुत गर्व का क्षण है और यह सम्मान उन्हें और बेहतर कंटेंट बनाने के लिए प्रेरित करेगा।

### रेबीज इंजेक्शन नहीं मिलने पर मैरवा रेफरल अस्पताल में किन्नरों का हंगामा



**सीवान।** जिले के मैरवा रेफरल अस्पताल में उस समय भारी हंगामा खड़ा हो गया जब रेबीज के इंजेक्शन को लेकर कुछ किन्नरों और अस्पताल के स्टाफ के बीच विवाद हो गया। जानकारी के मुताबिक, एक बिल्ली के काटने के बाद किन्नरों का एक समूह रेबीज का इंजेक्शन लगवाने के लिए अस्पताल पहुंचा। लेकिन जब उन्होंने अस्पताल के काउंटर पर जाकर इंजेक्शन मांगा, तो स्टाफ ने उनसे आधार कार्ड की मांग की। किन्नरों के पास आधार कार्ड नहीं था, जिसके बाद अस्पताल प्रशासन की ओर से 5000 रुपये की मांग की गई। यह सुनते ही किन्नर भड़क गए और उन्होंने अस्पताल परिसर में हंगामा शुरू कर दिया। उनका कहना था कि सरकारी अस्पताल में किसी भी मरीज का इलाज बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए, फिर आधार कार्ड की अनिवार्यता क्यों रखी जा रही है? किन्नरों का आरोप था कि सरकारी सुविधाओं का लाभ आम नागरिकों को तो दिया जाता है, लेकिन जब बात किन्नरों की आती है तो उन्हें कई प्रकार की दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। हंगामा बढ़ता देख अस्पताल के डॉक्टरों ने सफाई दी कि रेबीज का इंजेक्शन डॉग बाइट के लिए होता है और उसे लेने के लिए मरीज को अपनी पहचान साबित करने के लिए आधार कार्ड देना जरूरी होता है।

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सक्षमता परीक्षा-2 में उत्तीर्ण 59028 विशिष्ट शिक्षिकों को प्रदान किया नियुक्ति पत्र

एजेंसी

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मुख्यमंत्री सचिवालय स्थित 'संवाद' में आज 59 हजार 28 विशिष्ट शिक्षिकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया। इसके अंतर्गत 55 हजार 845 प्रारंभिक शिक्षक, 2532 माध्यमिक शिक्षक तथा 651 उच्च माध्यमिक शिक्षक शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने नीलम कुमारी, रुस्तम अली, नीलू राय, अच्युत कुमार तथा दीपक कुमार तिवारी को सांकेतिक रूप से नियुक्ति पत्र प्रदान किया।





इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश ने कहा कि जब हम लोगों को यहां काम करने का मौका मिला तो शिक्षा के क्षेत्र में बेहतरी के लिए कई कदम उठाए गए। शिक्षकों की अत्यधिक कमी होने के कारण वर्ष 2006-07 से पंचायत एवं नगर निकायों के माध्यम से बड़े पैमाने पर नियोजित शिक्षकों की नियुक्ति की गई जिनकी कुल संख्या लगभग 03 लाख 68 हजार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2023 के बाद से सरकारी शिक्षकों की बहाली के लिए बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा परीक्षा ली गई जिसमें 28 हजार नियोजित शिक्षक भी परीक्षा उत्तीर्ण कर सरकारी शिक्षक बने। हमने तय किया कि नियोजित शिक्षकों के लिए अलग से परीक्षा ली जायेगी और उन्हें इसके लिए 5 अवसर दिये जायेंगे। एक लाख 87 हजार 818 नियोजित शिक्षक प्रथम सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए तथा 66 हजार 143 नियोजित शिक्षक दूसरी सक्षमता परीक्षा में उत्तीर्ण हुए है। आज यहां 100 विशिष्ट शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है, शेष लोगों को जिलों से नियुक्ति पत्र प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सक्षमता परीक्षा-दो में कुल 2 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षक उत्तीर्ण हुए जिनकी सरकारी शिक्षक के रूप में बहाली हो गई है। अब मात्र 86 हजार नियोजित शिक्षक बचे हुए हैं जो परीक्षा उत्तीर्ण कर जल्द ही सरकारी शिक्षक के रूप में बहाल हो जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बिहार लोक सेवा आयोग से 2 लाख 17 हजार 272 सरकारी शिक्षक के रूप में परीक्षा पास कर बहाल हुए है तथा 02 लाख 53 हजार 961 नियोजित शिक्षक से सरकारी शिक्षक बने हैं यानि कुल 04 लाख 71 हजार 233 सरकारी शिक्षक बने। हाल ही में बिहार लोक सेवा आयोग द्वारा हुई परीक्षा में 66 हजार 800 शिक्षक तथा 42 हजार 918 हेडमास्टर परीक्षा उत्तीर्ण हुए हैं, जिन्हें जल्द ही नियुक्ति पत्र प्रदान किया जायेगा। उन्होंने कहा कि सरकारी शिक्षकों की कुल संख्या 5 लाख 80 हजार 951 हो गई है।

उन्होंने कहा कि हम लोगों ने शुरू से ही सभी वर्गों चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, अगड़ा हों, पिछड़ा हों, अति पिछड़ा हों, दलित हों, महादलित हों उनके उत्थान के लिए कार्य किया है। महिलाओं के उत्थान के लिए भी कई कार्य किए गए हैं। सभी क्षेत्रों में महिलाएं आगे आ रही हैं। शिक्षक के रूप में बड़ी संख्या में महिलाएं बहाल हुई हैं। आज सभी शिक्षकों से मैं कहना चाहता हूं कि वे अच्छे से बच्चों को पढ़ाएं और उनका विकास करें। मैं शिक्षा मंत्री से भी कहना चाहता हूं कि वे शिक्षण कार्य पर निरंतर निगरानी रखें। सभी बच्चे मन लगाकर पढ़ें। बच्चों को पढ़ाई में किसी प्रकार की बाधा नहीं हो, इसपर सबलोग विशेष ध्यान रखें। आज के इस अवसर पर आप सभी लोगों को फिर से बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं और उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।

## स्वास्थ्य मेगा इवेंट 'मेड एक्सपो' शुरू

संवाददाता

**कोलकाता।** तीन दिवसीय एसएमसी मेड एक्सपो 2025 1 मार्च से 3 मार्च तक शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शुरू हुआ। ऑल बंगाल प्राइवेट नर्सिंग होम्स एंड हॉस्पिटल्स ओनर्स एसोसिएशन द्वारा और पश्चिम बंगाल मीडिया फोरम, पॉजिटिव मैसेज और बंगाल क्लिनिकल एस्टैब्लिशमेंट ओनर्स एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित यह मेगा इवेंट देश के स्वास्थ्य बुनियादी ढांचे के विकास और आधुनिक चिकित्सा उपकरणों का प्रदर्शन करेगा। इस एसएमसी मेडएक्सपो 2025 में लगभग 1,000 डॉक्टर, 2,000 नर्सिंग होम और अस्पताल के मालिक और अधिकारी और 150 से अधिक चिकित्सा उपकरण निमार्ता भाग ले रहे हैं। यह स्वास्थ्य क्षेत्र से प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से जुडेआ लोगों,



विशेषज्ञों के लिए एक बहुत ही महत्वपूर्ण सम्मेलन होने जा रहा है, जिसमें आधुनिक चिकित्सा प्रौद्योगिकी, स्वास्थ्य सेवा वितरण विधियों और चिकित्सा अनुसंधान पर विस्तार से चर्चा की जाएगी।

इस विशाल आयोजन के साथ ही विश्व विज्ञान कांग्रेस की पहल पर 16वां अंतर्राष्ट्रीय विज्ञान सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें देश-विदेश के वैज्ञानिक, शोधकर्ता और छात्र भाग लेंगे। मेड ने कहा कि आधुनिक चिकित्सा, जैव प्रौद्योगिकी, जीन थेरेपी, कैंसर अनुसंधान और स्वास्थ्य प्रबंधन के भविष्य पर महत्वपूर्ण शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। एक्सपो'25 के संयोजक शांतिनिकेतन मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल मलय पीट हैं।

## चन्द्रहिया लूटकांड का उद्‌भेदन : मोबाइल, बाइक, हथियार व मादक पदार्थ बरामद

एजेंसी

**पूर्वी चंपारण।** जिला के मुफस्सिल थाना पुलिस ने चंद्रहिया लूटकांड का उद्भेदन कर लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपियों की पहचान अमित ठाकुर और आदित्य कुमार उर्फ रिपू सिंह के रूप में हुई है। बीते 5 फरवरी को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के चंद्रहिया में लूट की वारदात हुई थी। घटना को लेकर एसपी स्वर्ण प्रभात के निर्देश पर सदर डीएसपी-2 जितेश पांडे के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर दोनों आरोपियों को पकड़ा है। जिनके पास से घटना में प्रयुक्त बाइक, लूटे गये मोबाइल बरामद किया गया।



पूछताछ में दोनों ने अपना जुर्म कबूल किया है। पुलिस ने दोनो आरोपियों की निशानदेही पर पटखौलिया गांव में शालू सिंह उर्फ विशाल के घर से एक देसी कट्टा, दो जिंदा कारतूस और डेढ़ किलो मादक पदार्थ भी बरामद किया है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में अमित ठाकुर का अपराधिक रिकार्ड है। इसके विरूद्ध मोतिहारी नगर थाना व तुरकौलिया में लूट के तीन मामले दर्ज है। छापेमारी टीम सदर 2 डीएसपी जितेश पाण्डेय, मुफस्सिल थानाध्यक्ष रवि रंजन और अपर थानाध्यक्ष शशिभूषण कुमार सिंह, पीएसआई सत्येन्द्र कुमार सिंह, गोपाल कुमार कुमार गौरव व तकनीकी शाखा के पदाधिकारी के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

### उपायुक्त हेमंत सती ने पहाड़ों का किया निरीक्षण, ग्रामीणों से की वार्ता

## सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन का लिया जायजा, रोजगार एवं आंगनबाड़ी भवन निर्माण के दिए निर्देश

संवाददाता

**साहिबगंज।** उपायुक्त हेमंत सती ने पगार पहाड़, बालको पहाड़ और भतभंगा पहाड़ का दौरा कर वहां की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन एवं लाभ प्राप्ति की जानकारी ली। निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने जल जीवन मिशन के तहत की गई पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का अवलोकन किया। उन्होंने ग्रामीणों से पूछा कि उन्हें पाइपलाइन के माध्यम से शुद्ध पेयजल मिल रहा है या नहीं। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवंटित आवासों की स्थिति का भी जायजा लिया। साथ ही विरसा हरित ग्राम योजना के



अंतर्गत किए गए पौधारोपण कार्य एवं विरसा आवास योजना के लाभुकों से मिलकर फीडबैक लिया।

**आंगनबाड़ी भवन नहीं होने पर जताई नाराजगी :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने पाया कि पहाड़ों के गांवों में आंगनबाड़ी भवन का अभाव है। आंगनबाड़ी सेविका ने बताया कि वह अपने निजी आवास में आंगनबाड़ी केंद्र चला रही हैं, जिससे बच्चों को पढ़ाई के दौरान काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस पर उपायुक्त ने तत्काल आंगनबाड़ी भवन निर्माण के लिए जमीन चिह्नित करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया।

**स्वरोजगार को मिलेगा बढ़ावा :** उपायुक्त ने ग्रामीणों के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए पहाड़ों पर बसे गांवों के महिलाओं एवं पुरुषों को मशरूम उत्पादन और बांस के हेड़ी क्राफ्ट की ट्रेनिंग देने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीणों को स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे और उनकी आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**ग्रामीणों से किया संवाद :** निरीक्षण के दौरान उपायुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाएं गांव-गांव तक पहुंच रही हैं और सभी को इनका लाभ मिलना चाहिए।

## बेहाला के बाद मध्यमग्राम में मां-बेटी के शव मिलने से सनसनी

संवाददाता

**कोलकाता।** टांगरा, बेहाला के बाद मध्यमग्राम में घर से मां-बेटी के शव बरामद। प्रारंभिक अनुमान है कि मां ने अपनी बेटी की हत्या कर आत्महत्या कर ली। मौत के कारण को लेकर संशय बना हुआ है। इस घटना से क्षेत्र में तीव्र उत्तेजना फैल गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृतक युवती का नाम मधुमिता रॉय है। वह अपने पति और बेटी के साथ मध्यमग्राम के डोहरिया स्थित शैलेश नगर दुर्गा मंडप इलाके में किराए के मकान में रहती थी। उनके पति प्रसनजीत रॉय एक पिच बोर्ड फैक्ट्री में काम करते हैं। उनकी शादी लगभग सात साल पहले हुई थी। शादी के दो साल बाद उसने एक बेटी को जन्म दिया। घटना वाले दिन उसने अपनी पत्नी से फोन पर बात की थी। लेकिन प्रसनजीत ने बाद में दो बार फोन किया, लेकिन मधुमिता ने फोन नहीं उठाया। बाद में, उसके पति ने पूछताछ के लिए किराने की दुकान पर फोन किया। तभी पड़ोसी और अन्य किरायेदार घर के अंदर गए तो देखा कि मां और बेटी के शव घर के फर्श पर पड़े थे। स्थानीय सूत्रों के अनुसार, उन्हें घर में केरोसिन की गंध आई। जब उन्हें बचाया गया और एक निजी अस्पताल ले जाया गया, तो डॉक्टरों ने मां और बेटी को मृत घोषित कर दिया। बाद में उन्हें मध्यमग्राम मातृसदन ले जाया गया। उनकी मृत्यु के कारण को लेकर संशय बना हुआ है। इस बात पर सवाल उठ रहे हैं कि क्या मां ने अपनी बेटी की हत्या करके आत्महत्या की है। इस बात की भी जांच की जा रही है कि क्या मधुमिता मानसिक समस्याओं से ग्रस्त थी।

**क्राइम** कोलकाता पुलिस ने किया एक बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश

## डिजिटल गिरफ्तारी का झांसा देने वाला एक व्यक्ति दिल्ली से गिरफ्तार

संवाददाता

**कोलकाता।** कोलकाता पुलिस के लिए बड़ी सफलता। एक बड़े साइबर धोखाधड़ी गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। कथित तौर पर, कोलकाता के गोल्फ ग्रीन इलाके के एक निवासी को डरा-धमका कर धोखाधड़ी करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश हुआ है। उनसे कुल 47 लाख रुपए वसूले गए। साइबर जालसाजों ने शिकायतकर्ता को बताया कि उसके दस्तावेजों और व्यक्तिगत जानकारी का उपयोग करके एक पार्सल भेजा गया है। इस पार्सल में अवैध ड्रग्स थे और यह धन शोधन से भी जुड़ा था। इसके बाद शिकायतकर्ता डर गया और जिम्मेदारी से बचने के लिए उसने धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में स्थानांतरित कर दिया। शिकायतकर्ता ने दिनांक 12.06.24 को जन स्मॉल फाइनेंस बैंक के खाते में 7,40,000 रुपए जमा किये। इस धनराशि का पता लगाने के लिए 28.09.24 को आनंदपुर, पाटुली और नरेंद्रपुर क्षेत्रों में कई छापे मारे गए।

इस अभियान में कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया और एक अस्थायी कार्यालय को ध्वस्त कर दिया गया। यहां से फर्जी बैंक खाते बनाने का काम किया जाता था। इस कार्यालय से 104 पासबुक, चेकबुक, 61 मोबाइल फोन, 33 डेबिट कार्ड, 2 क्यूआर कोड मशीन, 140 सिम कार्ड, 40 फर्जी मुहरें और 10 किराये के समझौते मिले। जांच में यह भी पता चला कि कार्यालय का संचालन






सीसीटीवी के माध्यम से किया जाता था और यहां विभिन्न बैंक खातों की जानकारी एकत्रित की जाती थी तथा उनके ईमेल आईडी, पासवर्ड और अन्य विवरण बदल दिए जाते थे। बाद में इन फर्जी खातों को भारत में विभिन्न धोखेबाजों को बेच दिया गया।

इस गिरोह के मुख्य संचालक के रूप में चिराग कपूर का नाम उभर कर आया था। उसे 09.01.25 को बैंगलोर से गिरफ्तार किया गया है। उसका एक सहयोगी ओंकार सिंह था, जो इन फर्जी खातों को इकट्ठा करता और बेचता था। उसे 26.10.24 को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली में गिरफ्तारी के दौरान और बाद में कोलकाता में पुलिस हिरासत में पूछताछ के दौरान आरोपी ने बताया कि वह यह काम अपने दो भाइयों आदित्य दुआ और योगेश दुआ के आदेश पर कर रहा था। इसके बाद उन्हें गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की गई, लेकिन वे भाग निकले। उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया गया है।

कोलकाता पुलिस की एक टीम ने 23.02.25 की रात करीब 10:25 बजे दिल्ली के विवेक विहार इलाके से आरोपी योगेश दुआ, उसके पिता भारत भूषण दुआ और विवेक को गिरफ्तार किया गया है। दिनांक 24.02.25 को उसे ट्रांजिट रिमांड के लिए कड़कड़डूमा कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उन्हें ट्रांजिट रिमांड पर रखे बिना ही जमानत दे दी। जमानत की शर्तें पूरी न कर पाने के कारण उन्हें जेल भेज दिया गया।

इसके बाद दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील दायर की गई और न्यायालय ने निचली अदालत के आदेश को रद्द कर दिया। उन्हें शुक्रवार को हिरासत में लिया गया और अदालत में पेश करने के लिए कोलकाता लाया जाएगा। उनके घर की तलाशी में 2 मोबाइल फोन, 2 हार्ड डिस्क, 1 लैपटॉप कंप्यूटर, 8 चेकबुक, 8 एटीएम कार्ड, 1,86,890 रूपए नकद, 1,000 जापानी येन, 100 अमेरिकी डॉलर, 2 पैन कार्ड और विभिन्न लोगों के नाम पर आधार कार्ड मिले। इस मामले में कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## संक्षिप्त खबरें

### स्व. आशुतोष रंजन की श्रद्धांजलि में इस वर्ष नहीं होगा जेजेए का होली मिलन समारोह

**मेदिनीनगर।** झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन हमेशा से पत्रकारों के हितों के लिए कार्य करता रहा है और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए मजबूती से अपनी आवाज उठाता रहा है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जेजेए ने होली मिलन समारोह मनाने का निर्णय लिया था, लेकिन गढ़वा के प्रख्यात पत्रकार और जेजेए के सम्मानित सदस्य स्वर्गीय आशुतोष रंजन सिन्हा के आकस्मिक निधन ने पूरे पत्रकार जगत को शोक में डाल दिया है। स्व० आशुतोष रंजन एक बेबाक और निर्भीक पत्रकार थे, जिन्होंने हमेशा सच्चाई के लिए आवाज उठाई। उनके असामयिक निधन से पत्रकारिता जगत में अपूरणीय क्षति हुई है। इस घटना को देखते हुए झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया है कि इस वर्ष होली मिलन समारोह का आयोजन नहीं किया जाएगा। पलामू जिला अध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव ने कहा कि जेजेए की पलामू जिला कमिटी अपने प्रिय साथी स्व० आशुतोष रंजन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए इस बार होली मिलन समारोह नहीं मनाएगी। यह निर्णय पूरे पत्रकार समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए लिया गया है, क्योंकि इस दुखद घड़ी में जश्न मनाना उचित नहीं होगा। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने यह भी कहा कि स्व० आशुतोष रंजन का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा और उनकी निर्भीक पत्रकारिता से प्रेरणा लेकर संगठन आगे भी पत्रकारों के अधिकारों के लिए लड़ता रहेगा।

### दो नर टस्कर हाथियों के बीच हुए संघर्ष में एक की मौत

**बरवाडीह।** पलामू व्याघ्र परियोजना के उत्तरी प्रमंडल, मेदिनीनगर के बेतला वन प्रक्षेत्र में दो नर टस्कर हाथियों के बीच हुए हिंसक संघर्ष में एक हाथी की मौत हो गई। इस घटना को लेकर वन विभाग की ओर से एक आधिकारिक प्रेस विज्ञप्ति जारी की गई, जिसमें बताया गया कि यह संघर्ष करीब पांच-छह दिन पहले बेतला पार्क के रोड नंबर 3 के बोतीया जंगल में हुआ था। संघर्ष के दौरान एक हाथी गंभीर रूप से घायल हो गया था। वन विभाग को जैसे ही इसकी सूचना मिली, उन्होंने तुरंत पलामू व्याघ्र परियोजना के उत्तरी प्रमंडल उप निदेशक के नेतृत्व में एक विशेष निगरानी टीम गठित की। यह टीम लगातार चार दिनों तक घायल हाथी की स्थिति पर नजर रख रही थी। घायल हाथी का उपचार पशु चिकित्सक डॉ० फरहत जब्बार और डॉ० सुनील कुमार द्वारा किया जा रहा था, लेकिन उसकी हालत लगातार बिगड़ती रही। वन विभाग की तमाम कोशिशों के बावजूद उसे बचाया नहीं जा सका और शनिवार को उसकी मौत हो गई। वन विभाग ने इस घटना की जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि हाथियों के बीच यह संघर्ष किन परिस्थितियों में हुआ था। हालांकि समाचार लिखे जाने तक मृत हाथी को दफनाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हुई थी। वन विभाग इस घटना के सभी पहलुओं पर विस्तृत जांच कर रहा है ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं को रोका जा सके।

### 30 वर्षीय व्यक्ति ने फांसी लगा कर किया आत्महत्या का प्रयास

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र के बैरिया निवासी अरविंद कुमार उम्र 30 वर्ष शुक्रवार की शाम अपने घर में झगड़ा कर फांसी लगा कर आत्महत्या का प्रयास किया।जिसके कारण उसकी स्थिति गंभीर हो गई।उसकी गंभीर स्थिति को देखकर परिजन उसे इलाज के लिए मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे।जहां इलाज के बाद भी अरविंद कुमार की स्थिति गंभीर बनी हुई है।वही घटना की जानकारी मिलने पर अस्पताल पुलिस चौकी के एएसआई नीरज कुमार पुलिस जवान विकास कुमार अस्पताल पहुंच कर अरविंद के परिजनों से घटना के बारे में जानकारी लिया।

# दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग को आगे बढ़ाना कांग्रेस की प्राथमिकता : बिट्टू पाठक

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में संगठन सशक्तिकरण अभियान के तहत एक भव्य मिलन समारोह और संगठन सृजन पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस समारोह में बड़ी संख्या में दलित, पिछड़ा, अल्पसंख्यक और आदिवासी वर्ग के लोगों ने कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। समारोह का नेतृत्व हैदर खान, शाहनवाज अहमद, छोटू चंद्रवंशी और गोपाल पासवान ने किया, जिनकी अगुवाई में लगभग 500 से अधिक लोगों ने कांग्रेस पार्टी का दामन थामा। इस अवसर पर पलामू जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जैश रंजन पाठक उर्फ बिट्टू पाठक ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से वंचित, शोषित और पिछड़े वर्ग के लोगों को आगे बढ़ाने की नीति पर काम करती रही है। उन्होंने कहा कि जिनकी जितनी आबादी, उनकी उतनी हिस्सेदारी तय होकर रहेगा। दलित, अल्पसंख्यक, पिछड़ा और आदिवासी वर्ग को आगे बढ़ाना मेरी प्राथमिकता है। बिट्टू पाठक ने यह भी कहा कि कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के. राजू के नेतृत्व में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूती मिलेगी। उन्होंने याद दिलाया कि जब केंद्र में यूपीए सरकार थी, तब सूचना का अधिकार, खाद्य सुरक्षा अधिनियम और मनरेगा जैसी योजनाओं को लागू करने में के. राजू की महत्वपूर्ण भूमिका रही थी। अब उनके मार्गदर्शन में झारखंड में कांग्रेस संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने कार्यकताओं की भूमिका को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि पार्टी किसी भी कार्यकर्ता के सम्मान के साथ समझौता नहीं करेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कांग्रेस की सफलता में कार्यकताओं की मेहनत का बड़ा योगदान है और उनके संघर्ष के बिना कोई विधायक या मंत्री नहीं बन सकता। उन्होंने कार्यकताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी मेहनत को उचित सम्मान दिया जाएगा और पार्टी में उनका महत्व हमेशा सर्वोपरि रहेगा।इस कार्यक्रम का संचालन खुर्शीद आलम ने किया। इस मौके पर कई वरिष्ठ कांग्रेस नेता उपस्थित रहे, जिनमें विनोद तिवारी, शंकर पांडे, शमीम अहमद, रायन ओमप्रकाश, अमन अरविंद पासवान, ईश्वरी प्रसाद सिंह, सुधीर चौबे, इंदु भगत, विश्राम दुबे, अशोक तिवारी, सत्येंद्र सिंह, जितेंद्र कमलापुरी, अजय साहू, सोनू खान, नफीस खान, मिट्ठू खान, सच्चिदानंद मिश्रा, देवांग शुक्ला, सौरभ पांडे, तुलसी पासवान, बदल रायन, गिरजा राम, उमेश पासवान, अनिल सिंह, मुश्ताक अहमद, शाबाश अंसारी, आरिज आलम, नीतीश कुमार, एमडी कलीम, शाहबाज अहमद, मोहित वर्मा, अंकित पांडे, शाद अहमद, मंटू गिरी, मुराद खान, आबिद कमल, एमडी हसन और जरार खान सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। मिलन समारोह के दौरान कांग्रेस पार्टी की नीतियों और राहुल गांधी के विचारों पर भी चर्चा की गई। कई युवा कार्यकताओं ने कहा कि वे राहुल गांधी की विचारधारा और उनके सिद्धांतों से प्रभावित होकर कांग्रेस पार्टी में शामिल हो रहे हैं। कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन को मजबूत करने के लिए विभिन्न रणनीतियों पर भी चर्चा की गई और कार्यकताओं को आगामी चुनावों के लिए सक्रिय रूप से तैयार रहने का निर्देश दिया गया। इस भव्य आयोजन के माध्यम से कांग्रेस पार्टी ने यह संदेश दिया कि वह समाज के वंचित वर्गों को न्याय दिलाने और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है।

## महाराजा मेदिनी राय को महापुरुष का दर्जा दिलाने के लिए मुख्यमंत्री को सौंपा गया सात सूत्री मांग पत्र

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय चेरो जनजातीय महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के दुद्धी विधानसभा के पूर्व विधायक हरिराम चेरो तथा महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक अवधेश सिंह चेरो ने झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात कर महाराजा मेदिनी राय की विचारधारा से जुड़ी सात सूत्री मांगों का पत्र सौंपा। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि झारखंड सरकार महाराजा मेदिनी राय को महापुरुष का दर्जा प्रदान करे, जिससे राज्य भर में उनके विचारों को बढ़ावा मिल सके। मांग पत्र में पलामू किला के जीर्णोद्धार की भी मांग की गई, साथ ही औरंगा नदी पर पलामू किला के पास एक पुल के निर्माण की आवश्यकता पर भी जोर दिया गया। इसके अलावा पलामू जिले के शाहपुर किला और लातेहार जिले के नवगढ़ किला का भी जीर्णोद्धार कराने की मांग की गई। इन ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण से न केवल स्थानीय जनता को लाभ मिलेगा बल्कि राज्य में पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। सतबरवा रबदा पलामू किला जतरा मेले को राजकीय मेला का दर्जा देने की मांग भी इस पत्र में की गई। यह मेला वर्षों से यहां की संस्कृति का अभिन्न हिस्सा रहा है, इसलिए इसे सरकारी स्तर पर मान्यता दिलाना जरूरी है। इसी के साथ आदिवासी विकास महाकुंभ दुबियाखाड़ मेले को अगले वर्ष से राज्यस्तरीय मेला के रूप में आयोजित करने की मांग रखी गई ताकि यह आदिवासी समाज की पहचान और सशक्तिकरण का प्रतीक बन सके। पलामू जिला मुख्यालय में स्थित जिला परिषद कार्यालय के सामने महाराजा मेदिनी राय की प्रतिमा स्थापित करने की भी मांग की गई। यह प्रतिमा आने वाली पीढ़ियों को महाराजा मेदिनी राय के अदम्य साहस और उनके ऐतिहासिक योगदान की याद दिलाएगी। साथ ही, महाराजा मेदिनी राय के नाम से एक शैक्षणिक संस्थान की स्थापना की मांग भी पत्र में की गई, जिसमें प्राइमरी से लेकर स्नातक स्तर तक की शिक्षा पूरी तरह निशुल्क होगी और जनजातीय छात्रों के लिए छात्रावास की सुविधा भी प्रदान की जाएगी। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने इन मांगों पर गंभीरता से विचार करने का आश्वासन दिया और कहा कि सरकार इस दिशा में उचित कार्रवाई करेगी। उन्होंने संबंधित विभागों को इस पर आवश्यक कदम उठाने के निर्देश भी दिए।

### बरवाडीह में विकास योजनाओं में बड़े पैमाने पर लूट

## भाकपा माले ने उठाई कार्रवाई की मांग

संवाददाता



**बरवाडीह।** प्रखंड में विकास योजनाओं को लेकर लगातार भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की खबरें सामने आ रही हैं। बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों की शिकायतें स्थानीय नागरिकों और सामाजिक संगठनों द्वारा की जा रही हैं, लेकिन प्रशासन की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। इसी सिलसिले में भाकपा माले जिला कमेटी के सदस्य एवं प्रखंड सचिव कृष्णा सिंह और जिला सचिव बिरजू राम के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने प्रखंड विकास पदाधिकारी रेशमा रेखा मिंज को मांग पत्र सौंपा। मांग पत्र में प्रखंड में चल रही विभिन्न विकास योजनाओं में हो रही धांधली और भ्रष्टाचार पर तत्काल रोक लगाने और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की गई है। भाकपा माले नेता बिरजू राम ने कहा कि बरवाडीह में विकास योजनाओं के नाम पर सिर्फ लूट मची हुई है। योजनाओं के क्रियान्वयन में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं देखी जा रही हैं, लेकिन प्रशासन जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति कर रहा है। मनरेगा योजनाओं में भारी भ्रष्टाचार की शिकायत पहले भी की गई थी। 17 अगस्त 2024 को इसकी लिखित शिकायत भी की गई थी और ऑडिट की मांग की गई थी, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि मनरेगा के तहत आम बागवानी, दीदी बाड़ी, टीसीबी, ईसीबी जैसे निर्माण कार्यों में 80 प्रतिशत काम धरातल पर नहीं हुआ है, फिर भी लाखों-करोड़ों रुपये की लूट जारी है। पंचायत उक्कामाड़ में बिना काम किए ही भुगतान कर दिया गया, वहीं पंचायत केचकी में मनरेगा योजनाओं में फजीर्वाड़ा हुआ, जिसकी जांच के बाद भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। इसके अलावा, बाखोरीडेरा विद्यालय की चारदीवारी के निर्माण कार्य में अनियमितता पाए जाने के बावजूद काम जारी रखा गया और उसमें कोई सुधार नहीं किया गया। पंचायत केड़ में अबुआ आवास योजना में अपात्र और समृद्ध लोगों को लाभ दिया गया, लेकिन इस मामले में भी कोई कार्रवाई नहीं की गई। बिरजू राम ने कहा कि यदि 15 मार्च तक भ्रष्टाचार पर रोक नहीं लगी और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई, तो हजारों ग्रामीणों को लेकर प्रखंड कार्यालय का घेराव किया जाएगा और लूट का हिसाब मांगा जाएगा। इस दौरान भाकपा माले के कई वरिष्ठ नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कमलेश सिंह, लुरुक सिंह सहित अन्य लोगों ने भी इस मांग का समर्थन किया और प्रशासन से अविलंब कार्रवाई की मांग की।

## एमएमसीएच के बेहतर संचालन के लिए नगर आयुक्त ने दिया आवश्यक निर्देश

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल के प्रबंधन और सुचारू संचालन को लेकर नगर आयुक्त जावेद हुसैन ने महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। बैठक में अस्पताल के संचालन में आ रही बाधाओं को दूर करने और उपायुक्त शशि रंजन द्वारा दिए गए निर्देशों के त्वरित क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई। नगर आयुक्त ने स्पष्ट रूप से कहा कि अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने के लिए संबंधित विभागों को तेजी से कार्य करना होगा, ताकि मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। नगर निगम सभाकक्ष में हुई इस बैठक में नगर आयुक्त ने अस्पताल से जुड़े विभिन्न कार्यों की समीक्षा की और कई अहम निर्देश दिए। उन्होंने मदर एंड चाइल्ड केयर यूनिट को जल्द से जल्द स्थानांतरित करने का निर्देश दिया, ताकि अस्पताल की सुविधाओं का समुचित उपयोग हो सके। इसके अलावा, अस्पताल परिसर में स्थित जर्जर भवनों को ध्वस्त करने की प्रक्रिया को भी शीघ्र पूरा करने के लिए कहा गया। नगर आयुक्त ने कैदी वार्ड के लिए चिन्हित स्थान का निरीक्षण कर भौतिक जानकारी प्राप्त करने और इसकी रिपोर्ट जल्द से जल्द सौंपने को कहा। उन्होंने सदर अनुमंडल पदाधिकारी और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को भी चिन्हित स्थल का निरीक्षण कर रिपोर्ट देने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान अस्पताल की आधारभूत सुविधाओं को दुरुस्त करने पर विशेष बल दिया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि भवन और विद्युत से जुड़े सभी कार्यों को सात दिनों के भीतर पूरा किया जाय। बिजली विभाग के अभियंता को निर्देश दिया गया कि जरूरत के अनुसार बिजली पोल को स्थानांतरित किया जाय और अस्पताल परिसर में पेड़ों की छंटाई के लिए एक सूची तैयार कर वन प्रमंडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित किया जाय, ताकि अस्पताल परिसर व्यवस्थित और सुरक्षित रहे। इस महत्वपूर्ण बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, सदर अनुमंडल पदाधिकारी सुलोचना मीणा, सिविल सर्जन डॉ० अनिल कुमार सिंह, भवन निर्माण विभाग के अभियंता महेन्द्र राम, अस्पताल अधीक्षक सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा का निरीक्षण

**मेदिनीनगर।** चैनपुर स्थित संत मरियम किड्स स्कूल में वार्षिक परीक्षा का आयोजन किया जा रहा है। परीक्षा के दौरान स्कूल के चेयरमैन अविनाश देव ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया और छात्रों से बातचीत कर उन्हें तनावमुक्त और आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि परीक्षा सिर्फ एक सीढ़ी है, जो छात्रों को आगे बढ़ने का अवसर देती है, लेकिन यह उनके संपूर्ण कौशल, बुद्धिमत्ता और व्यक्तित्व का मापदंड नहीं हो सकती। उन्होंने छात्रों को समझाया कि केवल अधिक अंक लाने पर ही सफलता निर्भर नहीं करती, बल्कि उनका आत्मविश्वास और मानसिक शांति भी बहुत महत्वपूर्ण है। चेयरमैन अविनाश देव ने कहा कि कई बार माता-पिता और शिक्षक छात्रों पर अच्छे अंक लाने का अत्यधिक दबाव डालते हैं, जिससे वे तनाव में आ जाते हैं और इसका नकारात्मक असर उनके प्रदर्शन पर पड़ता है। उन्होंने कहा कि परीक्षा में सफलता केवल अंक प्राप्त करने तक सीमित नहीं होती, बल्कि यह छात्रों के समग्र विकास का एक महत्वपूर्ण चरण होती है।

## वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी पर प्रशासन का कड़ा रुख, आगे भी होगी सख्त कार्रवाई

संवाददाता




**मेदिनीनगर।** वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी को रोकने के लिए प्रशासन लगातार सख्त कदम उठा रहा है। इसी क्रम में, हैदरनगर थाना क्षेत्र के रिगाडीह में वन विभाग और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। गुप्त सूचना के आधार पर की गई इस छापेमारी में अवैध आरा मशीन और बड़ी मात्रा में लकड़ियां जब्त की गई हैं। इस दौरान मौके से कुछ संदिग्ध व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे पूछताछ की जा रही है। वन विभाग और पुलिस प्रशासन ने इस अभियान के तहत स्पष्ट संदेश दिया है कि वन संपदा की अवैध कटाई और तस्करी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस तरह की अवैध गतिविधियों को जड़ से खत्म करने के लिए आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। अधिकारियों ने कहा कि अवैध आरा मशीनें और लकड़ी तस्करी करने वाले गिरोहों के खिलाफ पूरी कठोरता से निपटा जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से अपील की है कि यदि उन्हें कहीं भी अवैध लकड़ी कटाई या तस्करी की कोई सूचना मिले तो वे तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित करें। वन संपदा देश की बहुमूल्य धरोहर है, और इसके संरक्षण में सभी की भागीदारी आवश्यक है। प्रशासन का कहना है कि यदि कोई व्यक्ति इस अवैध कार्य में संलिप्त पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए विशेष टीमें गठित की गई हैं, जो लगातार गश्त कर रही हैं और अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं। वन विभाग के अधिकारियों ने कहा कि जंगलों की अवैध कटाई से पर्यावरण को गंभीर नुकसान हो रहा है, जिससे जलवायु परिवर्तन की समस्या और भी गंभीर होती जा रही है। जंगलों का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हर नागरिक का कर्तव्य है। यदि हम अपनी वन संपदा को नहीं बचाएंगे, तो आने वाली पीढ़ियों को इसके दुष्परिणाम भुगतने पड़ सकते हैं। वन विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध आरा मशीन संचालकों और लकड़ी तस्करों में हड़कंप मच गया है। प्रशासन की इस सख्ती को देखते हुए अवैध रूप से लकड़ी कटाई करने वालों पर अंकुश लगने की उम्मीद है। अधिकारियों का कहना है कि यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी और जो भी इस गैरकानूनी कार्य में शामिल होगा, उसे किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

**बैठक** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की प्रमंडलीय बैठक संपन्न

## जिला कमिटी का विस्तार, 5 को सम्मान सह होली मिलन समारोह

संवाददाता



**मेदिनीनगर।** झारखंड आंदोलनकारी संघर्ष मोर्चा की प्रमंडलीय बैठक शाहपुर चलानी किला प्रांगण में आयोजित की गई। इस बैठक की अध्यक्षता पलामू जिला अध्यक्ष दाऊद केर-केट्टा ने की, जबकि संचालन महासचिव धर्मेंद्र चंद्रवंशी ने किया। बैठक में संगठन विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिसमें पलामू जिला कमिटी का विस्तार किया गया और नए पदाधिकारियों की घोषणा की गई। इसके साथ ही तय किया गया कि 5 मार्च को पलामू क्लब, मेदिनीनगर में सम्मान सह होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा, जिसमें नव-नियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित किया जाएगा। इस बैठक में संगठन को मजबूती देने पर जोर दिया गया और नई जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों में बिकेश शुक्ला को केंद्रीय महासचिव, बालकिशुन उरांव को प्रमंडलीय अध्यक्ष, अली हुसैन को केंद्रीय उपाध्यक्ष और महिला मोर्चा के प्रमंडलीय अध्यक्ष के रूप में बिलंगना किंडो को चुना गया। इन सभी को आगामी 5 मार्च को सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में संस्थापक महासचिव पुष्कर महतो, केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, केंद्रीय महिला नेत्री रोजलिन तिर्की और सरोजिनी कच्छप मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे।बैठक में यह भी तय किया गया कि 24 मार्च को विधानसभा, रांची में आंदोलनकारियों और विस्थापितों की समस्याओं को लेकर एक विशाल रैली प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में राज्यभर से लाखों आंदोलनकारी शामिल होंगे, जिनमें पलामू प्रमंडल से भी हजारों लोगों की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उपस्थित नेताओं और कार्यकताओं ने संगठन की मजबूती पर चर्चा की और विभिन्न विषयों पर अपनी बात रखी। इस मौके पर बालकिशुन उरांव, बिकेश शुक्ला, मुंद्रीका सिंह, शंखनाथ सिंह, दाऊद केर-केट्टा, धर्मेंद्र चंद्रवंशी, नलिन वर्मा, राजू कुमार प्रजापति, सलोमी टोपनो, सुजंती तिर्की, शांति देवी, कुमारी डोडराय, रवींद्र भुइयां, सुशील डोडराय, ताज मोहम्मद, सितारा सिंह सहित बड़ी संख्या में आंदोलनकारी शामिल थे। इस दौरान होली मिलन समारोह के आयोजन की रूपरेखा भी तैयार की गई, जिसमें बताया गया कि लोकगीतों के माध्यम से कार्यक्रम को मनोरंजक बनाया जाएगा। इस मौके पर ललन चौधरी अपने होली गीतों से समां बांधेंगे, जबकि ब्यास आंदोलनकारी अपने लोकगीतों से सभी को झारखंडी संस्कृति से सराबोर करेंगे।

## सदर थाना क्षेत्र में चला सघन जांच अभियान, कई वाहन जब्त

संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पोखराहा-पांकी रोड स्थित मेडिकल कॉलेज चौक के पास सदर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान चारपहिया और दोपहिया वाहनों की गहन जांच की गई। जांच के दौरान पाया गया कि कई दोपहिया वाहन चालक बिना हेलमेट और बिना लाइसेंस के वाहन चला रहे थे। इस सघन जांच अभियान के तहत कुल 15 दोपहिया वाहनों को जब्त किया गया और उन्हें शहर थाना परिसर में सुरक्षा की दृष्टि से रखा गया। इनमें से चार मोटरसाइकिलों को जिला परिवहन कार्यालय, पलामू भेजा गया ताकि वहां उनके चालान और फाइन की प्रक्रिया पूरी की जा सके। इसके अलावा, एक मोटरसाइकिल चालक को शराब के नशे में गाड़ी चलाते हुए पकड़ा गया, जिसे भी चालान कर फाइन के लिए भेजा गया। इसी जांच के तहत 12 मोटरसाइकिलों को व्यवहार न्यायालय, पलामू चालान और फाइन के लिए भेजा गया। इस जांच अभियान के दौरान कुल 09 दोपहिया वाहनों पर जिला परिवहन कार्यालय से ?9102 का फाइन लगाया गया, जबकि सीजीएम कार्यालय, पलामू से 02 दोपहिया वाहनों पर ?7000 का फाइन वसूला गया। इस प्रकार, इस अभियान के दौरान कुल ?16,102 का फाइन वसूला गया। यह जांच अभियान सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने के लिए चलाया गया था।

## संक्षिप्त खबरें

### वार्विकशायर ने मैनचेस्टर सिटी के जेम्स थॉमस को प्रदर्शन निदेशक नियुक्त किया



**लंदन।** वार्विकशायर काउंटी क्रिकेट क्लब ने इंग्लिश प्रीमियर लीग के क्लब मैनचेस्टर सिटी के वरिष्ठ अधिकारी जेम्स थॉमस को प्रदर्शन निदेशक नियुक्त किया है। थॉमस वर्तमान में मैनचेस्टर सिटी में प्रदर्शन सेवाओं के निदेशक के रूप में कार्यरत हैं और जून में क्रिकेट जगत में कदम रखेंगे। थॉमस, जो पहले पेशेवर रूप से रग्बी यूनियन खेल चुके हैं, ब्रिटिश जिमनास्टिक्स के प्रदर्शन निदेशक के रूप में भी पांच वर्षों तक काम कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में ब्रिटिश जिमनास्टिक्स ने टोक्यो ओलंपिक में पदकों की ओर महत्वपूर्ण प्रगति की थी। वार्विकशायर की इस नियुक्ति का निर्णय क्लब द्वारा ऑफसीजन के दौरान उच्च प्रदर्शन समीक्षा के बाद लिया गया, जिसके परिणामस्वरूप पुरुषों के मुख्य कोच मार्क रॉबिन्सन को हटा दिया गया था। नई एकीकृत संरचना के तहत, थॉमस को वार्विकशायर पुरुषों, बियर्स महिलाओं और बर्मिंघम फीनिक्स टीमों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्विकशायर के मुख्य कार्यकारी स्टुअर्ट कैन ने कहा जेम्स को उच्च प्रदर्शन वाले खेल में एक असाधारण प्रतिभा के रूप में पहचाना जाता है।

### आर्मंड डुप्लांटिस ने 11वीं बार पोल वॉल्ट का विश्व रिकॉर्ड तोड़ा



**नई दिल्ली।** स्वीडन के आर्मंड डुप्लांटिस ने शुक्रवार को फ्रांस के क्लेरमोंट-फेरैंड में ऑल-स्टार पर्च मीट में 6.27 मीटर की छलांग लगाकर 11वीं बार विश्व पोल वॉल्ट रिकॉर्ड तोड़ दिया। दो बार के ओलंपिक और विश्व चैंपियन ने अगस्त में सिलेसिया में बनाए गए 6.26 के अपने पिछले वैश्विक रिकॉर्ड को तोड़ने के अपने पहले प्रयास में रिकॉर्ड ऊंचाई को पार किया, जिससे ट्रैक-साइड आतिशबाजी की चमक से अखाड़ा जगमगा उठा। डुप्लांटिस ने संवाददाताओं से कहा मुझे वाकई बहुत अच्छा लगा। मैं क्या कह सकता हूं, मैं इसे करने के लिए यहां आया था। मैंने इसे करने के लिए सब कुछ तैयार कर लिया। रन-अप वास्तव में बहुत अच्छा रहा। मैंने बस इसे कर दिखाया।

### जर्मन ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची ध्रुव कपिला, तनीषा क्रैस्टो की जोड़ी



**जर्मन।** ध्रुव कपिला और तनिषा क्रैस्टो की भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी ने शुक्रवार को यहां चीन के गाओ जिया झुआन और वू मेंग यिंग को सीधे सेटों में हराकर जर्मन ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने 21-14, 21-17 से जीत हासिल की। भारतीय जोड़ी का अंतिम चार में मुकाबला इंडोनेशिया के रेहान नौफल कुशजंतो और ग्लोरिया एमानुएल विदजाजा से होगा। रक्षिता संतोष रामराज डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ड से 12-21, 12-21 से हारकर महिला एकल क्वार्टर फाइनल से बाहर हो गईं। थारुण मन्नेपल्ली भी पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में टोमा जूनियर पोपोव से 16-21, 21-17, 21-8 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए।

# महिला सशक्तीकरण को लेकर यूपी वॉरियर्स ने पेश की अनूठी कला की मिसाल

**लखनऊ। एजेंसी**

वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फ्रेंचाइजी यूपी वॉरियर्स ने लखनऊ के किसान भवन में एक भित्ति चित्र (मुरल) बनाने का काम पूरा किया। 5,500 वर्ग फीट के क्षेत्र में फैली दीवार पर बनाया गया यह भित्ति चित्र छह दिनों में बनकर तैयार हुआ है। होप स्टार्ट फाउंडेशन के कलाकारों द्वारा बनाई गई इस कलाकृति के अनावरण के दौरान यूपी वॉरियर्स के खिलाड़ियों ने शनिवार को अपने कलात्मक कौशल का प्रदर्शन किया।



इस अनूठी भित्ति चित्र के अनावरण के अवसर पर यूपी वॉरियर्स की खिलाड़ी चिनेल हेनरी, क्रांति गौड़, अलाना किंग, साइमा ठाकोर, वृंदा दिनेश, श्वेता सहरावत, ताहिला मैकग्राथ, सोफी एक्लेस्टोन, पूनम खेमनार और तनुजा लेले (स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग कोच) मौजूद थीं। यह भित्ति चित्र लखनऊ की महिलाओं और उत्तर प्रदेश तथा भारत के समाज में मौजूद बाधाओं को तोड़ने की उनकी कहानियों को श्रद्धांजलि है।

साथ ही यह आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रोत्साहन और शिक्षा का स्रोत भी है, क्योंकि वे बड़े सपने देखने की हिम्मत रखती हैं। यूपी वॉरियर्स ने उत्तर प्रदेश में महिलाओं के लिए अधिक अवसरों के साधनों को प्रोत्साहित करने और सुविधाजनक बनाने की दिशा में लगातार काम किया है, जैसा कि उनके अभियान 'पापा की वॉरियर्स' में बताया गया है, जो उन सभी पिताओं के लिए एक श्रद्धांजलि है जो अपनी बेटियों के सपनों को पूरा करने की यात्रा का समर्थन करते हैं और हमारे दैनिक बोलचाल के संदर्भों में लैंगिक रूढ़ियों को तोड़ते हैं। लखनऊ, एक ऐसा शहर जिसके हर गली-मोहल्ले में इतिहास बसता है। यहां कप्तान दीप्ति शर्मा की अगुवाई वाली यूपी वॉरियर्स भी रिकॉर्ड को फिर से लिखना चाह रही है क्योंकि वे अपने इतिहास में पहली बार डब्ल्यूपीएल में अपने घर पर खेलने के लिए तैयार हैं। टीम यहां भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेलेगी और सबसे पहले 3 मार्च को गुजरात जायंट्स का सामना करेगी। उसके बाद, 6 और 8 मार्च को क्रमशः मुंबई इंडियंस और गत विजेता रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से मुकाबला होगा।

### महिलाओं को लंबे समय से बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है

**अभियान और भित्तिचित्र के साथ यूपी वॉरियर्स उन रूढ़ियों को तोड़ रही है जो महिलाओं को नीची नजर से देखते हैं, खासकर खेल के क्षेत्र में सपनों को पूरा करने वाली महिलाओं को। महिलाओं को लंबे समय से बाधाओं का सामना करना पड़ रहा है, चाहे वह भावनात्मक हो, सामाजिक हो या शारीरिक। हालांकि, कुरकुरा कहानी कहने के माध्यम से, भित्तिचित्र और उनके अभियान का उद्देश्य इस तथ्य को घर तक पहुंचाना है कि इन चुनौतियों ने महिलाओं को मजबूत और सशक्त बनाया है। इन लड़कियों के लिए, चुनौतियां केवल सफल होने की इच्छा को और मजबूत बनाती हैं जबकि कुछ साल पहले तक खेलों में महिलाओं का तिरस्कार किया जाता था, डब्ल्यूपीएल और यूपी वॉरियर्स ने स्थिति को बदलने में मदद की है।**

### यूपी वॉरियर्स की टीम पहली बार खेलेगी लखनऊ में घरेलू मैच

लखनऊ। वुमेंस प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के तीसरे सीजन में पहली बार यूपी वॉरियर्स की टीम अपने घरेलू मैदान, भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम, लखनऊ में खेलेगी। टीम 28 फरवरी को लखनऊ पहुंची। दीप्ति शर्मा की कप्तानी वाली यह टीम 3 मार्च को गुजरात जायंट्स, 6 मार्च को मुंबई इंडियंस और 8 मार्च को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से भिड़ेगी। कप्तान दीप्ति शर्मा ने शुक्रवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा हमने दो सीजन से अपने घरेलू मैदान पर खेलने का इंतजार किया है और अब यह सपना पूरा हो रहा है। घरेलू दर्शकों के सामने खेलना हमेशा खास होता है, और हम अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन देने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। टीम के कोच जॉन लुईस ने कहा कि यूपी वॉरियर्स की सफलता के लिए अनुकूलनशीलता (एडप्टेबिलिटी) महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि टीम के पास संतुलित संयोजन है और खिलाड़ी चुनौती के लिए तैयार हैं। युवा खिलाड़ी वृंदा दिनेश ने कहा, यूपी वॉरियर्स के लिए खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है।

## साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका : नीरज

**नई दिल्ली। एजेंसी**

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा भारतीय नागरिकों से मोटापे के खिलाफ लड़ाई में एक सक्रिय जीवनशैली बनाए रखने के लिए 'फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल' में भाग लेने के आह्वान को दोहराया है। भाला फेंक स्टार नीरज ने कहा कि साइकिल चलाना फिट रहने का एक बेहतरीन तरीका है। हर किसी को साइकिल चलाने के लिए समय निकालने की पूरी कोशिश करनी चाहिए। फिट इन इंडिया के ऑफिशियल इंस्टाग्राम हैंडल पर जारी वीडियो में नीरज चोपड़ा ने कहा कि नमस्ते फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अपनी फिटनेस को बेहतर बनाने और प्रदूषण को नियंत्रित करने में योगदान देने का एक बेहतरीन तरीका है। इसलिए, मैं आपसे कहना चाहूंगा कि अगर आप हर दिन समय नहीं निकाल पाते हैं, तो कृपया हर रविवार को साइकिल जरूर चलाएं।



भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) की विज्ञप्ति के अनुसार, इस साइकिलिंग अभियान की शुरुआत 17 दिसंबर, 2024 को केंद्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ मनसुख मांडविया ने 'फिटनेस का डोज, आधा घंटा रोज' के उद्देश्य और प्रदूषण का समाधान खोजने के तरीके के रूप में की थी। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'मन की बात' कार्यक्रम में मोटापे से लड़ने के लिए संतुलित आहार लेने और तेल का सेवन कम से कम 10 प्रतिशत कम करने के महत्व पर प्रकाश डाला था। प्रधानमंत्री मोदी ने 2019 में फिट इंडिया मिशन को एक जन आंदोलन के रूप में शुरू किया था। इस सप्ताहांत की साइकिलिंग पहल (2 मार्च) का विषय मोटापे से लड़ना है। 2007 टी20 विश्व कप विजेता गेंदबाज जोगिंदर शर्मा, अंतरराष्ट्रीय स्क्वैश सितारे रमित टंडन और अनाहत सिंह के साथ कई सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के अधिकारियों सहित 600 साइकिल चालक, मेजर ध्यानचंद राष्ट्रीय स्टेडियम से कर्तव्य पथ होते हुए विजय चौक, रायसीना हिल्स और वापस में स्टेडियम तक मोटापे से लड़ना और प्रदूषण का समाधान का संदेश फैलाने के लिए साइकिल चलाएंगे।

## प्राग मास्टर्स : प्रज्ञानानंद ने दाई वैन को हराकर दर्ज की पहली जीत

**प्राग। एजेंसी**

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर. प्रज्ञानानंद ने शुक्रवार को प्राग मास्टर्स के तीसरे दौर में चेक गणराज्य के गुयेन थाई दाई वान के खिलाफ शानदार जीत दर्ज की। यह जीत उनके लिए बेहद महत्वपूर्ण रही, क्योंकि पहले दो राउंड में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा था।



खेल निम्जो-भारतीय रक्षा से शुरू हुआ, जिसमें प्रज्ञानानंद ने रणनीतिक बढ़त बनाई। 14वीं चाल में ही उन्हें निर्णायक बढ़त मिल गई, जिसके बाद उन्होंने आसानी से मैच पर नियंत्रण स्थापित कर लिया। हालांकि, बीच के कुछ क्षणों में थोड़े उतार-चढ़ाव आए, लेकिन परिणाम पर कोई संदेह नहीं था। मध्य खेल में दाई वान रक्षात्मक स्थिति में थे, बावजूद इसके कि उनके पास अतिरिक्त मोहरा था। भारतीय ग्रैंडमास्टर ने सूझबूझ और सटीकता से खेलते हुए स्थिति को अपने पक्ष में कर लिया। उन्होंने मामूली पीस के बदले रूक प्राप्त किया और अंततः तकनीकी उत्कृष्टता से जीत सुनिश्चित की। मैच के बाद अपने प्रदर्शन पर बोलते हुए प्रज्ञानानंद ने कहा पहले राउंड में कुछ खास नहीं था, मेरी स्थिति अच्छी थी।

## विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल हुए नेमार

**रियो डी जेनेरियो। एजेंसी**

नेमार को कोलंबिया और अर्जेंटीना के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के लिए ब्राजील की प्रारंभिक टीम में शामिल किया गया है। ब्राजील फुटबॉल परिसंघ (सीबीएफ) ने शुक्रवार को उक्त जानकारी दी। 33 वर्षीय खिलाड़ी ने अक्टूबर 2023 में मोंटेवीडियो में उरुग्वे के खिलाफ विश्व कप क्वालीफायर के दौरान अपने बाएं घुटने में एंटीरियर क्रूसिएट लिगामेंट के फटने के बाद से अपने देश का प्रतिनिधित्व नहीं किया है। लंबी रिकवरी प्रक्रिया के बाद, नेमार ने जनवरी में अल-हिलाल से बचपन के क्लब सैंटोस में शामिल होने के बाद से अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म की झलक दिखाई है। ब्राजील के मैनेजर डोरिवल जूनियर ने रियल बेटिस के विंगर एंटनी, किशोर रियल मैड्रिड के फॉरवर्ड एंड्रिक और एटलेटिको मैड्रिड के सैमुअल लिनो को भी टीम में शामिल किया है, जबकि अनुभवी मिडफील्डर ऑस्कर और साओ पाउलो के साथी लुकास मौरा को भी टीम में शामिल किया है।



जैसा कि अपेक्षित था, 52 सदस्यीय सूची में रियल मैड्रिड के हमलावर विनीसियस जूनियर और रोड्रिगो, न्यूकैसल के प्रवर्तक ब्रूनो गुइमारेस और बार्सिलोना के विंगर राफिन्हा शामिल हैं। ब्राजील 20 मार्च को ब्रासीलिया में कोलंबिया से और पांच दिन बाद ब्यूनस आयर्स में अर्जेंटीना से भिड़ेगा।

पांच बार का विश्व चैंपियन ब्राजील वर्तमान में 10 टीमों के दक्षिण अमेरिकी समूह में 12 क्वालीफायर से 18 अंकों के साथ पांचवें स्थान पर हैं, जो लीडर अर्जेंटीना से सात अंक पीछे है।

## योगी से यूपी वॉरियर्स कप्तान दीप्ति और कैप्री स्पोर्ट्स निदेशक जिनिषा ने की मुलाकात

**लखनऊ। एजेंसी**

महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 में अपने घरेलू चरण से पहले, यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा और कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिषा शर्मा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में मुलाकात की और उन्हें यहां होने वाले टीम के मैचों के लिए आमंत्रित किया।



कैप्री स्पोर्ट्स की निदेशक जिनिषा शर्मा ने एक बयान में कहा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की शुभकामनाएं पाकर हमें बेहद खुशी हुई है। उन्होंने हमारी टीम को लखनऊ में अपने घरेलू चरण के खेलों में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया है। हमारे खेलों के लिए उनकी मेजबानी करना हमारे लिए एक विशेष क्षण होगा और हमें विश्वास है कि टीम उन्हें और उत्तर प्रदेश राज्य को गौरवान्वित करेगी।₹ यूपी वॉरियर्स की कप्तान दीप्ति शर्मा ने कहा मुख्यमंत्री से मिलना सम्मान की बात थी।

हम उनका समर्थन पाकर बेहद खुश हैं और टीम के लिए उनकी शुभकामनाओं के लिए आभारी हैं। यूपी वॉरियर्स डब्ल्यूपीएल के सीजन 3 में लखनऊ में अपने होम स्ट्रेच के लिए तैयार है। उत्तर प्रदेश की ही दीप्ति शर्मा की अगुआई में, कैपरी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली यूपी वॉरियर्स का लक्ष्य भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी एकाना क्रिकेट स्टेडियम में पहली बार खेलते हुए इतिहास रचना है।

---

**व्यापार**

## एनपीजी बैठक में प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का किया मूल्यांकन

**नई दिल्ली। एजेंसी**

प्रधानमंत्री गति शक्ति के तहत नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) की शनिवार को यहां आयोजित 88वीं बैठक में सड़क, रेलवे, सूचना प्रौद्योगिकी और मेट्रो क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं का मूल्यांकन किया गया। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के अनुसार उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के संयुक्त सचिव ई. श्रीनिवास की अध्यक्षता में आयोजित 88वीं बैठक में एनपीजी ने सड़क, रेलवे, सूचना प्रौद्योगिकी और मेट्रो परियोजनाओं का मूल्यांकन किया। बैठक में पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान (पीएमजीएस एनएमपी) के अनुरूप मल्टीमॉडल कनेक्टिविटी और लॉजिस्टिक्स दक्षता बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया गया।



मंत्रालय के मुताबिक नेटवर्क योजना समूह (एनपीजी) ने एकीकृत मल्टीमॉडल बुनियादी ढांचे, आर्थिक और सामाजिक नोड्स के लिए अंतिम छोर तक कनेक्टिविटी और इंटरमॉडल कोऑर्डिनेशन के पीएम गतिशक्ति के सिद्धांतों पर ग्यारह परियोजनाओं (7- सड़क, 2- रेलवे, 1- सूचना प्रौद्योगिकी और 1- मेट्रो) का मूल्यांकन किया है। इन पहलों से लॉजिस्टिक दक्षता को प्रोत्साहन मिलने, यात्रा के समय को कम करने और सभी क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सामाजिक-आर्थिक लाभ मिलने की उम्मीद है। इन परियोजनाओं का मूल्यांकन और अनुमानित प्रभाव नीचे विस्तार से दिए गए हैं:-

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय (एमओआरटीएच) के तहत किशनगंज-बहादुरगंज तक 4 लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-

किशनगंज-बहादुरगंज सड़क परियोजना से 4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग किशनगंज, बिहार में 23.649 किलोमीटर की संरेखित लंबाई के साथ एक ग्रीनफील्ड निर्माण है।

## कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर छह रुपये हुआ महंगा

**नई दिल्ली। एजेंसी**

होली से पहले महंगाई का झटका लगा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल गैस सिलेंडर की कीमत में 6 रुपये का इजाफा किया है। हालांकि, 14 किलोग्राम वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं किया गया है। नई दरें आज से लागू हो गई है।

इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक. नई दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर का दाम 6 रुपये बढ़कर 1803 रुपये हो गया है, जो पहले 1797 रुपये में मिल रहा था। कोलकाता में इसका भाव 6 रुपये बढ़कर 1913 रुपये हो गया है, जो पहले 1907 रुपये में बिक रहा था। मुंबई में इसकी कीमत 5.50 रुपये बढ़कर 1755.50 रुपये हो गई है, जो 1749 रुपये में मिल रहा था। इसके अलावा चेन्नई में यह सिलेंडर 1965 रुपये में बिक रहा है। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं विपणन कंपनियों ने 14 किलो वाले घरेलू रसोई गैस सिलेंडर के दाम में कोई बदलाव नहीं किया है। राजधानी दिल्ली में इसकी कीमत 803 रुपये प्रति सिलेंडर है। कोलकाता में इसका दाम 829 रुपये और मुंबई में 802.50 रुपये है। चेन्नई में इसकी कीमत 818.50 रुपये प्रति सिलेंडर है।



## लोक लेखा अधिकारी सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सरल बनाएं: सीतारमण

**नई दिल्ली। एजेंसी**

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को सिविल अकाउंट्स सर्विसेज के अधिकारियों से सरकार के वार्षिक खातों को अधिक सुलभ और उपयोगकर्ता के लिए सरल बनाने का आह्वान किया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण नई दिल्ली में 49वें नागरिक लेखा दिवस के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित कर रही थीं। इस अवसर पर उन्होंने लेखा महानियंत्रक (सीजीए) की अगुवाई में भारतीय लोक लेखा सेवा (आईसीएएस) के अधिकारियों की "मौन तकनीकी क्रांति" के लिए सराहना की, जिसके तहत राज्यों को संचालन में बहुत आसानी हो रही है और सरकारी कामकाज को आसानी से पूरा किया जा रहा है। सीतारमण ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की 1,200 योजनाओं में से 1,100 अब प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) के तहत हैं, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि पैसा सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजा जाए। उन्होंने अपने संबोधन में डीबीटी को बेहतर बनाने में सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। वित्त मंत्री ने कहा कि 1200 में से 1100 केंद्रीय और राज्य योजनाएं अब डीबीटी के तहत हैं, जिससे बिचौलिए खत्म हो गए हैं। उन्होंने पीएफएमएस की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसने बिचौलियों को खत्म करके और यह सुनिश्चित करके कि लाभ लक्षित लाभार्थियों तक पहुंचे, सरकार को सीधे वितरण में महत्वपूर्ण मदद की है। सीतारमण ने कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, जहां 140 करोड़ से ज्यादा लोग रहते हैं। यहां हर राज्य की अपनी चुनी हुई सरकार होती है लेकिन सभी वित्तीय व्यवस्थाएं एक साथ जुड़ी हुई हैं और कुशलता से काम कर रही हैं। उल्लेखनीय है कि देश में भारतीय सिविल लेखा सेवा (आईसीएएस) की स्थापना 1976 में सार्वजनिक वित्तीय प्रशासन में महत्वपूर्ण सुधार के तहत की गई थी।



## संक्षिप्त खबरें

### आगरा सड़क हादसे में चार की मौत

**आगरा।** जनपद के फतेहाबाद थाना इलाके में लखनऊ एक्सप्रेसवे पर शनिवार तड़के एक बस पीछे से ट्रक में घुस गई। हादसे में चार यात्रियों की मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए। ये बस बनारस से आगरा की ओर आ रही थी। घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर मृतकों की पहचान की। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में आगरा के किशोरपुरा निवासी दीपक वर्मा, जोधपुर के गोविंद, रमेश सिंह, मिजार्पुर निवासी बबलू शामिल है। जो लोग घायल हैं, उनका अस्पताल में बेहतर इलाज मुहैया कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद आगरा में हुए सड़क हादसे का संज्ञान लिया।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जालौन।** कदौरा थाना क्षेत्र के उदनपुर गांव में शनिवार को युवक ने पारिवारिक विवाद के बाद फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी। उदनपुर गांव में रहने वाला बर्रा उर्फ प्रताप नारायण (35) का पत्नी रजनी देवी से किसी बात को लेकर झगड़ा हुआ था। विवाद बढ़ने के बाद गुस्से में आकर उसने आत्महत्या कर ली। सुबह जब परिवार के लोगों ने उसे फांसी पर लटकता देखा तो कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस की जांच में पता चला है कि प्रताप नारायण अक्सर पत्नी से घरेलू बात को लेकर झगडा होता था।

### एसएमएस राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर भारत विकसित के लिए नवयुवकों को किया गया प्रेरितः भरत



**लखनऊ।** पूरा भारत राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मना रहा है, जो सर सी.वी. रमन को 1930 में रमन इफेक्ट पर नोबल अवार्ड प्राप्त होने के उपलक्ष में वर्ष 1986 से लागू किया गया ' यह बातें शुक्रवार को स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर महानिदेशक डा. भरत राज सिंह ने विकसित भारत के लिए विज्ञान व नवाचार पर आयोजित व्याख्यान में कही। स्कूल ऑफ मैनेजमेंट साइंसेस के सचिव व कार्यकारी अधिकारी शरद सिंह ने सभी शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों को बताया कि सर सी.वी. रमन के लगन व नये खोज से भारत का सम्मान बढ़ा, उसी दिशा में आप सभी संस्थान को उचाईयो पर पहुंचाने के लिए तत्पर रहें। सह-निदेशक डॉ. धर्मेन्द्र सिंह ने सभी को इस दिवस सर सी.वी. रमन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए बधाई दी तथा अधिष्ठाता डॉ. पी.के. सिंह व डॉ. हेमंत सिंह, अधिष्ठाता-इंजी.ने स्वागत व धन्यवाद प्रस्ताव क्रमशः पारित किया।

### जिले में साइबर ठगी बढ़ी

**फतेहाबाद।** जिले में साइबर ठगी के मामले लगातार बढ़ते जा रहे हैं। एक ही दिन में जिले में ठगी के चार नए मामले सामने आए हैं। चारों मामलों में सम्बंधित थानों में पुलिस द्वारा शनिवार को केस दर्ज किए हैं। पहले मामले में ठगों ने टोहाना के एक व्यक्ति को अपना निशाना बनाते हुए उसके बैंक खाते से हजारों रुपये निकाल लिए। पुलिस को दी शिकायत में गांव बोस्ती निवासी राजेश कुमार ने कहा है कि उसका सैंट्रल बैंक ऑफ इंडिया टोहाना में खाता है। गत दिवस अज्ञात व्यक्ति ने धोखाधड़ी करके उसके खाते से 16 हजार 548 रुपये निकाल लिए हैं।

### पिकअप अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत

**दमोह।** मध्य प्रदेश में रफ्तार का कहर थम नहीं ले रहा है। तेज रफ्तार वाहनों के अनियंत्रित होने के कारण सड़क हादसे हो रहे हैं। ताजा मामला दमोह जिले के रनेह थाना क्षेत्र का है। जहां शनिवार सुबह मजदूरों से भरा पिकअप वाहन पलट गया। इस हादसे में एक महिला की मौत हो गई, जबकि 24 मजदूर घायल हो गए। घायलों को तत्काल स्कूल की बस से जिला अस्पताल भेजा गया। मौके पर थाना प्रभारी चंदन सिंह भी पहुंच गए हैं। जानकारी के अनुसार हादसा रनेह पटेरा मार्ग पर शनिवार सुबह करीब 11.30 बजे सिंगरामपुरा के पास हुआ।

### सिरसा में चलती ट्रेन से गिरकर बच्ची की मौत

**सिरसा।** सिरसा जिला के कस्बे कालांवाली रेलवे स्टेशन के निकट चलती ट्रेन से गिरने से पांच वर्षीय बच्ची की दर्दनाक मौत हो गई है। रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर कालांवाली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रखवाया गया है। शनिवार को मृतक बच्ची सृष्टि के पिता ने बताया कि वे आदमपुर मंडी में स्थित एक कॉटन फैक्टरी में मजदूरी का काम करते हैं। परिवार एक माह के लिए अपने गांव माधेपुरा बिहार गया हुआ था। शनिवार सुबह वह परिवार सहित बठिंडा से मंडी आदमपुर को जाने वाली गंगानगर-दिल्ली ट्रेन पर सवार होकर मंडी आदमपुर जा रहा था।

### शराबी पति से तंग आकर महिला ने की आत्महत्या

**मीरजापुर।** कछवा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में शनिवार को एक महिला ने पति के दुर्व्यवहार से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पति सतीश शराब का लती है। वह अक्सर नशे में घर आने के बाद पत्नी से झगड़ा करता था। सतीश कुमार शुक्रवार की रात शराब के नशे में धुत घर पहुंचा और पत्नी सविता को मोबाइल पर किसी से बात करते देख गुस्सा गया।

# छह माह में मिशन मोड पर नशा तस्करों के खिलाफ होगी कड़ी कार्रवाई : सुक्खू

**शिमला। एजेंसी**



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने राज्य में नशे के बढ़ते खतरे को जड़ से खत्म करने के लिए पुलिस विभाग को आगामी छह माह में मिशन मोड पर व्यापक अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि नशा तस्करों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी और इस अवैध कारोबार में लिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा। शनिवार को यहां पुलिस और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने नशा तस्करी पर रोक लगाने के लिए ठोस कदम उठाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि यदि कोई सरकारी कर्मचारी भी नशे के कारोबार में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी और पुख्ता सबूत मिलने पर उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया जाएगा।

**पंचायत प्रतिनिधियों और नंबरदारों की भी ली जाएगी मदद**

मुख्यमंत्री ने कहा कि नशे के खतरे से निपटने के लिए पंचायत प्रतिनिधियों और नंबरदारों को भी अभियान में शामिल किया जाएगा। उन्होंने चेतावनी दी कि नशा तस्करी के मामलों में कार्रवाई से बचने वाले पुलिस अधिकारियों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी एनडीपीएस मामलों की गहन जांच की जाए और पूरे नेटवर्क को खत्म करने के लिए फॉरवर्ड और बैकवर्ड लिंकेज को मजबूती से खंगाला जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार एनडीपीएस मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए विशेष न्यायालय स्थापित करने पर विचार कर रही है। साथ ही, पैरोल के नियमों को सख्त बनाने के लिए भी ठोस कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा सरकार विधानसभा के आगामी बजट सत्र में हिमाचल प्रदेश एंटी ड्रग एक्ट पेश करेगी। इस नए कानून में नशे के शिकार लोगों और तस्करों के बीच स्पष्ट अंतर किया जाएगा, ताकि पीड़ितों को पुनर्वास की बेहतर सुविधा मिल सके। मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि सिरमौर जिले के कोटला बेहड़ में एक अत्याधुनिक पुनर्वास केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जहां नशा पीड़ितों को चिकित्सा और काउंसलिंग की सुविधाएं दी जाएंगी।

**पीआईटी-एनडीपीएस कानून का होगा पालन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने अधिकारियों को पीआईटी-एनडीपीएस (स्वापक औषधियों और मनः प्रभावी पदार्थों के अवैध व्यापार की रोकथाम) अधिनियम को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने इस कानून के तहत मामलों के निष्पादन में देरी पर नाराजगी जताते हुए अधिकारियों से एक सप्ताह के भीतर सभी लंबित मामलों की समीक्षा करने को कहा। उन्होंने दोहराया कि राज्य सरकार ने नशे के खिलाफ ह्यजीरो टॉलरेंसह्व की नीति अपनाई है। ऐसे में नशा तस्करों और उनके सहयोगियों की संपत्तियों को जब्त करने की प्रक्रिया तेज की जाएगी। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को संदिग्धों के बैंक खातों की जांच करने के भी निर्देश दिए ताकि अवैध लेन-देन का पता लगाया जा सके।

**एएनटीएफ को किया जाएगा मजबूत**

मुख्यमंत्री ने कहा कि एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को और सुदृढ़ किया जाएगा। इसके अलावा नशा तस्करी और नशाखोरी की समस्या से निपटने के लिए एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के नेतृत्व में विशेष टास्क फोर्स का गठन किया जाएगा। उन्होंने राज्य के युवाओं के भविष्य को सुरक्षित करने और नशाखोरी को खत्म करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह स्वयं इस अभियान की नियमित निगरानी करेंगे। मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को पंचायत स्तर तक नशा तस्करों और पीड़ितों की मैपिंग करने और 15 मार्च, 2025 तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।

### सोटो ने चलाया जागरूकता अभियान

शिमला। इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज (आईजीएमसी) में शनिवार को स्टेट ऑर्गन एंड टिशु ट्रांसप्लांट ऑगेर्नाइजेशन (सोटो) हिमाचल प्रदेश की ओर से अंगदान जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान आईसी कंसलटेंट रामेश्वरी और ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेटर नरेश कुमार ने कर्मचारियों को अंगदान व नेत्रदान का महत्व समझाया और पंपलेट बांटे। विशेषज्ञों ने बताया कि कोई भी व्यक्ति जीवित रहते या मृत्यु के बाद अंगदान कर सकता है। ब्रेन डेड व्यक्ति अपने आठ अंग दान कर कई लोगों की जान बचा सकता है, जबकि नेत्रदान से किसी की दुनिया रोशन हो सकती है। उन्होंने कहा कि सही जानकारी के अभाव में लोग अंगदान से हिचकिचाते हैं, इसलिए जागरूकता बेहद जरूरी है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति कानूनी प्रक्रिया के तहत स्वेच्छा से अपने करीबी रिश्तेदारों को अंगदान कर सकता है। सोटो हिमाचल की आधिकारिक वेबसाइट www.sot-tohimachal.in के माध्यम से कोई भी व्यक्ति घर बैठे अंगदान के लिए शपथ पत्र भर सकता है। क्यूआर कोड स्कैन कर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया पूरी की जा सकती है।

### जाली नोट गिरोह के दो सदस्य मुठभेड़ में गिरफ्तार

हरिद्वार। बहादराबाद थाना क्षेत्र में जाली नोट गिरोह के दो आरोपितों और पुलिस के बीच मुठभेड़ हो गई। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपित के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। दोनों आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने 500 के 2 लाख के नकली नोट भी बरामद किए गए हैं। एसएसपी प्रमेंद्र डोबाल व एसपी सिटी पंकज गैरोला ने मौके पर पहुंचकर आरोपियों से पूछताछ की। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि रुड़की से हरिद्वार की ओर दो संदिग्ध व्यक्ति जाली नोट लेकर आ रहे हैं। जिसके बाद हरिद्वार के बहादराबाद थानाध्यक्ष नरेश राठौर के नेतृत्व में शान्तरशाह चौकी प्रभारी खेमेन्द्र गंगवार व अन्य पुलिसकर्मियों की टीम ने बहादराबाद क्षेत्र में उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन दोनों कार से भागने लगे। पुलिस ने पीछा किया तो एक आरोपी ने फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपित जुल्फिकार के पैर में गोली लग गई। इसके बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों को पकड़ लिया।

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, वेंस और जेलेंस्की में जुबानी जंग

## नहीं हो सका यूक्रेन से खनिज समझौता

**वाशिंगटन। एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति के औपचारिक कार्यक्रम को लेकर कार्यकारी कार्यालय के लिए अधिकृत ओवल ऑफिस में पहली बार ऊंची आवाज सुनी गई। व्हाइट हाउस के पश्चिमी विंग में स्थित ओवल ऑफिस में शुक्रवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति व्लादिमीर जेलेंस्की के साथ हुई मुलाकात कड़वे अनुभव के साथ खत्म हो गई। यूक्रेन के साथ प्रमुख खनिज समझौते पर हस्ताक्षर भी नहीं हो सके। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और जेलेंस्की के पूर्व निर्धारित संवाददाता सम्मेलन को भी अचानक रद्द कर दिया गया। ओवल कार्यालय में हुई जुबानी जंग के बाद जेलेंस्की दूसरे कमरे में चले गए। इस बैठक में उप राष्ट्रपति जेडी वेंस भी मौजूद रहे। अमेरिका के 'सीबीएस न्यूज' चैनल के अनुसार, ओवल ऑफिस में तीनों के बीच हुई गरमा-गरमी के बाद जेलेंस्की अलग कमरे में चले गए। ट्रंप, वेंस व अधिकारी ओवल ऑफिस में रुके रहे। इस दौरान जेलेंस्की के कमरे में राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार माइक वाल्ट्ज और राज्य सचिव मार्को रुबियो पहुंचे। दोनों ने उन्हें ट्रंप की नाराजगी से अवगत कराते हुए व्हाइट हाउस से चले जाने को कहा। ओवल ऑफिस की इस बैठक ने अमेरिका और यूक्रेन के बीच गंभीर मतभेदों को उजागर किया। इस वजह से यूक्रेन और अमेरिका के बीच दुर्लभ खनिज समझौते पर हस्ताक्षर नहीं हो सके। न ही ट्रंप ने यूक्रेन पर रूस के साथ युद्ध को समाप्त करने के लिए सहमत होने का दबाव डाला। ट्रंप ने जेलेंस्की को धमकी दी कि वह युद्ध समाप्त करने की कोशिश से बाहर हो रहे हैं।

वेंस ने जेलेंस्की पर अपमान करने का आरोप लगाया। इस बैठक में जेलेंस्की और वेंस के बीच जमकर तकरार हुई। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन युद्धविराम समझौते के उल्लंघन के लिए जाने जाते हैं। वह ओबामा प्रशासन के दौरान भी ऐसा कर चुके हैं। यहां तक कि ट्रंप प्रशासन के दौरान भी पुतिन मिन्स्क युद्धविराम समझौते का उल्लंघन कर चुके हैं। कैदियों की अदला-बदली के समझौते पर भी पुतिन पीछे हट चुके हैं। इस पर वेंस ने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन को इस संघर्ष को समाप्त करने की कोशिश करने के लिए राष्ट्रपति ट्रंप का धन्यवाद करना चाहिए।

## बहुमत के लिए दल विभाजन विधेयक लाने की तैयारी में ओली सरकार

**काठमांडू। एजेंसी**



नेपाल की केपी शर्मा 'ओली' सरकार लाए गए छह अध्यादेशों को पारित करवाने की कवायद में जुट गयी है। सरकार संसद के ऊपरी सदन राष्ट्रीय सभा में आवश्यक बहुमत जुटाने के लिए दल विभाजन संबंधी विधेयक लाने की तैयारी में है। सरकार के इन अध्यादेशों का सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दल ने ही विरोध किया था।

इसके बाद से ही सरकार ने राष्ट्रीय सभा में आवश्यक बहुमत जुटाने पर ध्यान केंद्रित किया है। इसके लिए सरकार ने दल विभाजन संबंधी विधेयक लाने का फैसला किया है। शनिवार को सत्तारूढ़ गठबंधन के घटक दलों की हुई बैठक में दल विभाजन संबंधी विधेयक लाने को लेकर सहमति बनी है। इस बैठक में शामिल नेपाली कांग्रेस के नेता एवं गृहमंत्री रमेश लेखक ने कहा कि अध्यादेश को पारित करने के लिए दल विभाजन संबंधी विधेयक लाने पर सत्तारूढ़ दलों के बीच में सहमति बन गयी है। उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्तमान परिस्थिति में ही अध्यादेश को पारित करने के लिए बहुत प्रयास किया लेकिन कुछ दलों के अड़ियल रवैए के कारण यह संभव नहीं होने के बाद दल विभाजन संबंधी विधेयक का विकल्प चुना गया है। हालांकि उन्होंने यह नहीं बताया कि सरकार यह विधेयक किस दल के विभाजन लाने के लिए कर रही है। सरकार को राष्ट्रीय सभा में आवश्यक बहुमत के लिए तीन सांसद की आवश्यकता है।

## पूरब से पश्चिम, उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का काम करती है भारतीय संस्कृतिः ब्रजेश

**लखनऊ। एजेंसी**



श्री गुरु वशिष्ठ न्यास द्वारा आयोजित श्रीराम परिषद कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि महाकुंभ में हमने देखा 90 वर्ष की सास को बहु ले जा रही है। क्या बाहर किसी देश में ऐसा दृश्य दिखाई देगा। हमारी भारतीय संस्कृति है, पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण को जोड़ने का काम करती है। कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर प्रथम सत्र भारत निर्माण के 100 वर्ष विषय पर उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि अपनी स्मृतियों को ताजा करने के लिए हम एकत्रित हुए है। जब से हमने भारतीय संस्कृति को आकार देना शुरू किया, तभी से हमारी संस्कृति पर हमले शुरू हुए। हमारे गुरुजनों ने कहा कि अगली पीढ़ी को संस्कृति का ज्ञान दीजिए। हम दुनिया को परिवार मानते है, पीपल के पेड़ को बहने धागा बांधती है। भारत की प्राचीन संस्कृति ही दुनिया को आगे बढ़ा सकती है।

उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि आज रामचरित मानस को जन जन पढ़ता है। रामायण दूसरी भाषाओं में है।

तुलसीदास जी ने बताया है कि हमारे भाई, बहन, पिता से रिश्ते कैसे होगे। 2014 से देश में बड़े बदलाव हुए है। पहला परिवर्तन हुआ, हम गर्व से कहने लगे कि हम भारतीय हैं। भारतीय संस्कृति को जमीनी स्तर तक पहुंचाने का कार्य हुआ है। 500 वर्ष के संघर्ष के बाद अयोध्या में श्रीराम मंदिर बन कर तैयार हुए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में अस्पतालों में बच्चों ने जन्म लिया। बेटी का नाम गंगा रखा, बेटे का नाम कुंभ रखा गया। महाकुंभ में अस्पताल कर्मियों ने, स्वच्छता कर्मियों ने सभी मेहनत की है। 66 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं ने अपनी आत्मा को तृप्त किया है। कार्यक्रम की भूमिका रखते हुए वरिष्ठ पत्रकार हर्ष वर्धन त्रिपाठी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में भारत की चेतना में विशेष परिवर्तन हुआ है।

## भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ का 41वां वार्षिक सम्मेलन आयोजित

**कोलकाता। एजेंसी**



भारतीय रेलवे स्वास्थ्य सेवा संघ/दक्षिण पूर्व रेलवे का 41वां वार्षिक सम्मेलन, 6वां RAPICON और प्रथम RAALMCON, दक्षिण पूर्व रेलवे केंद्रीय अस्पताल, गार्डनरीच, कोलकाता में 27 फरवरी 2025 से 1 मार्च 2025 तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्घाटन 28 फरवरी 2025 को डॉ. मान सिंह, महानिदेशक, रेलवे स्वास्थ्य सेवा, रेलवे बोर्ड द्वारा किया गया। इस अवसर पर अनिल कुमार मिश्रा, महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, डॉ. अंजना मल्होत्रा, प्रधान मुख्य चिकित्सा निदेशक, दक्षिण पूर्व रेलवे, अन्य विशिष्ट अतिथि और भारतीय रेलवे के विभिन्न जोनों से आए प्रतिष्ठित डॉक्टर उपस्थित रहे। अपने संबोधन में, महानिदेशक डॉ. मान सिंह ने कहा कि इस तरह के सम्मेलन ज्ञानवर्धन के साथ-साथ युवा डॉक्टरों के कौशल को निखारने में सहायक होते हैं। उन्होंने लाइव ऑपरेटिव वर्कशॉप की सराहना की, जिसे बड़ी सफलता मिली। दक्षिण पूर्व रेलवे के महाप्रबंधक, अनिल कुमार मिश्रा ने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए संघ को बधाई दी और कहा कि यह कार्यक्रम डॉक्टरों के पेशेवर विकास में महत्वपूर्ण योगदान देगा। सम्मेलन में देशभर से आए प्रतिष्ठित वक्ताओं ने अपने बहुमूल्य विचार साझा किए। 27 फरवरी 2025 को लाइव ईएनटी सर्जरी वर्कशॉप आयोजित की गई। 28 फरवरी 2025 को ईएनटी संगोष्ठी में प्रख्यात ईएनटी एवं हेड-नेक सर्जनों ने अपने ज्ञान और अनुभव साझा किए। 1 मार्च 2025 को पैथोलॉजी संगोष्ठी आयोजित की गई, जिसमें देशभर से आए प्रसिद्ध पैथोलॉजिस्टों ने व्याख्यान दिए। उद्घाटन समारोह के दौरान 'PENTACON MEMOIRS' नामक स्मारिका भी गणमान्य व्यक्तियों द्वारा जारी की गई। इस कार्यक्रम में विभिन्न जोनल रेलवे के प्रतिनिधियों के साथ-साथ पश्चिम बंगाल ईएनटी और पैथोलॉजी संघों के सदस्यों ने भी भाग लिया।

**कार्यक्रम** ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' कार्यक्रम का आयोजन

# विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए परिषद ने योगदान दिया : विक्रमादित्य

**शिमला। एजेंसी**



- जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नगर पंचायत सुन्नी को नगर पालिका बनाने का निर्णय लिया जाएगा
- शीघ्र ही मिनी सचिवालय का निर्माण किया जाएगा

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने शनिवार को शिमला ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के सुन्नी में नगर परिषद द्वारा आयोजित 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। इस मौके पर उन्होंने बताया कि हिमाचल प्रदेश में 'स्वच्छ शहर, समृद्ध शहर' अभियान का शुभारंभ 10 फरवरी को मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शिमला से किया गया था। यह अभियान 10 फरवरी से 9 मार्च 2025 तक पूरे प्रदेश में चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के तहत प्रदेशभर में स्वच्छता अभियान चलाया गया है, जिसमें विभिन्न विभागों के सहयोग से स्कूलों और महाविद्यालयों के छात्रों, पंचायत प्रतिनिधियों, सामाजिक संस्थाओं और धार्मिक संगठनों के वॉलंटियर्स को जोड़ा गया है।

विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि सुन्नी नगर परिषद क्षेत्र को स्वच्छ और विकास के रास्ते पर आगे बढ़ाने के लिए परिषद ने अपना योगदान दिया। उन्होंने कहा कि वाराणसी घाट की तर्ज पर सुन्नी में भी सतलुज नदी के किनारे एक बड़ा घाट बनाए जाने की योजना है, जहां हर साल सतलुज आरती का आयोजन होगा और लोग अपने धार्मिक कार्य भी संपन्न कर सकेंगे।

उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में नगर पंचायत सुन्नी को नगर पालिका का दर्जा देने के लिए अधिसूचना जारी की गई थी, जिसमें सुन्नी शहर के साथ आसपास के कुछ क्षेत्रों को भी शामिल किया गया था। लोगों की आपत्तियों को ध्यान में रखते हुए शीघ्र ही इस अधिसूचना को रद्द कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस वर्ष होने वाली जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही नगर पंचायत सुन्नी को नगर पालिका बनाने का निर्णय लिया जाएगा।

विक्रमादित्य सिंह ने यह भी कहा कि सरकार के निर्णयानुसार अगले दस दिनों के भीतर सुन्नी में स्थायी रूप से उपमंडलाधिकारी कार्यालय स्थापित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा, शीघ्र ही सुन्नी में मिनी सचिवालय का निर्माण किया जाएगा, जिसके लिए आगामी बजट सत्र में बजट का प्रावधान किया जाएगा ताकि सरकारी कार्यालयों को एक छत के नीचे लाकर लोगों को एक ही जगह पर सभी सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि सुन्नी अस्पताल को 100 बेड का अस्पताल बनाए जाने की योजना है और इसके लिए डॉक्टरों एवं पैरामेडिकल स्टाफ के पदों को प्राथमिकता पर भरने के लिए स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा की जाएगी। इसके अलावा, सुन्नी में वाहन पार्किंग की समस्या को हल करने के लिए एक बड़ी वाहन पार्किंग का निर्माण शीघ्र किया जाएगा।

## समाज का परिवर्तन ही देश-राष्ट्र के परिवर्तन का आधार : नरेंद्र कुमार

**लखनऊ। एजेंसी**



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेंद्र कुमार ठाकुर ने कहा कि भारत एक हिन्दू राष्ट्र है। हिन्दू एक विचार है, एक पद्धति है। व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रक्रिया संघ ने आरंभ की और इसके लिए शाखा शुरू हुई। व्यक्ति निर्माण का कार्य दैनिक शाखा के माध्यम से आज करते हैं। नरेंद्र कुमार ठाकुर शनिवार को श्रीगुरु वशिष्ठ न्यास के तत्वावधान में आयोजित श्रीराम परिषद कार्यक्रम के दूसरे सत्र को संबोधित कर रहे थे। नरेंद्र कुमार ने 'भारत यात्रा के सौ वर्ष' विषय पर कहा कि संघ में गीत गाते हैं, देश हमें देता है सबकुछ हम भी तो कुछ देना सीखें, इस भाव से हम सभी स्वयंसेवक कार्य कर रहे हैं। अब अच्छे नागरिक हमने तैयार किए तो उनसे अपेक्षा है, वह समाज में अच्छे कार्य करें। समाज की समस्या का निदान करना स्वयंसेवक का कार्य है। संघ शताब्दी को ध्यान में रखकर हम कार्य कर रहे हैं तो समाज में परिवर्तन के लिए भी कार्य कर रहे हैं। समाज का परिवर्तन होगा।

